हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 21.10.2024 | वर्ष 11, अंक 286 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

यह मत मानिए की जित ही सब कुछ है, महत्वपूर्ण यह है की आप किस उद्देश्य के लिए जितना चाहते है!

## क्विक न्यूज

### 6 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी** : स्पेशल टास्क फोर्स टीम ने रविवार तड़के भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। मादक पदार्थ के साथ दो आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक ट्रक चला रहा था। असम पुलिस मुख्यालय से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार एसटीएफ को कांगपोकपी (मणिपुर) से निचले असम जिले में एक ट्रक के जरिए मादक पदार्थ ले जाए जाने की खुफिया जानकारी मिली थी। मादक पदार्थ को गुवाहाटी के लताशिल निवासी मुर्तजा अहमद उर्फ भुलू (31) को देने के लिए भेजा गया था, जो इसे बाइहाटा और रंगिया आदि क्षेत्रों में पहुंचाने वाला था।

### गाजा पट्टी में इजरायल ने मचाई तबाही, हवाई हमलों में 87 लोगों की मौत

**गाजा पट्टी:** उत्तरी गाजा पट्टी पर इजरायल कहर बरपा रहा है। शनिवार की रात और रविवार को इजरायल ने कई घरों पर हमला किया। इन हमलों में करीब 87 लोगों की जान गई है। वहीं कई लोग अभी लापता हैं। बेत लाहिया शहर में इजरायली हमलों में 40 लोगों के घायल होने की खबर है। शनिवार देर रात से उत्तरी गाजा में इंटरनेट सेवा भी ठप है। रविवार दोपहर तक यह बहाल नहीं हो पाई है।

### बीजेपी ने महाराष्ट्र चुनाव के लिए जारी की 99 उम्मीदवारों का लिस्ट

**मुंबई :** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। इसी क्रम में आज बीजेपी ने भी अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में बीजेपी ने 99 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। बीजेपी ने अशोह चव्हाण की बेटी जया अशोक चव्हाण को भोकर विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। वहीं मुंबई के मौजूदा ज्यादातर विधायकों को बीजेपी ने फिर से टिकट दिया है।

### कोयला मंत्रालय सोमवार को स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली :** कोयला मंत्रालय सोमवार को स्कोप कन्वेंशन सेंटर लोधी रोड, नई दिल्ली में स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह तथा खनन डेवलपर्स सह ऑपरेटरों पर हितधारक परामर्श आयोजित कर रहा है। इसमें भारत की कोयला निर्देशिका का विमोचन भी किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार इन आयोजनों का उद्देश्य कोयला और लिग्नाइट खदानों के असाधारण प्रदर्शन को मान्यता देना, प्रमुख हितधारकों के साथ जुड़ाव को बढ़ावा देना और कोयला क्षेत्र में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करना है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे मुख्य अतिथि होंगे।

### इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भारत समेत 40 देशों के नेताओं ने की शिरकत

**गुवाहाटी :** इंडोनेशिया के पूर्व रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो ने देश के 8वें राष्ट्रपति के रूप में रविवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। 73 वर्षीय सुबियांतो ने देश के सांसदों और अन्य देशों से आमंत्रित किए गए गण्यमान्य के समक्ष 'कुरान' पर हाथ रखकर राष्ट्रपति पद की शपथ ली।इंडोनेशिया की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में भारत, अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, चीन और ऑस्ट्रेलिया समेत 40 से अधिक देशों के नेता शामिल हुए।

### प्रधानमंत्री मोदी ने बागडोगरा हवाई अड्डे के नए टर्मिनल की रखी आधारशिला

**सिलीगुड़ी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बागडोगरा हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का शिलान्यास किया। उन्होंने वाराणसी से वर्चुअली इसकी आधारशिला रखी। इस मौके पर सिलीगुड़ी के कावाखाली के मैदान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहां केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर, दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट, जलपाईगुड़ी के सांसद जयंत राय, सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देव, विधायक शंकर घोष, आनंदमय बर्मन, शिखा चटर्जी, दुर्गा मुर्मू, नीरज जिंबा समेत कई लोग मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से चिकन नेक बहुत महत्वपूर्ण है। यहां से चीन की सीमा 150 किलोमीटर दूर है। बांग्लादेश, भूटान और नेपाल पास में हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

### राजद सांसद मनोज झा ने प्रेस कांफ्रेंस कर निकाली भड़ास, कहा

# राजद का 22 सीटों पर मजबूत पकड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजद सांसद मनोज झा ने इंडी गठबंधन को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि राजद कम से कम 12 सीटों पर चुनाव लड़ने में सक्षम है। इनती सीटें हमें मिलनी चाहिये। इंडी गठबंधन यदि इस पर राजी नहीं होता है तो राजद झारखंड के विधानसभा चुनाव में अकेले ही चुनाव लड़ेगी। मनोज झा प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा के खिलाफ सबसे बड़े प्रतीक में से राजद है, जिस पार्टी का राज्य की 22 विधानसभा सीटों पर पकड़ है, उसे तीन-चार सीटों पर लड़ने को कहना उसका गला काटने जैसा है। राजद नेता ने कहा कि सात सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर हम सहमत नहीं हैं।

कार्यकर्ताओं में नाराजगी है और हम 22 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। मनोज झा ने निराशा जाहिर करते कहा कि शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य लोगों संग हुई वार्ता से पार्टी कष्ट में है। हालांकि, अभी बात खत्म नहीं हुई है। राजद हर एक सीट और संभावनाओं को देख रहा है। हम कोई विध्वंस नहीं करेंगे। हम हर उस विकल्प का हिस्सा बनेंगे, जिससे भाजपा को पराजित किया जा सके। अब सोमवार की सुबह 11 बजे तक राजद के संबंध में कई और बातें क्लियर हो जाएंगी कि वह चुनाव लड़ने को क्या फैसला लेगा। मनोज झा ने कहा कि 2019 में चुनाव हो रहा था तब राष्ट्रीय अध्यक्ष रांची में थे। उस समय भाजपा को हटाने के उद्देश्य से सात सीट पर ही हामी भरी। इस बार के चुनाव में भी इसी तरह से दबाव बनाया जा रहा है। एकतरफा फैसला लिया जा रहा है। राजद के नेताओं ने कभी भी झुकना स्वीकार नहीं किया है। वे जेल जाना मुनासिब समझते हैं लेकिन भाजपा के वाशिंग मशीन में धुलना स्वीकार नहीं किया। राजद शुरू से भाजपा के खिलाफ लड़ता रहा है।इस दौरान मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी मौजूद थे।

**एकतरफा फैसला लिया जा रहा है। राजद के नेताओं ने कभी भी झुकना स्वीकार नहीं किया है मनोज झा**

### झारखंड पार्टी ने पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की

झारखंड पार्टी ने रविवार को पांच उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। तमाड़ से पूर्व विधायक रमेश सिंह मुंडा के पुत्र राजकुमार मुंडा को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, राजकुमार मुंडा के भाई विकास मुंडा के झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ने की संभावना है। चार दिन पहले भी पार्टी ने पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। इसमें मनोहरपुर से महेंद्र जमुदा, सिमडेगा से आयरिन एकका, चाईबासा से कोलंबस हांसदा, कांके से अनिल कुमार पासवान और कोलेबिरा से संदेश एक्का का उम्मीदवार बनाया गया है। अब तक पार्टी ने 10 उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं। झारखंड पार्टी ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

### राजस्थान: तेज रफ्तार बस ने टेम्पो में मारी टक्कर, 8 बच्चों सहित 12 की मौत

**धौलपुर** : धौलपुर जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 बी पर शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार बस ने टेम्पो में टक्कर मार दी जिससे 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में टेम्पो चालक घायल है, उसे धौलपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी, गुमट के रहने वाले करीब 15 लोग सरमथुरा इलाके के बरौली में शादी समारोह में गए थे। इनमें ज्यादातर बच्चे शामिल थे। देर रात सभी टेम्पो में सवार होकर बाड़ी लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 बी पर सुन्नीपुर गांव के पास धौलपुर से जयपुर जा रही तेज रफ्तार बस ने टेम्पो को टक्कर मार दी। पुलिस ने टेम्पो सवार घायलों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में बस भी क्षतिग्रस्त हुई है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। बाड़ी कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि गुमट निवासी इरफान ऊर्फ बंटी (38) का टेम्पो था जो बहन के घर भात भरने के बाद परिवार समेत अपने घर लौट रहा था। सुन्नीपुर के पास बस ने टेम्पो को टक्कर मार दी। हादसे में तीन महिला और आठ बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त इरफान उर्फ बंटी (38), उसकी पत्नी जूली (34), बेटी आसमा (14), बेटा सलमान (8), साकिर (6), इरफान का भतीजा बेटा सानिफ (9), अजान (5), जरीना (35), उनकी बेटियां आसियाना (10), सूफी (7), परवीन (32), बेटा दानिश (10) के रूप में हुई है। वहीं साजिद (10) को घायल हालत में धौलपुर से जयपुर रेफर किया गया है।

### रोटी, बेटी व माटी की सुरक्षा के लिए एनडीए की जीत जरूरी : शिवराज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार घोषित होने के बाद विधानसभा चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी प्रत्याशियों से चर्चा की। इस दौरान शिवराज सिंह ने सभी प्रत्याशियों से आगामी विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत की रणनीति पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अटल जी के नेतृत्व में राज्य बनाया तो इसे बचाने और सवारने की जिम्मेवारी भी हमारी है। कहा कि रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा हमारा नारा नही संकल्प है। उन्होंने स्थानीय मुद्दों, रोजगार, महिला अपराध जैसे गंभीर विषयों पर फोकस कर विरोधियों को घेरने और प्रदेश में गठबंधन की सरकार के घोटालों, भ्रष्टाचार और नाकामियों को जनता के बीच पहुंचकर उजागर करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की।

सह प्रभारी हिमांता विश्वा शर्मा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में जनता एनडीए गठबंधन की सरकार प्रदेश में बनाने को तैयार बैठी है। प्रत्याशी स्थानीय मुद्दों के साथ साथ प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं।

प्रत्येक कार्यकर्ता का परिश्रम हमारे लिए उपयोगी है। हम सभी को साथ लेकर चलें और एक बड़े लक्ष्य को साकार करें। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी के उम्मीदों को सभी प्रत्याशी जनता की उम्मीद बनाएं। आज जनता पार्टी से आगे है। भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है।

कहा कि हम सब जनता के दरवाजे तक जाएं।जनता का आशीर्वाद प्राप्त करें। कहा कि जनता मोदी के नेतृत्व पर भरोसा करती है। मोदी की गारंटी पर जनता को विश्वास है।

**सह प्रभारी हिमांता विश्वा शर्मा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में जनता एनडीए गठबंधन की सरकार प्रदेश में बनाने को तैयार बैठी है। प्रत्याशी स्थानीय मुद्दों के साथ साथ प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं। प्रत्येक कार्यकर्ता का परिश्रम हमारे लिए उपयोगी है।**

# रोहिणी ब्लास्ट के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट



एजेंसी

**नई दिल्ली** :दिवाली से पहले देश की राजधानी दिल्ली में हुए ब्लास्ट से पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां ऐक्टिव हो गई है. रोहिणी जिले के प्रशांत विहार इलाके में स्थित सीआरपीएफ स्कूल के पास रविवार को धमाका हुआ. इसके बाद बम निरोधक दस्ता और पुलिस की एक फोरेंसिक टीम विस्फोट होने के कारण का पता लगाने के लिए मौके पर पहुंची. पुलिस ने बताया कि इस धमाके में स्कूल की दीवार, पास की दुकानें और एक कार को नुकसान पहुंचा है.स्पेशल सेल और रोहिणी जिला पुलिस की ओर से इस मामले की जांच की जा रही है. मंगलवार को रिपोर्ट आने के बाद आतंकी साजिश या किसी बड़ी वारदात के मद्देनजर यह केस एनआईए को ट्रांसफर किया जाएगा.किसी भी बड़े अपराधिक वारदात,आतंकी घटना या संदिग्ध बम विस्फोटक से संबंधित इनपुट्स की जानकारी मिलने के बाद शुरुआती तफ्तीश के लिए एनआईए का पहुंचना एक सॉप यानी प्रोटोकॉल का हिस्सा होता है. दिल्ली पुलिस ने एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है. आधिकारिक तौर पर जल्द मामला स्पेशल सेल को ट्रांसफर किया जाएगा. फिलहाल मौके पर स्पेशल सेल, एनआईए, सीआरपीएफ, एफएसएल और एनएसजी ब्लास्ट की जांच कर रही है. पूरे इलाके को कोर्डन ऑफ करके पूरे इलाके की मैपिंग की जा रही है. तमाम दुकानों के सीसीटीवी सर्च किए जा रहे है ताकि बम प्लांट करने वाले को पहचाना जा सके.

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हो रहा अनोखा पहल

# मलय डैम में लहराया स्वीप का झंडा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** आगामी विधानसभा चुनाव में जिले के सभी मतदाता अपने बूथ पर जाकर मतदान करें,इसके लिये स्वीप के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इसी कड़ी में पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के नेतृत्व में अनोखी पहल करते हुए सतबरवा के मलय डैम में विन्हिन्न प्रकार की जल क्रीड़ा का आयोजन किया गया।इस दौरान डीईओ ने डैम के बीच से स्वीप का झण्डा को बुलंद किया। वहीं गुब्बारे उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान उपायुक्त, नगर आयुक्त जावेद हुसैन,छत्तरपुर एसडीओ आशीष गंगवार,सदर एसडीएम ने कयाकिंग का भी लुत्फ उठाया। इसके पूर्व सभी अधिकारियों ने मलय डैम परिसर में पौधरोपण भी किया। सतबरवा के मलय डैम परिसर में फ्यूचर के मतदाता,पहली बार के मतदाताओं द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षित करने वाले रंगोली बनाया गया था। यह सभी रंगोली में मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश लिखे गये थे। इसी तरह सभी फ्यूचर मतदाताओं ने चार्ट पेपर में पैंटिंग बनाकर लोगों से 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की।वहीं कई छात्राओं ने अपने हाथों में मेहंदी लगाकर भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।इस अवसर पर सभी लोगों ने योगा भी किया।इस कार्य में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के बीच स्वीप की ओर से कॉफी मग का वितरण किया गया।इस दौरान पूरे परिसर में मौजूद सभी लोगों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई।इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आज के इस गतिविधि में जैसे आप सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ठीक वैसे ही आप सभी अपने दोस्तों व स्वजनों को 13 नवंबर को मतदान में भी हिस्सा लेने को लेकर जागरूक करें।उन्होंने कहा कि याद रखें 13 नवंबर आपको अपनी सरकार चुनने का दिन है इससे कतई न चुकें। इस अवसर पर मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा 13 नवंबर अवकाश का दिन नहीं,मतदान करने का है थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक किया जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।पूरे परिसर में आये लोगों के बीच मतदाता जागरूकता का संदेश लिखे 300 से अधिक टीशर्ट का वितरण किया गया।परिसर में आये लोगों के लिये कॉफी,समोसे व खाने में खिचड़ी की भी व्यवस्था की गई थी।

### बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवाती तूफान, बारिश का अलर्ट



एजेंसी

**भुवनेश्वर :** भारतीय मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया है. इसको देखते हुए मौसम विभाग ने मछुआरों के लिए एडवाइजरी जारी की है और चक्रवाती तूफान के कारण 25 अक्टूबर तक ओडिशा तट के समुद्र में न जाने की सलाह दी है. चक्रवात के कारण आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे तटीय राज्यों में भारी बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि 23 अक्टूबर को ओडिशा तट के पास बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान की संभावना है. क्योंकि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन सकता है. आईएमडी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,19 अक्टूबर को मध्य अंडमान सागर पर बना ऊपरी हवा का चक्रवाती क्षेत्र 20 अक्टूबर 2024 को सुबह उत्तरी अंडमान सागर पर था. इसके असर से अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वी-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी अंडमान सागर पर निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है.आईएमडी ने बताया कि निम्न दबाव क्षेत्र के पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने और 22 अक्टूबर की सुबह तक दबाव में तब्दील होने और फिर 23 अक्टूबर तक बंगाल की खाड़ी के पूर्वी-मध्य में चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है.बयान में कहा गया है कि 24 अक्टूबर की सुबह तक चक्रवाती तूफान ओडिशा-पश्चिम बंगाल तटों से दूर बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ जाएगा.

# गढ़वा में 450 पेटी शराब जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा में उत्तर प्रदेश नम्बर की ट्रक में लोड शराब पुलिस को देख भागने के क्रम में पलट गया। ट्रक पर करीब 40 लाख का 700 पेटी शराब लोड था। इसमें से 250 पेटी नष्ट हो गया। रविवार को घटना की जानकारी देते हुए गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे ने बताया कि सुबह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आगामी विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए उत्तर प्रदेश की तरफ से अवैध विदेशी शराब की एक बड़ी खेप आने वाली है। प्राप्त सूचना पर गढ़वा एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल लातदाग पेट्रोल पंप के पास नाका लगाकर वाहनों की चेकिंग करने लगी। इसी क्रम में एक ट्रक (यूपी 22 एटी 9180) को रुकने का इशारा किया। लेकिन पुलिस को देखते ही ट्रक चालक गाड़ी को और तेजी से भगाने लगा। पुलिस एवं उत्पाद विभाग की टीम घटनास्थल पर जबतक पहुंची तबतक ट्रक चालक फरार हो गया। ट्रक पलटने के कारण 250 पेटी विदेशी शराब नष्ट हो गया जबकि 450 पेटी शराब को जब्त किया गया।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## मुख्यमंत्री हेमंत का गढ़वा आगमन आज

### नगर व गढ़वा प्रत्याशियों के नामांकन में होंगे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को गढ़वा पहुंचेंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में होने वाले नामांकन प्रक्रिया में वे गढ़वा एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी की नामांकन प्रक्रिया में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री का मिनट टू मिनट कार्यक्रम निर्धारित हो गया है। गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के नामांकन कार्य में मुख्यमंत्री भाग लेंगे। साथ ही नामांकन सभा को भी संबोधित करेंगे। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 21 अक्टूबर को 12:30 बजे गोसाईबाग मैदान स्थित हेलीपैड श्री बंशीधर नगर पहुंचेंगे। वहां आयोजित नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात पश्चात 1:30 बजे गोसाईबाग मैदान स्थित हेलीपैड से गढ़वा के लिए प्रस्थान करेंगे। 1ः50 बजे बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क कल्याणपुर गढ़वा में आगमन होगा। यहां से 2ः00 बजे गढ़वा अनुमंडल कार्यालय में पहुंचकर मंत्री श्री ठाकुर के नामांकन प्रक्रिया में शामिल होंगे। तत्पश्चात 2ः30 बजे अनुमंडल कार्यालय से निकलकर 2ः35 बजे गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। यहां आयोजित नामांकन सभा को मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। उसके बाद 4:00 बजे रांची के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि उनके नामांकन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित महागठबंधन के कई नेता शामिल होंगे। नामांकन कार्यक्रम में महागठबंधन के कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित आमजनों का महाजुटान होगा। विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा, रंका, मेराल, चिनियां, रमकंडा व डंडा सभी प्रखंडों के प्रत्येक गांव से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता शामिल होंगे। सभी लोग रामासाहू उच्च विद्यालय के स्टेडियम में एकत्रित होंगे। वहां से मंझिआव मोड़, मेन रोड, रंका मोड़ होते हुए रैली टाउन हॉल के मैदान में पहुंचेगी।

## अंचलाधिकारी ने बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** विस चुनाव को लेकर अंचल सभागार में हुसैनाबाद के अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। वहीं स्थानांतरित व मृत मतदाताओं की पहचान कर सूची अद्यतन करने, 85 वर्ष के अधिक मतदाताओं व गंभीर रूप से दिव्यांग, चलने फिरने में असमर्थ मतदाताओं के लिए सभी बीएलओ को प्रपत्र एवं पंजी उपलब्ध कराया। मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से लोगों के बीच चुनाव संबंधी प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। सीओ ने कहा कि हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहें। मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर अखिलेश शर्मा, अरुण कुमार सुमन, संध्या देवी, नारायण सिंह, शशांक शेखर, पवन हंस समेत कई बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक मौजूद थे।

## डीलर की लापरवाही के कारण चार माह से नहीं मिला राशन



**नौडीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के अंतर्गत पी डी एस डीलर दुकानदार के प्रति राशन घोटाला करने का मामला सामने आया है।ग्रामीणों ने बताया कि किसी का तीन माह का पर्ची काटा हुआ है तो किसी का चार माह के लेकिन हम सब जब भी राशन लेने आते है तो जिस महिना का पर्ची निकलते है लेकिन उस माह का भी राशन नहीं दे पाते है। ग्रामीण सब यह भी बताया कि जब भी कभी पिछले बकाया राशन लेने की बात कहते है तो डीलर संजय प्रसाद ने साफ इनकार कर देते है और घर वापस लौटना पर जाता है ग्रामीण महिला रेशमी देवी ने बताई की हर माह का पर्ची निकालते है लेकिन राशन नहीं देते है,उन्होंने यह भी बताया कि दो माह अगस्त और सितम्बर पर्ची निकाल के रखे है लेकिन अभी तक राशन नहीं दिए है और इस माह अक्टूबर का अभी तक पर्ची भी नहीं काटे गए है,और राशन लेने जब भी जाये है तो टाल मखौल करते हैं और नहीं देते है।वहीं ग्रामीण महिला रीता देवी ने बताई कि मेरा चार माह से पर्ची काटा हुआ था,लेकिन दो माह पहले से जून और जुलाई का बेईमानी के दावा करते हुए पर्ची फार फेक दिए और राशन नहीं दिए बाकी बचे तीन माह अगस्त,सितम्बर, अक्टूबर का राशन इन्होंने फिर भी अभी तक पर्ची काट कर नहीं दिए है। कुल पांच महीने का राशन नहीं दिया इन्होंने ,रीता देवी ने यह भी बताई की हम गरीब परिवार से आते है लेकिन कुल बाल बच्चे मिलाकर सात परिवार होते है,जिसमे सिर्फ मेरा ही नाम से राशन मिलता है,फिर भी समय से राशन लेने आते है तो नहीं देते है।और संज्ञान के तौर पर बताई की बाकी बच्चे छः परिवारों को नाम राशन कार्ड पर जोड़ने के लिए डीलर संजय प्रसाद ने एक वर्ष पहले ही दो हजार ले चुके है और हमने दे भी दिया है, लेकिन अभी तक मेरा छः परिवारों में से एक भी परिवार का नाम नहीं जोड़े हैं ।रीता देवी ने यह भी बताया कि हम जंगल से बांस लाकर सूप,दौरी बेना झाड़ू बिन कर और उसे बेचकर पैसा जमा कर डीलर के नाम जुड़वाने के लिए राशी दिए लेकिन मेरा परिवारों का नाम अभी तक राशन कार्ड में नहीं जुड़ा।वही सभी ग्रामीणों ने आक्रोष के साथ बताया कि हर एक राशन कार्डधारी से राशन कार्ड पर नाम जुड़वाने के लिए दो-दो हजार रुपए की उगाही करते है लेकिन समय से नहीं जोड़ते है और नहीं राशन देते है ग्रामीण लालजी राम , उर्मिला देवी ने बताया कि हमलोगों का भी चार माह पहले का राशन नहीं मिला है,और जब भी राशन न देने के प्रति हम सभी ग्रामीण आवाज उठाते है और किसी वरीय अधिकारी के लिखित आवेदन देने के बात कहते है तो कड़ी धमकी के साथ डीलर संजय प्रसाद ने राशन कार्ड से नाम हटाने तथा राशन कार्ड फार फेकने की बात कहते है।और अपने हुकूमत अनुसार अपने मन मर्जी से राशन देते है।

## भाकपा माले के चुनाव संचालन समिति की बैठक कामेश्वर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भाकपा माले के चुनाव संचालन समिति की बैठक रविवार को स्थानीय अनिकेत पैलेस में कामेश्वर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में सर्वसम्मति से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया. नेताओं ने कहा कि भाकपा माले विगत 30 वर्षों से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में जन आंदोलन संचालित करती रही है.इसलिये भाकपा माले का प्रबल दावेदारी बनती है. देश, सविंधान और लोकतंत्र बचाने के लिये पार्टी महागठबंधन को मजबूती प्रदान करने के लिये प्रतिवद्ध है. बैठक में जिला सचिव कालीचरण मेहता, एपवा नेत्री सुषमा मेहता, जिला कमिटी सदस्य अख्तर अंसारी, महेंद्र सिंह, कृष्णा यादव, संतोष चौधरी, नंदू चंद्रवंशी, इबरार अंसारी, लालमुनी पासवान, सुरेश सिंह,लकपतिया देवी, सुनीता देवी, सबिता देवी, कृष्णा जी, गिरधारी सिंह, अर्जुन विश्वकर्मा, बिहारी विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे. बैठक का संचालन रामचन्द्र उरांव ने किया।

## भाजपा प्रत्यासी घोषित होने पर चंद्रवंशी का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** भाजपा प्रत्यासी घोषित होने के बाद रविवार को विश्रामपुर पहुंचे पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया.रेहला बी मोड़ चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री चंद्रवंशी को फूल मालाओं से स्वागत किए. बिश्रामपुर बस स्टैंड के पास समर्थकों ने उनका अभिनंदन किया. इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने बम पटाखे फोड़ते हुए आतिशबाजी की.एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया. श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनता के समर्थन से बिश्रामपुर में एक बार फिर कमल खिलाएंगे.इस बार जीत का अंतर बडी होगी.उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बननी तय है. मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, संसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, पूर्व नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह, डॉ बीपी शुक्ला, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, मनीष कुमार, सत्यनारायण सोनी, पांडू मंडल अध्यक्ष मनोरंजन गुप्ता, अवधेश सिंह, जनक शर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, इदरीश हवारी, आलोक सिंह, विकाश चौबे मिंटू, नरसिंह चौबे, शिवबंश मिश्रा, संतोष केशरी, विजय कुमार रवि, सुनील कुमार चौधरी, दामोदर यादव, गोपाल सोनी, धर्मेंद्र केशरी, मनोज शुक्ला, पार्षद दिनेश शुक्ला, राहुल चौबे, शुशील शुक्ला,धीरन तिवारी, रजनीश चंद्रवंशी, उखमजी यादव, संजय ठाकुर, किरण शर्मा, बसंत चौबे, सुरेश पांडेय सहित काफी संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पूजा समिति अध्यक्ष पद का चुनाव 24 अक्टूबर को



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जरासंध जयंती समारोह सह चंद्रवंशी मिलन समारोह पर विचार विमर्श किया गया।जिसकी अध्यक्षता गणेश चंद्रवंशी ने की। विचार विमर्श कार्यक्रम में गण्यमान लोग शामिल हुए एवं पूजा समिति अध्यक्ष का चुनाव 24 अक्टूबर को आईएमए हॉल अस्पताल चौक में संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। मौके पर उपस्थित गणेश चंद्रवंशी ने कहा कि बेहतर समाज व देश के निर्माण में युवा वर्ग की अहम भूमिका रहती है। समाज की उन्नति में भी युवा वर्ग को आगे आने की जरूरत है, तभी हम बेहतर समाज का निर्माण कर सकते है। उन्होंने 24 अक्टूबर को सभी चंद्रवंशी समाज के लोगो को आईएमए हॉल में एकजुट होने का आग्रह किया है। ताकि पूजा समिति के अध्यक्ष का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो सके। मौके पर शैलु चैंद्रवंशी, रिंकू चंद्रवंशी, विकास कश्यप, कोमल कुमार अंकू, रंजीत कुमार,अमित चंदेल सहित अन्य चंद्रवंशी समाज के लोग उपस्थित थे।

## वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर किया गया कार्यक्रम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड अंतर्गत मुकुंदपुर व बालीगढ़ पंचायत में रविवार को वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता किया गया। जिसमे सर्वप्रथम दिव्यांग, वृद्ध, असहाय, बीमार व्यक्तियो को मतदान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। जिससे प्रखंड में वोट का प्रतिशत में वृद्धि हो। इस कार्यक्रम में प्रतिनियुक्ति कर्मी ग्राम रोजगार सेवक राम कुमार प्रजापति, दीपक जायसवाल, सहायक शिवकुमार यादव, सतीश कुमार सिंह, बीएलओ रीता देवी, अनिता देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## छतरपुर में वृद्धाश्रम की स्थापना के लिए भारत भ्रमण पर निकला श्रवण कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर में वृद्धाश्रम स्थपना के उद्देश्य से साइकिल से देश भ्रमण पर निकला श्रवण कुमार लोगों ने शुभकामनाएं दिया। दिल मे कुछ करने का जुनून हो तो कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं होता है और यह कर दिखाया है छतरपुर के बारा निवासी श्रवण राम ने जो छतरपुर में वृद्धाश्रम के लिए देशाटन का संकल्प लेकर यात्रा पर निकले हैं, उनका लक्ष्य है छतरपुर में गरीब लोगों के लिए वृद्धाश्रम खोलना। बारा निवासी 20 वर्षीय युवक श्रवण कुमार ने अपनी इस यात्रा की शुरुआत छतरपुर के ठाकुरबाड़ी मंदिर में आशीर्वाद लेकर की जहां सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द गुप्ता चुनमून, वार्ड पार्षद रजनीश और प्रेस क्लब छतरपुर द्वारा उन्हें अंगवस्त्र और आर्थिक मदद दे कर विदा किया। वहीं छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार, एसआई राहुल कुमार, पूर्व मुखिया पुखराज सिंह ने थाना परिसर में माला पहना कर, प्रमाण पत्र और कुछ सहायता राशी देकर शुभकामनाएं दिया और विदा किया। इस अवसर पर इलाके के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और श्रवण कुमार को उनके उद्देश्य की प्राप्ति के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विदा करते हुए अरविंद गुप्ता ने कहा कि श्रवण ने नेक कार्यो हेतु यह यात्रा शुरू किया है जो काबिले तारीफ़ है। निसन्देह आज देश मे परित्यक्त वृद्धों की संख्या बढ़ी है, वे आज अपनों की उपेक्षा झेलने को विवश हैं और उनकी स्थिति नारकीय हो गयी है, वृद्धाश्रम की स्थापना से निसन्देह उनका जीवन स्तर बदलेगा। वहीं यात्रा पर निकले श्रवण कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर वृद्धाश्रमों की आवश्यकता को समझना अध्ययन करना और उसे बनाने के लिए आवश्यक संसाधन जुटाना है। उन्हें उम्मीद है कि वे अपने संकल्प को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे और वृद्धाश्रम के लिए संसाधन जुटा पाएंगे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता रबिन्द्र पासवान, नवल गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, बबन राम, दीपक यादव, अजित कुमार, सत्येंद्र सोनी सहित सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे। सभी ने श्रवण कुमार को भारत यात्रा की बधाई दी और उपस्थित दर्जनों लोगों ने श्रवण कुमार को आर्थिक सहायता प्रदान किया।

## मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को गांधी मैदान पार्क में मारवाड़ी युवा मंच मैं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया द्य यह सुबह 6:00 बजे से 7:00 बजे तक लगया गया था।मंच द्वार यह शिविर, हर माह दो बार लगाया जाता है।यह निशुलक स्वास्थ्य जांच शिविर ,जैसे सब शहर वासी डायबिटीज क्लब के नाम से जानते हैं यह हर माह के प्रथम और तृतीया रविवर को शहर के नामी स्थल बीआर अंबेडकर पार्क(प्रथम रविवर) और बेलवाटिका स्थित ÷गांधी उद्यान पार्क÷(तीसरा रविवार)मैं लगया जाता है।मारवाड़ी युवा मंच के डायबिटीज क्लब प्रभारी रवि कामदार मनोज अग्रवाल अशोक हाज़ीपुरिया ने बताया कि मंच यह शिविर नियामित रूप से पिछले काई माहिनो से लगता आया है द्य उन्हें बड़े हर्ष के साथ बताया गया कि इस शिविर के माध्यम से काई लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आई है। लगभाग 80 से अधिक लोग इस शिविर से हर योजना मे शामिल हैं, जिसमें बूढ़े, बच्चे पुरुष, महिला सभी शामिल हैं द्य आशी लाइफ हॉस्पिटल की तरफ़ से इस शिविर हेतु निःशुल्क संसाधन उपलब्ध कराये जातेहै, व लैब तकनीकी ललन जी का विशेष सहयोग रहता है। श्याम पोद्दार ने मंच की तरफ से सभी शहर वासियों को इस योजना से जुड़ने और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अनुरोध किया है। आज इस आयोजन में मंच के सचिव सज्जन संघई, रवि कामदार, सौरभ सराफ, अशोक हाजीपुरिया,मनोज अग्रवाल,दीपक नेमला, संदीप केजरीवाल, संदीप उदयपुरी, नीरज कामदार, श्याम पोद्दार, अंकित गर्ग, विकास उदयपुरी , लैब तकनीशियन ललन जी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## अन्डर 17 बालक वर्ग में गढ़वा का नितिश व बालिका वर्ग में पूर्वी सिंहभूम की अर्चिता डे बने स्टेट चैंपियन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में खेले जा रहे 24 वीं झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के खेले गये मैचों में अंडर 17 बालक वर्ग में गढ़वा के नितीश कुमार मेहता ने गढ़वा के हीं अनिमेष कुमार पाण्डेय को 4-1 से, पूर्वी सिंहभूम की अर्चिता डे ने गढ़वा के अंजली कुमारी को 4-1 से जबकि अन्डर 15 बालक वर्ग के मुकाबले में रांची के आलिशाद खान ने रांची के ही अर्थ घोष को 3-2 से हराकर चैंपियन बना। जूनियर अंडर 17 बालक वर्ग के सेमी फाइनल में गढ़वा के अनिमेष कुमार पाण्डेय ने गढ़वा के ही अभिजीत यादव को 4-0 से दुसरे सेमीफाइनल में गढ़वा के नितिश कुमार मेहता ने पूर्वी सिंह घूम के सोमिल महतो को 3-1से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एवं महिला वर्ग के टीम चैंपियनशिप का एवं डबल्स मुकाबले के विजेता खिलाड़ी को पुरस्कार गढ़वा के डॉक्टर कुमार निशांत सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद जितेंद्र कुमार सिन्हा, एवं गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय सहित सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रदान किया। इस अवसर पर झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष सैबल गुप्ता, सचिव समरजीत सिंह, गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केसरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष सुशील केसरी, संजय सोनी, अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, अरविंद तिवारी, गुड्डू तिवारी, सिस्टर रोशना, चंद्रभूषण सिन्हा, रविंद्र जायसवाल, प्रिंस सोनी, नंदकुमार गुप्ता अजय ठाकुर, संजय सिंह अभय कुमार, रामाशंकर सिंह, मोजीबुद्दीन खान ,अयोध्या ठाकुर, अमोद कुमार पांडेय सहित काफी संख्या में खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के निर्णय पर चुनाव लड़ने का लिया फैसला : विनोद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह को भाजपा से प्रत्याशी बनाए जाने से भाजपा के कार्यकर्ता और मंडल अध्यक्ष बगावत पर उतर आए हैं। इसको लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह ने रविवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता में असली भाजपा और नकली भाजपा की बात कहीं।उन्होंने कहा राजनीति में धोखा होता रहता है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान को लेकर मैंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। क्योंकि हुसैनाबाद विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र की जनता मेरे साथ है। और अपने समर्थकों के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। यहां की जनता की यही मांग है, उन्होंने कहा की अगर भाजपा के शीर्ष नेता इस क्षेत्र से किसी भी भाजपा कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाने का काम करती तो भाजपा के लोग पूरी जोश साथ भाजपा प्रत्याशी को जीत दिला कर विधानसभा भेजने का काम करते। इसलिए यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा की 24 अक्टूबर को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन परचा दाखिल करेंगे। उन्होंने लोगों से आगामी 24अक्टूबर को अधिक से अधिक लोगों को आने की अपील की है। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश कर्ण, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, हैदरनगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मोहम्मदगंज मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, पीपरा मंडल अध्यक्ष संजय मेहता, हरिहरगंज मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष नागेंद्र उपाध्याय समेत काफी संख्या में भाजपा के लोग मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### श्री काली पूजा आयोजन महासमिति का भूमि पूजन संपन्न

**रांची :** श्री काली पूजा आयोजन महासमिति मेन रोड का भूमि पूजन पूरे विधि-विधान से रविवार को संपन्न हुआ। कोलकाता के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा मां काली की मूर्ति बनेगी एवं बंगाल से ढाक होंगे। इस वर्ष बहुत ही धूमधाम से काली पूजा किया जाएगा। भूमि पूजन में बहुत सारे लोग शामिल हुए और बहुत ही उत्साह के साथ पूजा करने का संकल्प लिया। बहुत सारे कलाकारों के जरिये सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। शहर के तमाम लोगो को पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। भूमि पूजन में मुख्य रूप से चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा के मुख्य संरक्षक जैनेन्द्र प्रसाद, सचिव रामानंद ठाकुर, कमलेश कुमार अरोड़ा, काली पूजा समिति की अध्यक्ष अर्चना मिर्धा, मुख्य संरक्षक राजेश साहू, सचिव स्वपना चटर्जी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### इस बार भव्य छठ पूजा मनाया जायेगा : सामु नायक

**रांची।** स्वयं सहायता संघ के तत्वाधान में चुटिया न्यु नायक छठ पुजा समिति की एक बैठक संघ के अध्यक्ष महेन्द्र चौधरी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। संगठन सचिव राजू नायक एवम् तमाम पदाधिकारी गण सदस्य प्रथम गांव के तमाम नवयुवकों के द्वारा न्यु नायक छठ पूजा समिति का नया अध्यक्ष शामू नायक को बनाया गया। बैठक में गांव के तमाम महिलाओ की भी भागीदारी एवम् सहमति रही । अध्यक्ष मनोनित होने के पश्चात भी शामू नायक ने अपने संम्बोधन में सबको आश्वासन दिया कि इस बार छठ पूजा को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयासरत रहेंगे।



# युवाओं और महिलाओं के हूजूम ने झामुमो का थामा दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा से माननीय राज्यसभा सांसद डॉ0 महुआ माजी के आवासीय कार्यालय में रांची विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से युवाओं और महिलाओं का हुजूम ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। इस अवसर पर युवाओं और महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि माननीय राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी जी के द्वारा हमेशा के सुख दुख में साथ खड़ा होती हमेशा तत्पर है आम जनता के कार्यों के लिए और रांची का विकास इन्हीं के हाथों होगा इसलिए हम सभी कोई महुआ माजी जी से प्रेरित होकर हमलोग झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम रहे हैं। राज्यसभा सांसद डॉ0 महुआ माजी ने सभी को अंग वस्त्र देकर पार्टी में शामिल कराया। अपने



आवासीय कार्यालय में इस सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ0 महुआ माजी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष वीर शिबू सोरेन के सपनों के झारखंड को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार झारखंड के तमाम लोगों के लिए हर वह कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोमवित माजी,नन्द किशोर सिंह चंदेल,अनीश वर्मा ने अपना योगदान दिया।सदस्यता ग्रहण करने आए लोग का नेतृत्व अनिस कुमार वर्मा, अर्जुन वर्मा, बाबूराम जी, रतन प्रसाद, टिंकू जी, राजू वर्मा, कन्हैया जयसवाल,विनय मेहता, जीतू अरोड़ा, सुमित घोष, रवि गुप्ता, रवि कुमार साहू, विवेक महली, रंजीत जयसवाल, सुधांशु सिंह, सुजीत गुप्ता, अर्जुन चंद्रवंशी, पावन कुमार, अमित साव, गोलू चौरसिया, वरिष्ठ महतो, प्रमोद महतो, अमर वर्मा, सुशील मिश्रा,पूनम गुप्ता, रीना देवी, प्रीति रानी, प्रियंका देवी, माला देवी, लाखो देवी, आरती देवी, अंजना देवी, आरती देवी, गीता देवी, अंजली देवी, रेखा देवी, लिलम देवी, कांता देवी, अविनाश सिन्हा, मोनू सिंह, मिठु कुमार, देवरस साव, रिमिक्स एक्का, संदीप ठाकुर, विनय प्रकाश एक्का, दुलाल वर्मा, छोटू गोप, कनिस गाबा, कमराज खतरी, गुड़िया देवी, बबिता देवी, रेखा देवी,गायत्री देवी, नीलम देवी, गुड़िया देवी, आरती देवी, विवाह देवी, सुनीता देवी, प्रेमलता देवी, गायत्री देवी, उर्मिला देवी, अमित कुमार साव, नरेश कुमार मक्कड़, जीतू अरोड़ा, भरत मुंजाल, इलाईची देवी, रूचि देवी, आरती देवी, टीना देवी, अनिता देवी, पिंकी देवी, सुमन देवी, रेशमी देवी, आरती देवी, आदि लोगों ने पार्टी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा।

## मुश्किल परिस्थितियों में आम जनता और कार्यकताओं ने मेरा मनोबल बढ़ाने का काम किया है : शाहदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव के समर्थन में रातू में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक बैठक का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से कहा कि कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव पिछले पांच वर्षो से लगातार हमारे सुख दुख में साथ हैं।एक फोन करने पर वे हमारे पास दौड़े चले आते हैं। हमने उनके साथ क़दम से क़दम मिलाकर कांग्रेस पार्टी को सींचकर मजबूत किया है और अब जब चुनाव लडने की बारी आयी तो विरोधी लोग अजय नाथ शाहदेव का टिकट काटने की साज़िश कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमलोग अजय नाथ शाहदेव के साथ मजबूती से हैं और कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से अनुरोध करते हैं कि हटिया विधानसभा में उन्हें ही उम्मीदवार बनाएं। हटिया की जनता वर्तमान भाजपा विधायक से नाखुश हैं और हर हाल में परिवर्तन चाहते हैं। ऐसे समय में जब हम जंग जीतने के करीब हैं तब साजिशन अजय नाथ शाहदेव के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है।

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि हटिया की जनता के प्यार और स्नेह ने उन्हें भावुक कर दिया है।आज मुश्किल परिस्थितियों में आम जनता और कार्यकताओं ने मेरा मनोबल बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी की नीतियों पर चलने वाले एक साधारण से कार्यकर्ता हैं। राहुल गांधी ने जिस तरह पूरे देश में यात्रा कर भारत के जनता को जोड़ने का काम किया ठीक उसके उलट यहां मेरे राजनीतिक विरोधी पार्टी को तोड़ने और कमजोर करने की साज़िश में लग गए हैं।श्री शाहदेव ने कहा कि मेरे खिलाफ भाजपा में जाने का दुष्प्रचार किया गया। कहा गया कि मैंने भाजपा ज्वाइन कर लिया है।ये सारी बातें फैलाने वाले कोई और नहीं बल्कि हटिया से मेरे टिकट कटवाने वाले मेरे राजनीतिक विरोधी हैं। मैंने इसका खंडन भी किया। कुछ लोग नहीं चाहते कि कांग्रेस पार्टी की हटिया विधानसभा में जीत हो।वे पार्टी को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। वे मेरा टिकट भर नहीं काट रहे बल्कि भाजपा के प्रत्याशी को जिताने का काम भी कर रहे हैं।

## महामंत्री मो महताब आलम का जमशेदपुर में हुआ स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री मो महताब आलम का जमशेद्पुर जिला में आगमन पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन जमशेद्पुर शाखा की तरफ से माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया और जमशेद्पुर जिला के पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों का समस्याओं का समाधान के लिए वार्तालाप किया गया।स्वागत सह सम्मान समारोह में कोषाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज अंसारी, जकी ईमाम, रमाकांत राम, शमशाद आलम, अशोक तिवारी ,संजय सिंह ,गालिब खान,मोहम्मद नैयर, मृत्युंजय पांडे, गोपाल पांडे,एवं अन्य अधिकारी भारी संख्या में मौजुद थे।उक्त जानकारी सचिव बिजेंद्र सिंह झारखंड पुलिस एसोसिएशन जमशेद्पुर शाखा ने दी।

## झारखंड के पहले चरण में 15 सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाकपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कॉमरेड डी राजा, राष्ट्रीय सचिव झारखंड सह प्रभारी कॉम रामकृष्ण पांडा मुख्य रूप उपस्थित थे । बैठक की शुरुआत दिवंगत साथियों के सम्मान में 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया झारखंड में वाम एवं धर्मनिरपेक्ष दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ा जाएगा। राज्य के सभी धर्मनिरपेक्ष पार्टियों की जवाब दे ही है की सभी धर्मनिरपेक्ष दलों को एक सूत्र में बंधकर चुनाव लड़ना चाहिए सांप्रदायिक शक्तियों को रोकने कॉरपोरेट लूट को रोकने के लिए हम



सबको मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए। कामरेड डी राजा ने बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए कहा की झारखंड के खनिज संपदाओं पर कॉर्पोरेट और भाजपा घराने की नजर है जो झारखंड की मिनरल्स को लूटना चाहती है , इसीलिए भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने से रोकने के लिए हम सभी प्रयास करेंगे बैठक में सर्वसम्मति से प्रथम पेज में 15 विधानसभा क्षेत्र का चयन किया गया । अगर सम्मानजनक समझौता नहीं हुआ तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य में 15 विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी ।

झारखंड प्रभारी रामकृष्ण पांडा , प्रभारी रामकृष्ण पांडा, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे , के डी सिंह ,अजय कुमार सिंह, सुजीत घोष ,इम्तियाज़ खान सहि कई लोग मौजूद थे।

## एनयूएसआरएल के छात्रों की टीम अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता मूट 2024 में सेमी-फाइनलिस्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ के छात्रों की एक उत्कृष्ट टीम ने एफडीआई अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता मूट 2024 (दक्षिण एशिया राउंड) में सेमी-फाइनलिस्ट के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है। इस टीम में सार्थक कुमार, लीजा गुप्ता, सूर्यांश सिंह, एयलाह सिंह, और अभिनव शुक्ला शामिल हैं। इनकी मेहनत और प्रतिभा के बल पर अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए बर्लिन जाने का अवसर मिला है। टीम ने अपनी उत्कृष्टता के चलते प्रतियोगिता के टॉप चार में जगह बनाई है और उन्हें 1-4 नवंबर, 2024 को होने वाले अंतरराष्ट्रीय राउंड में हिस्सा लेना है।एनयूएसआरएल के छात्रों ने न केवल अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से देश का गौरव भी बढ़ाया है। टीम ने जटिल कानूनी मुद्दों जैसे क्रमिक स्पष्टीकरण, तृतीय-पक्ष फंडिंग, लागत की सुरक्षा, और प्रतिकूल निष्कर्ष निकालने की शक्तियों को सफलतापूर्वक संबोधित किया। मूट कोर्ट की संयोजक सोनी भोला ने कहा, हमारी टीम ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। सभी सदस्यों ने एक साथ मिलकर रिसर्च किया और शिक्षकों के मार्गदर्शन से संदेहों का समाधान किया। उनका यह सफलता केवल व्यक्तिगत प्रतिभा का परिणाम नहीं है, बल्कि विश्वविद्यालय के बेहतरीन माहौल और सामूहिक प्रयास का भी प्रमाण है।

## अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करें : अनूप बिथरे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आगामी विधानसभा चुनाव-2024 की तैयारियों के मद्देनजर अनूप बिरथरे, भापुसे, पुलिस उप-महानिरीक्षक, दछो क्षेत्र, राँची की अध्यक्षता में 20.10.2024 को 01:00 बजे अपराह्न में वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची के सभागार कक्ष में वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची/पुलिस अधीक्षक, नगर/ग्रामीण, राँची, राँची जिला के सभी पुलिस उपाधीक्षक/पुलिस निरीक्षक एवम् थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। आहूत बैठक में अनूप बिरथरे,



भापुसे, पुलिस उप-महानिरीक्षक, दछो क्षेत्र, राँची के द्वारा लंबित वारंट/कुर्की/गैर जमानतीय/स्थायी वारंट का निष्पादन, अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने, लाईसेंसी शस्त्र का सत्यापन एवं जमा करने, अवैध शराब/मादक पदार्थ/अवैध माईनिंग/नगदी आदि की बरामदगी, सक्रिय आपराधियों एवं नक्सलियों के विरूद्ध सघन अभियान चलाकर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, अपने-अपने क्षेत्र में निरंत आरओपी/एरिया डोमिनेशन करने, अन्तर्राज्जीय एवं अन्तर जिला बॉडरों पर स्थापित चेकनाकों/पोस्टों पर सघन कार्रवाई, संवेदनशील क्षेत्रों एवं संवेदनशील व्यक्तियों/अभियुक्तों की पहचान कर विधिपूर्वक आवश्यक कार्रवाई करने, सीएपीएफ/वाहरी बलों/ होमगार्ड एवं चुनाव में संलग्न होने वाले बलों के आवासन, परिवहन एवं अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैठक में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई दिशा-निर्देश देते हुए अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## भुखे को भोजन प्यासे को पानी पिलाने से बडा कोई पुण्य का कार्य नहीं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 172 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरू महाराज को अर्पित कर 900 श्रद्धालुओ एव सदगुरू कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में रह रहे निराश्रित प्रभुजी एव वहा रहकर इनकी सेवा करने वाले सेवादार सेवा साथियों के बीच वितरण किया गया। मंदिर परिसर मे आये हुए सभी धर्म प्रेमीजनो एव श्रद्धालुओ ने शांती पूर्वक कतार मे लगकर 172 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणी डाक्टर श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से एम.आर.एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे सेवाभावी सदस्यों एव श्रद्धालुओ के सहयोग से आज 20 अक्टूबर रविवार को 172 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण श्री कृष्ण प्रणामी के सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से की गयी। सखी मन मोहन सुन मोरो जीयो हर्षाय रे बालो सुन मोरो जीयो हर्षाय रे, तोरन बंध बंधे हैं भवन मे मोतियन चोख पुराये रे बालो, मोतियन चोख पुराये रे बालो, प्रेम पावडो में डालु पीया जी को। न्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,निर्मल छावनिका,बिष्णु सोनी, सुरेश अग्रवाल,सुनील पोद्दार, सज्जन पाडिया, सुरेश भगत शिव



अग्रवाल,पवन पौदार, ओम प्रकाश सरावगी, सुशील गाडोदिया,ज्ञान प्रकाश शर्मा, हरीश साहु,चन्द्रदिप साहु, महेश वर्मा, परमेश्वर साहु महिला समिति विधा देवी अग्रवाल, कविता गाडोदिया, संतोष देवी अग्रवाल,सिता देवी शर्मा एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## ऑल इंडिया मजलिसे फलाहुल मुस्लिमीन के तत्वावधान में महफ़िल ए मुशायरा आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अंजुमन फ़रोग ए उर्दू और ऑल इंडिया मजलिस फलाहुल मुस्लिमीन ने संयुक्त रूप से महफिल ए मुशायरा का आयोजन किया। इस मुशायरे में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सागर त्रिपाठी मुंबई एवं ताबिश रेहान शामिल हुए। मुशायरे की शुरुआत कारी मो आरिफ द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। कारी ताबिश रेहान ने नातिया कलाम पेश किया। मुशायरे में अंजुमन फरोग ए उर्दू के अध्यक्ष मो इक़बाल ने शायरों का स्वागत किया। इसके बाद सचिव डॉ. मो ग़ालिब नश्तर ने अंजुमन फ़रोग ए उर्दू का परिचय दिया। कार्यक्रम में डॉ. मो तनवीर मज़हर (सहायक प्रोफेसर, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय) की पुस्तक हबीब तनवीरः सरापा थिएटर का विमोचन भी किया गया। शायर हारून खमार, नसीर अफसर, दिलशाद नजमी, सोहेल सईद, उजैर हमजा पुरी, कुदरतुल्लाह कुदरत, तबिब अहमद ताबिश, शहाब हमजा, आरिश निज़ाम, जीशान और तस्मिया आफरीन के नाम मुख्य रूप से शामिल है।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मो मोकम्मल हुसैन, डॉ. अब्दुल बासित, डॉ. शगुफता बानो, मो दानिश अयाज, अरशद जमाल, डॉ. तनवीर मजहर, तैय्यबा आफरीन, मो इकबाल, राजदा, मकरम हयात, कारी आरिफ, मेराजुद्दीन, सरफराज आलम कादरी, मंसूर आलम, शोएब अख्तर, मुजीबुर्रहमान, नसरीन कौसर आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## झामुमो और कांग्रेस ने उम्मीदवारों की सूची आज या कल करेंगे जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ने अपने 66 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। अब सिर्फ बरहेट और टुंडी सीटों पर उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। वहीं भाजपा के सहयोगी दले आजसू,जेडीयू,लोजपा ने भी उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। ऐसे जेडीयू की दो सीटों पर एक जमशेदपुर पश्चिमी सरयू राय तो वहीं जेल से बाहर आये गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर को तमाड़ से मौका मिलेगा , सिर्फ अधिकारिक पुष्टी होनी बाकी है। हालंकि झारखंड में जेडीयू के जनाधार बढ़ाने के लिए मजदूर युनियन नेता संतोष सोनी ने काफी मेहनत की लेकिन अभी तक पार्टी की ओर से सोनी पर विचार होगा या नहीं इस पर संशय बरकरार है, लेकिन संतोष सोनी गिरीडीह सीट पर चुनाव लड़ना चाहते हैं, लंबे समय से यहां काम हुआ किया है।

**झामुमो कांग्रेस आज से कल करेंगे उम्मीदवारों की घोषणा:** झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस कमेटी, राजद, वाम दल के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है । झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस 70 सीटों पर तो वहीं अन्य 11 सीटों पर राजद और वाम दल को दिया गया है । अब इसमें तय करना है कि राजद और वामदल कितने सीटों पर चुनाव




लड़ेगी , अभी इसको लेकर राजद थोड़ा नाराज चल रहा है, लेकिन उम्मीद है कि 21 से 22 अक्टूबर तक राजद को 6-8 सीटों पर मना लिया जाएगा। जहां तक कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा का सवाल है तो वे लोग 21 से 22 अक्टूबर तक सीटों पर उम्मीदवारों का घोषणा कर देंगे। रांची और हटिया सबसे हॉट सीट बन गई है । इन दो सीटों पर कौन होगा , यह तो तय नहीं कहा गया है, लेकिन उम्मीद लगाई जा रही है कि रांची झारखंड मुक्ति मोर्चा और हटिया कांग्रेस से जाएगी । यदि ऐसा होता है तो झारखंड मुक्ति मोर्चा राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी या अभिषेक प्रसाद पिंटू को रांची विधानसभा से चुनाव लड़ा सकती है।

वहीं कांग्रेस हटिया से अजय नाथ शाहदेव को मौका देगी। इसके अलावा सिल्ली से अमित महतो या सीमा देवी , कांके से सुरेश बैठा, खिजरी से राजेश कच्छप, मांडर से नेहा शिल्पी तिर्की को उम्मीदवार बनाकर उतरा जा सकता है, हालांकि अभी यह संभावित उम्मीदवार हैं अभी आधिकारिक पुष्टि होनी बाकी है।

## सांस्कृतिक संगठनों ने जन्मशती पर कविवर कन्हैया को किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कविवर कन्हैया की जन्मशती के मौके पर एक दिवसीय कार्यक्रम मोरहाबादी मैदान स्थित डॉ रामदयाल मुंडा जनजाति कल्याण शोध संस्थान सभागार में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम इप्टा, प्रलेस, जलेस, जसम एवं सहमना संगठनों के संयुक्त तत्वधान में आयोजित किया गया। झारखंड इप्टा की महासचिव अर्पिता ने मंच संचालन और रवि ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का स्वागत गमछा ओढ़ा कर पारंपारिक तरीके से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मशहूर रंगकर्मी जावेद अख्तर ने कहा कविवर कन्हैया की याद में स्मरण जंयती मनाना एक सुखद पहल है। उन्होंने कविवर कन्हैया की लिखी कविताओं को वर्तमान हालात से जोड़ते हुए इतिहास के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस तरह से 1984 में अविभाजित बिहार के समय बिहार में जब सीआरपीएफ को हटाने के लिए मांग की गई थी, तब लाठियां चलाई गई थी और इसके बाद इस



लाठीचार्ज का जबरदस्त जो विरोध हुआ था, आपने आप में एक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे सामने चुनौतियां हैं और हम उन चुनौतियों से कैसे लड़ सकते हैं। सबसे बड़ी बात है कि हम लोग कन्हैया को सिर्फ कवि, लेखक , पत्रकार रूप में देखते हैं, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि वे सुंगठ गायक थे। उनके गायन से कवि दिनकर भी प्रभावित थे. गीत संगीत उनके जीवन का हिस्सा रहा था। अन्य अतिथियों में जलेस के प्रो अली इमाम, जसम के बलभद्र, मशहूर कथाकार रणेंद्र, प्रलेस के प्रो मिथिलेश और इप्टा के शैलेंद्र शामिल थे। इबरार अहमद और प्रदीप तरफदार ने भी कन्हैया से जुड़े स्मरण साझा किये। मौके पर एमजेड खान, श्यामल मलिक, पूनमरानी तिवारी, श्यामल चक्रवर्ती और परवेज कुरैशी सहित कई छात्र, कलाकार, बुद्धिजीवी आदि शामिल थे।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में वाहनों की चेकिंग तेज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रांची में भी चुनाव आयोग का निर्देश का कड़ाई से पालन किया जा रहा है । निर्वाचन आयोग द्वारा यह सख्त निर्देश दिया गया था , कि सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट लगाया जाए और वाहनों की चेकिंग करें । कोई भी व्यक्ति 50, 000 नगद राशि से अधिक ले जा रहा हो तो उन पैसों को जप्त किया जाए , उनसे पूछताछ की जाए । कि वे किस काम के लिए पैसे लेकर जा रहे हैं। इसी के मद्दे नजर रांची विधानसभा के मोरहाबादी मैदान से



सटे हरिहर सिंह रोड के पास लालपुर थाना प्रभारी रुपेश कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया । चेक पोस्ट बनाकर यहां पर पुलिस तैनात की गई है । आने जाने वाली सभी वाहनों के नंबर दर्ज किया जा रहे हैं , चेकिंग भी की जा रही है। वहीं लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली चौक के पास भी चेक पोस्ट बनाया गया है, यहां पर भी वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसके अलावे रांची शहर के आसपास के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी चेक पोस्ट बनाकर वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है।

## जिला विधिव सेवा प्राधिकार के द्वारा पिपरवार थाना मे मध्यस्थता शिविर का हुआ आयोजन




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वधान में रविवार को पिपरवार थाना परिसर मे मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में पुलिस पदाधिकारी व पीएलवी उपस्थित हुए।शिविर में थाना क्षेत्र से कई घरेलू मामला सामने आया।जिसमें घरेलू मामले में लड़ाई झगड़ा के बीच समझौता कर मध्यस्थता कराया गया।इस संबंध में पीएलवी शिव कुमार ने बताया की जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रत्येक रविवार एंव बुधवार को पिपरवार थाना में मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस शिविर में घरेलू विवाद, बाल विवाह समेत शोषित परिवार को कानूनी सहायता व जानकारी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से थाना पहुंच रहे लोगों को कानूनी जानकारी दी जा रही है और उनकी सहायता की जा रही है।उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी पीड़ित लोगो से मध्यस्थता व कानूनी जानकारी के लिए शिविर में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।यह शिविर पिपरवार थाना परिसर में प्रत्येक सप्ताह के बुधवार और रविवार को आयोजित किया जाएगा।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में सुहागिनों ने उत्साह के साथ मनाया करवा चौथ का व्रत



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे करवा चौथ पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया।मौके पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के दीघार्यु की कामना को लेकर निर्जला उपवास रखा।साथ ही सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर फल-फूल पूजा सामग्रियों से थाली सजाकर शाम में पूजा अर्चना की।इस मौके पर बचरा गुरुद्वारा में करवा चौथ के मौके पर विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया।पूजा अर्चना के लिए सुहागिन महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई।पूजा के बाद सुहागिन महिलाओं द्वारा चलनी से चांद एवं अपने पति को देखने की रस्म निभाई गई।इस संबंध में सुहागिन महिलाओं ने बताया कि करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए सबसे बड़ा पर्व होता है।इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रखकर पूजा अर्चना करती है और अपने पति के लंबी आयु की कामना करती है।करवा चौथ के मौके पर बचरा गुरुद्वारा में सुहागिन महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई।सभी महिलाएं सोलह श्रृंगार कर गुरुद्वारा पहुंची और वहां पर विधिवत पूजा अर्चना के बाद करवा चौथ की कथा सुनी और इस परंपरा को आगे बढ़ाया। इस मौके पर काफी संख्या में सुहागिन महिला मौजूद थी।

## खलारी में सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्यवती का पर्व करवा चौथ मनाया



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी में सिख परिवार व उत्तर भारत के लोगों ने रविवार को अखंड सौभाग्य का पर्व करवा चौथ मनाया। सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घ आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना से करवा माता का व्रत की। पूरे दिन अन्न-जल त्याग कर व्रत रखा और व्रत का पारण रात में चंद्रमा को अर्घ्य दे कर किया। ये व्रत पति-पत्नि के बीच प्रेम और प्यार का प्रतीक है। लोग साल भर करवा चौथ के व्रत का इंतजार करते हैं।

## ठाकुर गांव थाना क्षेत्र में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के खिलाफ छापेमारी अभियान



**ठाकुर गांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरीय पुलिस अधीक्षक रांची एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार ठाकुर गांव के आस पास के क्षेत्रों में चलाया जा रहा है छापेमारी अभियान,ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के विरुद्ध में थाना क्षेत्र के बेती व बगदा गांव के जंगलों में और रामगढ़ जिला के सीमांत क्षेत्र के जंगलों सहित सीमांत क्षेत्र के कई जंगलों में छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस विभाग के पदाधिकारीयों ने बताया कि रामेश्वर उर्फ पहाड़ी जी के दस्ता के विरुद्ध में छपामारी अभियान चलाया गया। ठाकुर गांव थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि छापेमारी हेमन दाग फुलझर में टीएसपीसी उग्रवादी के विरुद्ध में रांची जिला के सीमांत क्षेत्र के जंगलों में संघनन जांच अभियान चलाया गया है, और इस छापेमारी में एसआई दिलीप कुमार और पुलिस बल के जवानों के साथ जैप और सैट पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन में 35 वर्षीय महिला की मौत

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटना हटिया पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन में रविवार की अहले सुबह 35 वर्षीय महिला कि मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवघर सारठ कि रहने वाली कुलशुन खातुन उम्र 35 वर्ष शनिवार को मधुपुर से पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन से इलाज के लिए रांची धुर्वा पारस अस्पताल जा रही थी। अचानक ट्रेन बोकारो से निकलने के बाद तबियत बिगड़ने लगी और मुरी स्टेशन आने तक उनकी मृत्यु हो गई। घटना कि सुचना मुरी राजकिय रेल थाना को दिया गया। सुचना मिलने पर पुलिस द्वारा शव को मुरी में उतार लिया गया। एवं डॉ के जांच उपरांत मौत कि पुष्टि कर दी गई। मृतक महिला के साथ उनके परिजन भी मौजूद थे। परिजनों ने बताया कि काफी दिनों से बिमार चल रही थी और उनका इलाज भी रांची पारस अस्पताल में किया जा रहा था। मृतक महिला की पहले भी हार्ट सर्जरी हो चुका है। मृतक के परिवार काफी ग़रीब परिवार से हैं। पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया।

# संडे ड्यूटी काटे जाने के विरोध में रोहिणी परियोजना तीन घण्टे तक हुआ बन्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सन्डे ड्यूटी में कटौती के विरोध में रोहिणी परियोजना में ऑफिस स्टाफ ने परियोजना का काम तीन घण्टे बन्द किया। रविवार की सुबह जब कई ऑफिस कर्मचारियों का संडे ड्यूटी में कटौती करने की जानकारी मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आक्रोशित हो गए और परियोजना कार्यालय, अस्पताल एव सर्वे विभाग के ऑफिस में तालाबंदी कर रोहिणी वर्कशॉप पहुचकर खदान का भी काम बन्द करा दिया और सभी स्टाफ कर्मचारियों ने वर्कशॉप गेट के समक्ष धरना पर बैठ गए।

ऑफिस के कर्मचारियों ने कहा कि रोहिणी परियोजना जब बन्द की स्थिति में था तो सभी कर्मचारियों को सन्डे ड्यूटी नही मिला था तो सभी ने प्रबंधन को सहयोग किया लेकिन जब खदान अब चलने लगा है तो ऑफिस के कर्मचारियों का सन्डे ड्यूटी में कटौती किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि वे भी परियोजना के लिए कार्य करते हैं तो उन्हें सन्डे डयूटी में क्यों कटौती की जा रही है। कर्मचारियों ने परियोजना के कार्मिक अधिकारी के प्रति भी नाराजगी जताई। कार्य बन्द होने की सूचना मिलने पर परियोजना के खान प्रबंधक दीपक कुमार वर्कशॉप गेट के समक्ष गए और कर्मचारियों के साथ बात किया। उन्होंने कहा कि जो भी संडे ड्यूटी को लेकर मुख्यालय एव एरिया से निर्देश मिलता है उंसके गाइड लाइन के अनुसार ही आदेश निर्गत होता है। बाद में काफी देर वार्ता के बाद खान प्रबंधक ने रविवार को ऑफिस स्टाफ के सभी सन्डे डयूटी दिए जाने के आश्वासन बहाल किया। उसके बाद सभी कर्मचारी काम पर गए।उन्होंने कहा कि अगले रविवार को सन्डे ड्यूटी को लेकर जो मुख्यालय और एरिया से जो निर्देश मिलेगा उंसके अनुसार ही होगा।

## पारसनाथ उरांव ने आजसू छोड़ जेएलकेएम का थामा दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव सैकड़ों समर्थक के साथ JLKM (JBKSS) का दामन थामे । बैठक की अध्यक्षता JLKM जिला अध्यक्ष आलोक उरांव एवं संजय कुमार महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । जिसमें आजसू पार्टी के सैकड़ों सीनियर पदाधिकारियों के साथ ज्वाइन किए जिसमें आजसू पार्टी जिला सचिव राजेश सिंह,जिला कोषाध्यक्ष संध्या बान्डो, जिला, नामकुम प्रखंड अध्यक्ष रूपा उरांव, अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष किरण देवी,कांके प्रखंड सचिव कमला देवी, नामकुम महा सचिव राजू उरांव,जलेश्वर महतो, दर्जनों आजसू पंचायत प्रभारी गणेश उरांव, संजय महतो, योगेंद्र महतो, सरिता देवी, पिंक देवी, सुखराम उरांव, प्रकाश महतो, फुलेंद्र महतो, शीला देवी, अनिता देवी,चमरा बिन्हा, बुधराम मुंडा, मनोज लकड़ा,लक्ष्मी बड़ाइक, गोविंद महतो,के अलावे सैकड़ों आजसू पार्टी ग्राम प्रभारियों ने जे एल के एम(जेबीकेएसएस)ज्वाइन किया संचालन प्रखंड सचिव मंटू महतो ने किया सभी पार्टी कार्यकताओं को सम्मान के साथ पार्टी में जलेश्वर महतो जी उर्फ मार्शल जी ने ज्वॉइन कराया जिसमें सरिता तिर्की, जितेन्द्र महतो,गोविंद महतो, राजेश महतो, शिवराज सिंह, राकेश महतो,रामपोदो महतो, बीरबल महतो, आदि दर्जनों छुरुयरू पार्टी कार्यकर्ता ने माला पहनाकर सभी का स्वागत किया।

## बीजूपाड़ा में आजसू चूल्हा प्रमुखों की हुई बैठक, लोहरदगा से नीरू शांति भगत एनडीए प्रत्याशी घोषित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड के बीजूपाड़ा स्थित स्मार्ट बैंक्विट हॉल में रविवार दोपहर 2 बजे से आयोजित चूल्हा प्रमुख एवं ग्राम प्रभारीयों की बैठक हुई बैठक इस बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल हुए बैठक में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से एनडीए की प्रत्याशी नीरू शांति भगत के नाम की घोषणा किया गया इस दौरान देव भगत ने कहा कि इस बार निश्चित रूप से एनडीए गठबंधन की सरकार बन रही है इसीलिए इस चुनाव में हर तरह से एनडीए को मजबूत करना है।इस बैठक में राजस्व पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत पार्टी के उपाध्यक्ष ओ चान्हो जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी सहित नीरू शांति भगत के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बचरा मे कांग्रेस कोर कमेटी की हुई महाबैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा 64 कॉलोनी स्थित बाबा खेल मैदान मे रविवार को कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता और संचालन रवि भारद्वाज ने किया।बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के भाई एवं इंटक नेता अंकित राज मौजुद थे।बैठक मे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के करीब पांच पंचायतो के कार्यकर्ता शामिल हुए।बैठक मे आगामी विधानसभा चुनाव मे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीत दिलाने को लेकर चर्चा की गई।बैठक मे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को भारी मतो से विजयी बनाने एंव उनके नामांकन मे पिपरवार क्षेत्र के सभी पंचायतो से कार्यकर्ता जाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार करने सहित अन्य बातों पर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे इंटक जिला सचिव अंकित राज,विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता,विद्यापति सिंह, इस्लाम अंसारी, अभय सिंह, कमला महतो, मोहम्मद अब्दुल्लाह, रामचन्द्र उरांव, रवि भारद्वाज,उमेश यादव, राजकिशोर प्रसाद,अनिल सोनी, केडी सिंह,इरफान शेख,मंगल सिंह, बंसत गुप्ता, संतोष यादव,रमेश सिन्हा, राशिद कादरी,सुभाष साव, दीपक केशरी,सिकेन्द्र तुरी, हीरालाल महतो, अशोक साव,सुरेन्द्र लोहार, हीरा राम, दिनेश गंझु, बाबुलाल महतों, गुदूर गझुं,ईश्वर टाना भगत, बलकु टाना भगत, आशिष टाना भगत सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं महागठबंधन के लोग मौजूद थे।

## इनमोसा के प्रतिनिधिमडंल ने अशोका पीओ के साथ की परिचय बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** इनमोसा पिपरवार शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह से औपचारिक मुलाकात किया।इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर अशोक परियोजना पदाधिकारी जीके सिंह का स्वागत किया।इसके बाद इनमोसा प्रतिनिधिमंडल ने अशोक परियोजना पदाधिकारी के साथ परिचय बैठक किया। इस बैठक में पिपरवार यूनिट मे कार्यरत कोयला मजदुरो के कई ज्वलंत मुद्दों को उठाया गया,जिसमें मुख्य रूप से क्वार्टर मरम्मति, प्रमोशन,मजदुरो का 13 दिन का बकाया पेमेंट देने,पार्किंग,रेस्ट शेल्टर का मरम्मति,कैंटीन का मरम्मति,लाइटिंग की व्यवस्था,बकाया संडे का भुगतान कराने सहित कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और प्रबंधन को समस्या से अवगत कराया गया।समस्या सुनने के बाद परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने जल्द ही समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।इस मौके पर एरिया सचिव अनिल कुमार कुंवर,शाखा अध्यक्ष रूपलाल महतो,शाखा सचिव मनोज कुमार सिंह, सुरेश कुमार,निवास प्रसाद, दीपक उरांव,करीम खान, शैलेंद्र राय,सुबोध कुमार, रितेश कुमार,भुनेश्वर उरांव, रवि कुमार रविदास,मनीष बोदरा,जॉनसन तिर्की,रविंद्र कुमार सिंह सहित इनमोसा के कई लोग मौजुद थे।

## समाज सेविका सह पुर्व मुखिया स्वर्गीय सोमरी राम की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सावित्रीबाई फुले के तत्वावधान में रविवार को खलारी क्षेत्र की समाज सेविका सह पुर्व मुखिया स्वर्गीय सोमरी राम की पुण्यतिथि मनाया गया। रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया अम्बेडकर की महिला प्रदेश अध्यक्ष अनिता गंझू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की षुरूआत में उपस्थित लोगों ने सर्वप्रथम सोमरी राम की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर सर्वधर्म प्रार्थना किया। लोगों को संबोधित करते हुए अनिता गंझू ने कहा कि एनके पिपरवार की सोमरी राम पहली महिला समाजसेवी योद्धा थी जिन्होंने सर्वप्रथम महिला सशक्तीकरण की अलख जगाई थी। साथ ही महिलाओं की सामाजिक एवं राजनैतिक विकास की नींव रखी थी। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों ने भी सोमरी राम के जीवन पर अपने-अपने विचार प्रकट किए। वहीं इस अवसर पर लोगों के बीच सखुआ पेड़ के पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से करमा लोहरा, विनय पांडे, नीलू विश्वकर्मा, अनिता पासवान, मजहर आलम, मनोरमा देवी, सलमा खातून, राधिका देवी, गुलाम मोहम्मद, खड्ग सिंह, किशोर कुमार वर्मा, पुरुषोत्तम तिवारी, रविंद्रनाथ चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## चुनाव के मद्देनजर ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में चलाया गया वाहन जांच अभियान



**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में एसआई दिलीप कुमार के नेतृत्व मे चुनाव को मध्यानजर रखते हुए लगातार चलाया जा रहा है वाहन जांच अभियान और आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनीत कुमार के निर्देश पर ठाकुर गांव के विभिन्न जगहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, इस चेकिंग में शामिल थाना के पुलिस बल के द्वारा जांच अभियान चलाया गया. चेकिंग के दौरान कार का डिक्की बाइक का कागज, हेलमेट, लाइसेंस, ऑनर बुक का जांच किया गया।

## बेतिया मे वर्चस्व की लड़ाई को लेकर दो हवाई फायर, फैला दिया सनसनी

**बेतिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार की रात्रि करीब 9ः30 में नगर के कालीबाग थाना के नया बाजार उर्फ गांधी बाजार परिसर में अज्ञात अपराधियों ने वर्चस्व की लड़ाई को लेकर दहशत फैलाने के नियम से दो हवाई फायर पर सनी फैला दिया और भाग निकले। इसके करीब एक घंटा पूर्व घटनास्थल से करीब दो ढाई सौ मीटर दूर बुलाकी सिंह चौक से आगे एक अपाचे मोटरसाइकिल को अपराधियों ने आज के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई और दहशत का माहौल कायम हो गया । सूचना पाकर घटना स्थल पर बेतिया पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन, सीडीपीओ-1 विवेक दीप एवं काली बाग थाना पुलिस पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आसपास के कई सीसी टीवी कैमरा का अवलोकन किया। पुलिस मामले की घंटा से जांच पड़ताल में जुट गई है। सूत्र के अनुसार इस मामले का उद्भाटन पुलिस ने कर लिया है तथा मामले में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु सबरी कर रही है।

## हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी ने किया पिपरवार का दौरा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग के भाजपा सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने रविवार को पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान भाजपा व आजसु कार्यकर्ताओ ने दोनों का कई जगह पर जोरदार स्वागत किया गया।जानकारी के अनुसार रौशनलाल चौधरी के भाजपा में शामिल होने के बाद एवं एनडीए के द्वारा उन्हें बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद उन्होंने पहली बार सांसद मनीष जायसवाल के साथ पिपरवार क्षेत्र के कई गांव का दौरा किया।इस दौरान बचरा चार नम्बर चौक एंव बचरा बाजारटांड़ मे भाजपा और आजसु कार्यकर्ताओ ने फूलो का गुलदस्ता देकर दोनो का स्वागत किया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल और प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं से पूरे जोर-शोर के साथ चुनाव की तैयारी में लग जाने का आह्वान किया।सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी।राज्य की जनता का इंडिया गठबंधन को अपार समर्थन मिल रहा है।वहीं प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में एनडीए के पक्ष में लहर चल रही है। इस बार एनडीए की जीत को कोई नहीं रोक सकता है।इस मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा,आजसु पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह,अजय कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह,भीम सिंह यादव,अनिल कुमार पांडेय,विनोद कुमार, अरुण कुमार सिंह,मोहन महतो,उमेश मेहता,राजीव रंजन प्रसाद,मेवालाल नाग, द्वारिका प्रसाद महतो, रविशंकर जायसवाल सहित काफी संख्या में भाजपा एवं आजसु कार्यकर्ता मौजूद थे।



## गैलेक्सी ए16 5जी 18,999 रूपये में लॉन्च




**जमशेदपुर/गुरुग्राम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज भारत में गैलेक्सी ए16 5जी को 18,999 रूपये की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया। यह मिड-रेंज स्मार्टफोन 6 पीढ़ियों के ओएस अपग्रेड और 6 साल के सुरक्षा अपडेट्स के साथ आता है, जो इसे अपने सेगमेंट में खास बनाता है। गैलेक्सी ए16 5जी दो वैरिएंट्स 8 जीबी/128 जीबी और 8 जीबी/256 जीबी में गोल्ड, लाइट ग्रीन और ब्लू ब्लैक रंगों में उपलब्ध है। इसे रिटेल स्टोर्स, सैमसंग डांट कॉम, अमेज़न डांट इन और फ्लिपकार्ट डांट कॉम पर खरीदा जा सकता है। लॉन्च ऑफर के तहत, सैमसंग वॉलेट से पांच टैप एंड पे लेनदेन करने पर 500 रूपये का वाउचर मिलेगा, जो 31 दिसंबर, 2024 तक वैध है। डिवाइस में 50 एमपी वाइड, 5 एमपी अल्ट्रा-वाइड और 2 एमपी मैक्रो लेंस वाला ट्रिपल कैमरा सिस्टम है, जो उपयोगकर्ताओं की फोटोग्राफी को नए स्तर पर ले जाता है।

## कुड़मी संस्कृति विकास समिति के रक्तदान शिविर में 30 युनिट रक्त संग्रह



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक स्थित माधुरी नर्सिंग होम में रविवार को कुड़मी संस्कृति विकास समिति की ओर से शहीद अजित धनंजय महतो की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 30 युनिट रक्त संग्रह किया गया। कैम्प का उद्घाटन तिरूलडीह उप स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरेन्द्र सिंह मुण्डा, नर्सिंग होम संचालक माधुरी महतो, आयोजन समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष सपन कुमार महतो, राम प्रसाद महतो, भुतनाथ महतो आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष सपन कुमार महतो ने कहा कि समिति द्वारा हर माह गांवों में जाकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। मौके पर हृदय रंजन महतो, सृष्टि धर महतो, डॉ आदित्य महतो, डॉ पटेल, मुकेश महतो, अंजलि कुमारी आदि उपस्थित थे।

## बोड़ाम में चोरी की घटनाएं बढ़ी, साइकिल व खस्सी की चोरी

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार की शाम को बोड़ाम थाना अंतर्गत भूला मोड़ से दामोदरपुर गांव निवासी अजीत सिंह की नई साइकिल की चोरी हो गई। इसकी जानकारी देते हुए अजित सिंह ने बताया कि साइकिल को भूला मोड़ में तालाबंद करने के पश्चात सब्जी खरीदने गए थे। सब्जी खरीद कर लौटने पर देखा तो साइकिल गायब थी। अजीत ने हाट में काफी खोजबीन की परंतु कहीं कोई पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि इस इलाके में लगातार साइकिलों की चोरी हो रही हैं परंतु पुलिस प्रशासन चोरी की घटनाओं में शामिल लोगों को पकड़ नहीं पा रही है इससे उनका मनोबल बढ़ते जा रहा है। वही बांकादा गांव में कमलाकांत तंतुबाई के घर के बाहर से एक बड़ा खस्सी की चोरी अज्ञात ने कर ली है। उसकी कीमत करीब 40 हजार होती।

## दिघी टैलेंट को हराकर दिघी बॉयज बना चैंपियन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड से सटे नीमडीह प्रखंड के बाड़ेदा पंचायत अंतर्गत जिलपा लाया मैदान, बूढ़ीबासा में रविवार को पीके क्रिकेट टीम की ओर से एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आठ टीमों के बीच आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मैच दिघी टैलेंट और दिघी बॉयज के बीच खेला गया। अंधेरा हो जाने के कारण फाइनल मैच 1-1 ओवर का खेला गया। जिसमें दिघी बॉयज ने दिघी टैलेंट को हराकर चैंपियन बना। विजेता दिघी बॉयज को 3100 रुपए और उपविजेता दिघी टैलेंट टीम को 2300 रुपए देकर कमिटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सुमन, निरंजन, दिलीप, डमन, धीरेन सिंह, संजय सिंह, माजित, सुबीर, भीष्म सिंह, महेंद्र सिंह व विप्लव महतो आदि का अहम योगदान रहा।

## फुटबॉल खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं : स्नेहा महतो



**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुकडू प्रखंड क्षेत्र के ओड़ीया में रविवार को एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतिथि के तौर पर निवर्तमान विधायक सविता महतो के पुत्री स्नेहा महतो शामिल हुई। इस दौरान कमेटी के सदस्यो द्वारा स्नेह महतो को पुष्प गुच्छदेकर सम्मानित किया गया। स्नेहा महतो ने फुटबॉल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। स्नेहा ने कहा स्थानीय फुटबॉल खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नही है। खिलाड़ी मन लगाकर खेल को खेले निश्चय ही लक्ष्य कि प्राप्ति होगी। इस अवसर पर काबलु महतो, इंद्रजीत महतो, नव किशोर हांसदा, धीरज महतो, टिंकू महतो, राहुल वर्मा आदि काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## दिघी गांव में महिला समिति ने चलाया नशा मुक्ति अभियान



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के दिघी गांव में रविवार को गांव के विभिन्न महिला समिति से जुड़ी महिलाओं ने नशा मुक्ति अभियान चलाकर गांव को नशा मुक्त करने में सभी लोगों से अपील की। इस बीच महिला समिति के सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के नारा लगाकर पूरे गांव का भ्रमण किया।दिघी पंचायत की मुखिया मंजू टुडू, जेएलकेएम के नेता देवब्रत महतो, महिला समिति के सदस्य जगधात्री महतो, स्नेहालता महतो, पार्वती महतो, झुनपुकी माहली, नियति मुखी, लक्ष्मी महतो, सरला महतो, आभा महतो, फुदकी महतो, सुमित्रा सिंह व ममता सहिस आदि उपस्थित थे।

## देशी महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में आचार संहिता लगते ही अवैध शराब के खिलाफ धर पकड़ अभियान भी तेज हो गया है। लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सालुकडीह गांव के 26 वर्षीय भूवनेश्वर उर्फ मलखान महतो को अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर जिला के पुलिस कप्तान के निर्देश पर थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर सालुकडीह गांव में छापामारी कर 35 लीटर अवैध महुआ शराब ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया। छापेमारी दल द्वारा 35 लीटर अवैध देशी महुआ शराब व एक हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक को भी जप्त किया गया। कागजी कार्रवाई के बाद अवैध शराब कारोबार के खिलाफ मामला दर्ज कर सरायकेला जेल भेज दिया गया।

### सीजन के पांचवा मैच सप्ताह का अंतिम मुकाबला जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आज

# हैदराबाद एफसी पर दबदबा कायम रखना जमशेदपुर एफसी का लक्ष्य




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के पांचवें मैच सप्ताह के अंतिम मुकाबले में शानदार फॉर्म में चल रही जमशेदपुर एफसी और जुझारू हैदराबाद एफसी 21 अक्टूबर, सोमवार को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भिड़ेंगी। जमशेदपुर एफसी ठोस शुरुआत को जारी रखना चाहती है जबकि हैदराबाद एफसी सीजन की अपनी पहली जीत की उम्मीद कर रही है।

**मजबूत स्थिति में है जमशेदपुर एफसी**

रेड माइनर्स गोल पोस्ट के सामने घातक रहे हैं, क्योंकि उन्होंने अपने पिछले सात आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में स्कोर किया है। वे सीजन की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत करके चार मैचों में नौ अंक जुटा चुके हैं।

वहीं रेड माइनर्स ने हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपने पिछले तीन मुकाबलों में जीते हैं, जिससे उनका दबदबा नजर आता है। अगर वे आगामी मैच जीत लेते हैं, तो आईएसएल इतिहास में किसी भी टीम के खिलाफ लगातार चार जीतने के अपने रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे।

**क्या हैदराबाद एफसी लय में आएगी?**

हैदराबाद एफसी ने अपने पिछले मैच में चेन्नइयन एफसी के खिलाफ क्लीन शीट हासिल की और अपने पिछले पांच मैचों में कम से कम दो गोल खाने का अनचाहा सिलसिला तोड़ा।

**आमने-सामने :** दोनों टीमें आईएसएल में एक-दूसरे से 10 बार भिड़ी हैं। जमशेदपुर एफसी ने पांच मैच जीते हैं जबकि हैदराबाद एफसी एक बार जीती है। चार मुकाबले ड्रा रहे हैं।

जमशेदपुर एफसी के हेड कोच खालिद जमील ने कहा, यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण मैच है। हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने एक अच्छी टीम से खेलेंगे। हैदराबाद पहले से अधिक मजबूत हुई है। हमें अच्छी तैयारी के साथ माकूल परिणाम पाने हैं।

हेड कोच थांगबोई सिंग्टो के अनुसार हैदराबाद एफसी पिछले कुछ हफ्तों में टीम के रूप से बेहतर हुई है। उन्होंने कहा, खिलाड़ी एक टीम के तौर पर मजबूत हुए हैं। फुटबॉल एक टीम खेल है। अगर वे इस भावना को मैदान पर उतारेंगे तो परिणाम अपने आएंगे।

## पोटका में भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा का विरोध तेज

**- फैसले को ले जुड़ी स्टेडियम में क्षेत्र के 326 बूथों के भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा आज**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** भाजपा हाई कमान द्वारा 66 प्रत्याशियों की सूची जारी करने के बाद पोटका में भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा का विरोध तेज हो गया है। इधर भाजपा के इस फैसले के खिलाफ पोटका के जुड़ी स्टेडियम में कल सोमवार को क्षेत्र के 326 बूथों के भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगेगा। इसी बैठक में पोटका से मीरा मुंडा के प्रत्याशी के समर्थन व विरोध में बैठक आहूत की गई है जिस पर अंतिम फैसला होना है। इस बाबत एसटी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र नाथ सरदार ने कहा कि यह प्रदेश का पहला भूमिज सीट है। इसके बाद भी भाजपा की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को टिकट दिया गया है, जिसका पोटका भाजपा विरोध करती है। उनकी मांग है कि स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच से टिकट दिया जाए। पोटका से भाजपा नेता उपेन्द्र नाथ सरदार व पूर्व भाजपा विधायक मेनका सरदार इस सीट से टिकट की प्रबल दावेदार थी, जिसे नजरअंदाज कर मीरा मुंडा को प्रत्याशी घोषित किया गया। इसी तरह की नाराजगी जिला युवा मंत्री गणेश सरदार, तपन कुमार मित्र, संतोष सरदार, सचिन बारीक, यदुपति गोप, नील कमल सिंह, तारिणी सेन सरदार, श्यामल महाकुड, घासी राम सरदार, मंगल पान, निरूप हांसदा,करन वीर गोप, तापस गोप, समेत पूरी भाजपा टीम कर रही है। इस बीच पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने विरोध के बीच क्षेत्र का दौरा किया व लोगो की समस्या सुनी।

## बहु, पत्नी और बेटे को टिकट, कार्यकर्ता सिर्फ झंडा ढ़ोने को : डॉ.अजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह पूर्वी से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी डा. अजय कुमार ने रविवार को बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि विश्व की सबसे पार्टी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बीजेपी में परिवारवाद पार्टी पर भारी है. दूसरों पर परिवारवाद का आरोप लगाने वाले बताए की रघुवर की बहू पूर्णिमा दास साहू, अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा और चंपाई के पुत्र बाबूलाल सोरेन को टिकट देना परिवारवाद के दायरे में आता है या नहीं. बीजेपी में महिला सशक्तिकरण का नायाब उदाहरण है पार्टी के किसी बड़े नेता की बहु, पत्नी और बेटे को टिकट दिया जाना. डा.अजय ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है कि इस पार्टी में एक भी नेता नहीं जो अपने दम पर जमशेदपुर पूर्वी से पार्टी को जीत दिला सके. इससे स्पष्ट है कि पार्टी के कार्यकर्ता सिर्फ झंडा ढ़ोने के लिए ही होते है. डा. अजय ने चुटकी लेते हुए कहा कि शायद बीजेपी में बहु,पत्नी और बेटे को टिकट देना परिवादवाद के दायरे में नहीं आता है. बीजेपी कार्यकर्ताओं और जमशेदपुर की जनता को यह समझना होगा कि जिस परिवार ने 25 वर्षो तक शासन किया और आज भी उनकी सोच सिर्फ अपने परिवार तक सीमित है.

## भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा ने किया चुनावी तैयारियों का शुभारंभ, वरिष्ठ नेताओं का लिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पुर्वी विधानसभा सीट से आधिकारिक घोषणा के दूसरे दिन ही पूर्णिमा दास ने अपनी चुनावी तैयारियों का शुभारंभ कर दिया है। रविवार को, भाजपा प्रत्याशी ने जमशेदपुर महानगर के कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं के घर जाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश सिंह यादव, वरिष्ठ नेता खेमलाल चौधरी, अचिंतम दास, लालचंद सिंह समेत अन्य प्रमुख नेताओं से उनके घर पर मुलाकात की। इन मुलाकातों में वरिष्ठ नेताओं व पार्टी के अभिभावकों ने न केवल उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, बल्कि उन्हें जीत का आशीर्वाद देकर विधानसभा चुनाव में बड़ी विजयी श्री की शुभकामनाएँ व्यक्त की। विशेष रूप से, अभय सिंह की माताजी ने उन्हें शगुन भेंटकर आशीर्वाद प्रदान किया, जिसे पूर्णिमा ने बहुत ही भावुकतापूर्ण रूप से स्वीकार किया और इसे जीत की आधारशिला बताई। इस दौरान पूर्णिमा दास के संग पुर्वी विधानसभा के कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

**प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर का शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न**

## मनोज सिंह अध्यक्ष, विनय पूर्ति महासचिव व अजय महतो कोषाध्यक्ष निर्वाचित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के आज हुए चुनाव में मनोज सिंह नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए. इसके अलावा महासचिव पद पर विनय पूर्ति व कोषाध्यक्ष के रूप में अजय महतो चुने गए. सर्किट हाउस एरिया स्थित निर्मल भवन में बैलेट पेपर से हुए चुनाव में मनोज सिंह भारी मतों से विजयी हुए. उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निवर्तमान अध्यक्ष प्रशांत सिंह पुतुल को लगभग 40 मतों से हरा दिया. वहीं महासचिव विनय पूर्ती ने निवर्तमान महासचिव अंजनी पांडेय को हराया एवं कोषाध्यक्ष अजय महतो ने निवर्तमान कोषाध्यक्ष विद्यासागर सिंह को करीब 44 मतों से शिकस्त दी. शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने दंडाधिकारी व पुलिस की प्रतिनियुक्ति की थी.

## विभिन्न पंचायत के सैकड़ों महिला और पुरुष ने झामुमो की ली सदस्यता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव के आवासीय कार्यालय में आज बंदगांव घाटी के नीचे हुड़गदा, ओटार और कराईकेला पंचायत के विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े महिला और पुरुष आज झामुमो की सदस्यता लिए। सभी को जिला झामुमो अध्यक्ष सह विधायक सुखराम उरांव ,प्रमुख ज्योति सीजुई, प्रमुख पिटी घनश्याम तीयू पंचायत समिति सदस्य पदमा दोगो विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई आदि ने माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मुख्य रूप से ओटार गांव से सत्यजीत महतो, अजीत महतो, विकास महतो, राजा महतो, मोहन मांझी, ब्रजो मांझी, गंगाराम मुंडा, शक्ति खंडाईत, राजेश खंडाईत, मंगल खंडाईत, अमरीका नायक, बासीराम दिग्गी, सोनाराम दिग्गी, रामनाथ गुंडुवा, प्रफुल्ले खंडाईत, दिनेश नायक, अजय खंडाईत, जयराम नायक, सदाशिव लोहार, प्रसेनजीत खंडाईत, संतोषी प्रधान, मंजू महतो, मुन्नी कुमारी, अंजना खण्डाइत, सरोजनी महतो, पिंकी खण्डाइत, पोदमा महतो, रानी मुंडारी, गुरुवारी माझी, कमल माहाती, नारतुम प्राधान, सुशीला बानरा, बबिता मुंडारी, निर्मला महतो, सोनिया बानरा, रानी बोदरा और मानकी बोदरा। वहीं गांव इटीहासा से सोमाय हेंब्रम, कालीचरण रविदास और मिलन हेंब्रम ने पार्टी की सदस्यता ली। जोइनिंग कार्यक्रम का संचालन प्रमुख पीटर घनश्याम तिउ ने किया। इस मौके पर शिव शंकर महतो, सुभाष नापित, मुकेश महतो, पंकज महतो मौजुद रहे। विधायक सुखराम उरांव ने संबोधित करते हुए कहा, चुनाव के वक्त आप सभी कार्यकर्ता का झामुमो में सम्मिलित होना पार्टी के द्वारा किए गए विकास कार्यो को दर्शाता है।

## कराईकेला के जंगल में नक्सलियों के खिलाफ अभियान, पुलिस को मिले दो एसएलआर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चाईबासा पुलिस ने कराईकेला थाना अन्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के जंगल में नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे गये दो एसएलआर बरामद किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने चाईबासा में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 18 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि मई 2024 में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई थी, जिसमें नक्सली बुधराम मुंडा मारा गया था। उक्त घटना के पश्चात नक्सली संगठन के ही अन्य सदस्य अमित मुंडा, प्रभात मुंडा, चमन उर्फ लम्बु, सालुका कायम, रिसिब उर्फ जिउरी, बुलबुल, बीर सिंह, हेमंती एवं संजय द्वारा कराईकेला थानान्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाडा के जंगल में हथियारों को छुपाकर रखा गया है। इसके आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), चाईबासा के नेतृत्व में सीआरपीएफ 157 बटालियन के साथ एक संयुक्त अभियान दल का गठन कर उक्त जंगल में सर्च अभियान शुरू किया।संयुक्त अभियान दल द्वारा अग्रतर सर्च अभियान के दौरान 19 अक्टूबर को कराईकेला थानान्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के आस-पास जंगल से दो एसएलआर रायफल बरामद किया गया। अभियान दल में पारस राणा, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), चाईबासा, चाईबासा पुलिस, सीआरपीएफ 157 बटालियन का ब्रेभो कंपनी एवं सैट 58 के जवान शामिल थे।

## रजक समाज का आंदोलन रंग लाया, छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने का मार्ग प्रशस्त होने से हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** महगामा की विधायक दीपिका पांडेय ने झारखंड विधानसभा में 29 जुलाई 2023 को जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, रांची आदि समेत पूरे राज्य में अनुसूचित जाति के छात्र- छात्राओं, युवाओं के जाति प्रमाणपत्र नहीं बनने का प्रश्न पूछा गया था। जिसमें झारखंड राज्य कार्मिक, प्रशासनिक राजभाषा सुधार विभाग के अवर सचिव संजय रजक ने विधानसभा में दीपिका पांडेय के पूछे प्रश्न का जवाब 31 जुलाई 2023 को दिया जिसमें झारखंड राज्य के सभी बसाये ओद्योगिक शहर जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो में जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने की बात मानी है। इसके बाद दीपिका पांडेय ने कम्पनी, रेल और सरकारी जमीन में बसे गरीब छात्र- छात्राओं, युवाओं का जाति प्रमाण पत्र बने इसके लिए रजक समाज के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मिलकर स्वयं, कार्मिक, प्रशासनिक, सुधार व राजभाषा विभाग में जाकर कार्मिक विभाग के मुख्य सचिव बंदना दादेल व सचिव प्रवीण टोपनो, अवर सचिव संजय रजक के पास रजक समाज के प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी में जमशेदपुर रजक समाज के द्वारा रजक समाज को टाटा कम्पनी से मिले 1932 व 1935 के धोबी घाट के लीज पेपर को दिखाया और बोला कि करीब 100 वर्षो से 3-4 पुश्तों से रह रहे अशिक्षित गरीब लोगों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनना गलत है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है। इसके बाद कार्मिक विभाग ने माना कि इसमें सुधार की जरूरत है। इसके बाद दीपिका पांडेय के झारखंड राज्य सरकार में मंत्री बनने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास इन समस्या को मजबूत तथ्यों के साथ रखा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वर्तमान नियमावली में जो क्रम संख्या 13 में स्थानीय जांच से जाति की पहचान की व्यवस्था है उसमें ही 10 अगस्त 1950 से पूर्व निवासित होने का पहचान के जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की व्यवस्था करने को कहा है इसके बाद मंत्री दीपिका पाण्डेय के जमशेदपुर आगमन के समय सर्किट हाऊस में रजक समाज के प्रतिनिधि अजय रजक की मौजूदगी में पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल को जाति प्रमाणपत्र शीघ्र बनाने की व्यवस्था करने को कहा। इसके बाद जिले के उपायुक्त ने रजक समाज को बुलाकर उनसे दस्तावेज मांगा और शीघ्र आमसभा लगाकर बनाने के उपाय करने की बात कही है। इसके लिये रजक समाज समेत सभी दलित समाज राज्य सरकार की मंत्री दीपिका सिंह पांडे के द्वारा एससी समाज के छात्रों के लिए संघर्ष करने पर दिल से आभार व्यक्त करता है। वहीं रजक समाज ने शनिवार को रांची स्थित आवास में जाकर पुष्पगुच्छ देकर आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधिमंडल में अजय रजक, शिव रजक, अशोक चौधरी, धनंजय लाल, रामलाल रजक, शेखर रजक, जीतेन्द्र राम आदि मौजूद थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## चुनाव ईवीएम से ही

**महाराष्ट्र** और झारखंड के विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम चुनाव आयोग ने घोषित कर दिया है। वायनाड और नांदेड़ लोकसभा सीटों के साथ-साथ 48 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी उपचुनाव होंगे। उप्र के बाद महाराष्ट्र सबसे बड़ा सदन है, लिहाजा 288 सदस्यों की विधानसभा है। यहां से 48 सांसद चुन कर लोकसभा में भी जाते हैं। उस लिहाज से एक और चुनावी महासमर सज गया है। चूंकि हरियाणा में कांग्रेस जीती हुई बाजी हारी है, लिहाजा महाराष्ट्र कांग्रेस और उसके कथित सर्वोच्च नेता राहुल गांधी के लिए 'अग्निपरीक्षा' से कम नहीं है। यदि महाराष्ट्र कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन की झोली में आता है, तो एक बार फिर विपक्ष ताकतवर, लामबंद होकर उभर सकता है। यदि महाराष्ट्र का जनादेश भी, हरियाणा की तर्ज पर, 'महायुति' (भाजपा-एनडीए) के पक्ष में रहा, तो प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा दावा कर सकेंगे कि 'भगवा' और 'विकास' का कोई जवाब नहीं। मोदी भी अतुलनीय नेता हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ जो छद्म नेरेटिव गढ़ा गया था और वह महाराष्ट्र समेत कुछ राज्यों में सफल भी रहा था, उसे एनडीए के पक्ष में जनादेश ध्वस्त कर सकता है अथवा भाजपा-एनडीए का नया नेरेटिव कारगर साबित हो सकता है। झारखंड अपेक्षाकृत छोटा चुनाव है और 81 सदस्यों की विधानसभा है। वहां भाजपा की संभावनाएं उज्ज्वल हैं। झामुमो के संस्थापक नेताओं में से एक चंपई सोरेन के भाजपा में आने के बाद आदिवासियों का एक पूरा क्षेत्र भाजपा की ओर ध्रुवीकृत हो सकता है। चंपई का उस इलाके में बहुत सम्मान है और उन्हें 'टाइगर' कहा जाता है। बहरहाल नवंबर में मतदान होने के बाद 23 नवंबर को दोनों राज्यों के जनादेश घोषित किए जाएंगे, लेकिन एक बार फिर 'ईवीएम' का सवाल और आपत्तियां भी सामने हैं। विपक्ष का एक तबका शिद्दत से मांग करता रहा है कि मतदान बैलेट के जरिए कराया जाए। चुनावों की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने ईवीएम पर सवालों के जवाब भी दिए और स्पष्ट किया कि मतदान ईवीएम के जरिए ही होंगे, क्योंकि यह 100 फीसदी सुरक्षित है। विपक्ष ने कई पुरानी आपत्तियों को भी दोहराया, जो आज अप्रासंगिक हैं। हरियाणा में अप्रत्याशित हार के बाद कांग्रेस ने ईवीएम पर ही ठीकरा फोड़ा है, लेकिन वह हरियाणा में ही 37 विधायकों की जीत के सवाल पर अनुत्तरित रहती है। कांग्रेस को तेलंगाना, कर्नाटक, हिमाचल जैसे राज्यों में और 99 लोकसभा सीटों पर जनादेशी जीत, ईवीएम के जरिए ही, हासिल हुई थी, उसका जवाब भी कांग्रेस नहीं देती। कांग्रेस को राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी ईवीएम के जरिए ही जीत हासिल हुई थी और सरकारें बनी थीं, तब ईवीएम की प्रौद्योगिकी पर सवाल क्यों नहीं उठाए गए? मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि ईवीएम पेजर की तरह 'कनेक्टिव' नहीं होती और न ही इसे हैक किया जा सकता है। इसकी सुरक्षा तीन लेयर की होती है। ईवीएम में बैटरी 6 दिन पहले डाली जाती है और मतदान, मतगणना के समय ईवीएम की चेकिंग की जाती है। हरियाणा की हार के बाद कांग्रेस ने ईवीएम की बैटरी सरीखे तकनीकी सवाल उठा दिए। बहरहाल जो सवाल उठाए गए हैं, चुनाव आयोग उनका जवाब जरूर देगा, क्योंकि हम लोकतांत्रिक देश में रहते हैं। दरअसल बार-बार ईवीएम पर सवाल उठाने के बजाय कांग्रेस और समूचा विपक्ष अपनी 'चुनावी हार' स्वीकार करने की हिम्मत क्यों नहीं कर लेता? जो जीत है, उसे भी ईवीएम की जीत माना जाए। हम अब 21वीं सदी में रहते हैं। प्रौद्योगिकी में हर रोज बदलाव आ रहे हैं, वह उन्नत हो रही है, उसे धारण करने के बजाय क्या हम 'बैलेट' वाले युग में ही रहना चाहेंगे? दुनिया जानती है कि बैलेट वाले दौर में पोलिंग स्टेशन के भीतर मतदान को किस तरह बदला जाता था, बूथ छापे जाते थे, जनादेश फर्जी होता था, क्या विपक्ष उसी 'मध्यकालीन दौर' में लौटना चाहता है? बैलेट मतदान में भी हार हुई, तो विपक्ष क्या करेगा? ईवीएम का मुद्दा सर्वोच्च अदालत तक जा चुका है, शीर्ष न्यायिक फैसला भी देश के सामने है।

> वायनाड और नांदेड़ लोकसभा सीटों के साथ-साथ 48 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी उपचुनाव होंगे। उप्र के बाद महाराष्ट्र सबसे बड़ा सदन है, लिहाजा 288 सदस्यों की विधानसभा है। यहां से 48 सांसद चुन कर लोकसभा में भी जाते हैं। उस लिहाज से एक और चुनावी महासमर सज गया है। चूंकि हरियाणा में कांग्रेस जीती हुई बाजी हारी है, लिहाजा महाराष्ट्र कांग्रेस और उसके कथित सर्वोच्च नेता राहुल गांधी के लिए 'अग्निपरीक्षा' से कम नहीं है। यदि महाराष्ट्र कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन की झोली में आता है, तो एक बार फिर विपक्ष ताकतवर, लामबंद होकर उभर सकता है। यदि महाराष्ट्र का जनादेश भी, हरियाणा की तर्ज पर, 'महायुति' (भाजपा-एनडीए) के पक्ष में रहा, तो प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा दावा कर सकेंगे कि 'भगवा' और 'विकास' का कोई जवाब नहीं।

### युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है

## लाइक-कमेंट के चक्कर में मौत की रील

डॉ. सत्यवान सौरभ

> सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है, उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज़्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की ज़रूरत है।

**युवा** अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज़्यादा लाइक्स के चक्कर में ख़ुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीस बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरुआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वह कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुक़सान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा ज़िन्दगी में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुँच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहर में ही युवाओं को फ़ेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है। युवा अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज़्यादा लाइक्स के चक्कर में ख़ुद को जोखिम में डाल रहे हैं। कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, लेकिन इसमें खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में ख़ुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से



खिलवाड़ कर डालते हैं। लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुँच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना, सिलीसेढ़ और बाँध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना। रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। इसका सीधा असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे और ज़्यादा सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस समस्या से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर युवाओं को वास्तविक जीवन के महत्त्व का अहसास कराना चाहिए। टेलेंट है तो बहुत से विषय हैं रील बनाने केयदि किसी में टेलेंट है तो जान को जोखिम में डालने वाली रील बनाने की बजाय मोटिवेशनल, संगीत, नृत्य, तकनीकी ज्ञान, सेहत से जुड़ी टिप्स, धर्म, विज्ञान, फिटनेस, हास्य-व्यंग्य, खान-पान सहित सैकड़ों विषयों पर रील बनाकर ख्याति अर्जित कर सकता है। रील्स की बजाय अपने दोस्तों के साथ समय गुजारें मॉर्निंग वॉक के साथ व्यायाम करने में समय बिताएंरील्स देखने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार हो रहे हैं, उन्हें मोबाइल से दूर रखेंबच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करेंबच्चों को वक्त दें, उनसे पारिवारिक बातें करें। फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए टेलेंट होना बहुत ज़रूरी है। यदि आपके अंदर टेलेंट है तो फॉलोअर्स अपने आप ही बढ़ जाएंगे। यदि युवा ट्रैक पर खड़े होकर रील बना रहे है तो बहुत ग़लत है। इससे दूसरे बच्चों पर भी ग़लत असर पड़ेगा। रील बनाने वालों के साथ उनकी वीडियो देखने वालों की भी मूर्खता है। इनका विरोध करना चाहिए। युवा जल्दी फेमस होने के लिए रील बना रहे हैं, जोकि बहुत ग़लत है। मैं कई जगह रेलवे ट्रैक और फ्लाई ओवर पर रील बनाते हुए युवाओं को देखता हूँ। उन्हें रील बनानी है तो सबसे पहले सुरक्षित जगह चुनें। बच्चे रेलवे ट्रैक या फिर रिस्क वाली जगह पर रील बना रहे हैं तो माता-पिता को इन पर निगरानी रखनी चाहिए। सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज़्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की ज़रूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करे, तारीफ करें। इससे बचने का यही उपाय है कि बच्चों को मोबाइल का प्रयोग कम करने दे। मोबाइल देखते समय बड़े उनके साथ ही रहें, जिससे वह कुछ ग़लत ना कर सके।

दृष्टि कोण

## बेकाबू महंगाई का सितम झेलती जनता

**भारत** सहित हिमाचल में इन दिनों हरी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं और महंगी सब्जियां आम लोगों की पहुंच से पार हो चुकी हैं। टमाटर के दाम ने तो सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। हिमाचल में जहां टमाटर 140 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है, वहीं हरा मटर 200 रुपए की दर से बिक रहा है। दूसरी सब्जियां भी 80-90 पार ही बिक रही हैं और सब्जी विक्रेताओं, आढ़तियों को कोई पूछने वाला नहीं है। आलू, प्याज, शिमला मिर्च सोने के भाव बिक रहे हैं। एक तरफ शादियों का सीजन चल रहा है, तो दूसरी तरफ त्योहारों के चलते लोगों की जेबें खूब ढीली हो रही हैं। सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों के दामों और एमआरपी पर कोई ठोस नियंत्रण न होने के कारण एक तरफ देश में गरीबों की हालत दयनीय होती जा रही है तो वहीं अमीरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। भारत में हाल के वर्षों में खाद्यान्नों के दाम बहुत ज्यादा बढ़ चुके हैं। ऊपर से, देश में रोजगार की स्थिति बेहद खराब है और लोगों की कमाई भी नहीं बढ़ रही है। इसलिए आम आदमी को पूरा आर्थिक परिदृश्य ही नकारात्मक नजर आ रहा है। हिमाचल प्रदेश के बाजारों में महंगाई बेलगाम होती जा रही है। ऐसे लगता है जैसे फल एवं सब्जियों के विक्रेताओं में नियम-कायदे और कानून का कोई खौफ नहीं है और वे मनमाने दामों पर सब्जियां और फल बेचकर मोटा मुनाफा कमाने में जुटे हुए हैं। ऊपर से तुर्रा यह है कि प्रशासनिक कार्रवाई, जुर्माने तथा दंड अथवा लाइसेंस कैंसिल होने का कोई डर न रहने के चलते शायद ही कोई सब्जी, फल विक्रेता अपनी दुकान में इनके दामों को प्रदर्शित करने वाला बोर्ड लगाने की जहमत उठाता होगा। त्योहारी सीजन के बीच में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में बढक़र 5.49 प्रतिशत हो गई, जो पिछले महीने 3.65 प्रतिशत थी। वहीं सितंबर में थोक महंगाई बढक़र 1.84 फीसदी पर पहुंच गई है। महंगाई बढऩे के पीछे खाद्य एवं सब्जियों की कीमतों में वृद्धि मुख्य वजह रही। रिटेल बाजार में खाद्य पदार्थों और सब्जियों के दाम चाहे कितने भी क्यों न बढ़ जाएं, लेकिन किसान वर्ग को इसका फायदा कभी भी नहीं मिलता है। इसके विपरीत जमाखोरों, स्टोरियों द्वारा जमकर खाद्य वस्तुओं की जमाखोरी की जाती है और बाजार में वस्तुओं का कृत्रिम अभाव पैदा कर महंगाई को बढ़ाकर चोखा मुनाफा कमाया जाता है। लिहाजा



आप समझ सकते हैं कि बढ़ती महंगाई की सबसे ज्यादा मार गरीब एवं मध्यम वर्ग को झेलनी पड़ती है। आज संपन्न नागरिकों को भी चाहिए कि वे वस्तुओं के संग्रह की प्रवृत्ति से बचें और महंगाई को दूर करने में सरकार का सहयोग करें। पहले से ही कम वस्तुओं को बेकार और बर्बाद न करें, विशेषकर शादियों, घरेलू कार्यक्रमों और धार्मिक उत्सवों में अन्न और सब्जियों की बर्बादी न करें। अधिकारियों से उम्मीद है कि वे खाद्य वस्तुओं, विशेषकर फल, सब्जियों की उपलब्धता पर नजर रखने के साथ-साथ उनके दामों को नियंत्रण में रखते हुए सब्जी विक्रेताओं को प्रतिदिन के भावों को लिखकर बोर्ड पर प्रदर्शित करने के लिए कहेंगे, ताकि गरीब एवं सामान्य जनता को उनके हाथों से लुटने से बचाया जा सके। इस बात से भी सभी भली-भांति परिचित ही हैं कि आम आदमी तक खाद्य सामग्री पहुंचने से पहले दलालों, बिचौलियों और आढ़तियों की जेबें गर्म हो चुकी होती हैं जबकि किसानों को कभी भी उनके उत्पादों के सही दाम नहीं मिलते हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रशासन को यह पता ही नहीं है कि बाजारों में सब्जियों के दामों और अन्य खाद्य वस्तुओं का क्या हाल है। आज अधिकारी वर्ग अपनी कुर्सियों तक सीमित होकर रह गए हैं। आज से 30-35 वर्ष पूर्व जब कभी भी महंगाई का जिन्न अपना सिर उठाता था तो विपक्षी दलों द्वारा जरूर धरना-प्रदर्शन और विरोध प्रदर्शन की खबरें देखने-सुनने को मिलती थीं। लेकिन अब जैसे राजनीतिक दलों को आम जनता को होने वाली परेशानियों से कोई लेना-देना ही नहीं है। मूल्य सूची तो शायद ही कोई दुकानदार लगाता होगा, बिल देना तो दूर की कौड़ी समझिए। बाजारवाद की लूट में अधिकांश व्यापारियों की मौज लगी हुई है और वस्तुओं के मूल्यों पर सरकारी नियंत्रण कहीं नहीं दिखाई पड़ रहा है। आम ग्राहक सरेआम लुट रहा है। क्या आयकर विभाग ऐसे विक्रेताओं की कमाई तथा टैक्स देयता की भी जांच पड़ताल करेगा? प्रश्न यह भी उठता है कि जब देश में जीवनोपयोगी वस्तुओं की बहुलता है तो फिर मूल्यवृद्धि क्यों और किसान गरीब क्यों? यह सही है कि जनसंख्या में वृद्धि हो रही है, लेकिन वैश्विक सहयोग और कई अन्य उपायों से वस्तुओं की उपलब्धता में भी उसी अनुपात में बढ़ोतरी हो रही है, तो भी चीजें इतनी महंगी क्यों बिक रही हैं और महंगाई का बोलबाला क्यों है? अच्छे मानसून और बेहतर पैदावार के बावजूद खाद्य वस्तुओं का कृत्रिम अभाव कौन पैदा कर रहा है, क्यों सरकारें इन पर लगाम नहीं लगा पा रही हैं? लोकतंत्र में राजनीतिक दलों को भी तो अंततः जनता जनार्दन की कृपा से ही सरकारें बनाने का सुफल मिलता है, तो फिर क्यों वे आम जनता के हितों को नजरअंदाज करते हैं? सरकार को चाहिए कि वह आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और कालाबाजारी निवारण एवं आवश्यक वस्तु आपूर्ति रखरखाव अधिनियम 1980 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करे। अंततः सवाल उठता है कि क्या सरकार और अफसरशाही के पास इस लूटपाट को अंजाम देने वाले जमाखोरों, मुनाफाखोरों और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्रवाई करने का जीवट है।

कुछ अलग

## फडफ़ड़ाती जिंदगी...

**मुर्दा** होंठों पर थोड़ी सी जिंदगी के लक्षण, थोड़ी सी फडफ़ड़ाहट अभी दिखाई नहीं दी। कैसे दिन गुजर गए। अकल्पनीय, दुख और क्षोभ के हर सीमांत से परे। इस देश के लोगों को आज तक बड़बोले बायोस्कोप दिखाए गए हैं। इस बायोस्कोप में से दादी मां के जादुई पिटारे सा ऐसा शब्दजाल निकाल कर महामना रचते रहे कि लोगों को हमेशा लगता रहा कि सच उनके वोटों से रचा हुआ उनका सुनहरा संसार अभी निकल कर सामने आया कि आया। अच्छे दिन उनकी जेब में रखे किसी विदेशी कीमती पेन की तरह चमक रहे हैं। अब कोई हाथ बेकार नहीं रहा, नौकरियां उनके पीछे-पीछे चलेंगी और भूखे पेट पर तबला बजाओ। अब ऐसा किसी गाने, किसी नाटक के संवाद में भी कहा या बोला गया तो सबको गलत लगेगा। गंदी बस्तियां महानगरों का पिछवाड़ा होती हैं। यह सच हम भूल जाएंगे। न मक्खी रहेगी न मच्छर, न कूड़ा रहेगा और न कर्कट। स्वच्छ भारत के नारों से आकाश कुछ इस प्रकार गूंजने लगा, कि लगता पर्यावरण प्रदूषण बखानने वाले युग बोध से कट गए। ऐसा नहीं कि इस जागते देश में पहले विषाणु नहीं थे, लेकिन ये विषाणु नजर आते थे। नौकरशाही की फाइलों के नीचे लगे चांदी के पहियों के रूप में नजर आते थे कि जो नागरिकों के दिए गए समयबद्ध सेवा के अधिकार को बातूनी बना देते। इस सेवा के सूचना पट्ट नजर आते, नीचे वही ठनठन गोपाल। अधूरे प्रोजैक्ट्स, गुम कर दी गई फाइलें और क्लर्कों से लेकर अफसरशाही तक का सेवा चाहने वालों के बारे में स्मृतिभ्रम। अपनी जिंदगी बस इसी तारीख पर तारीख में इन दफ्तरों की दहलीजों पर अपने जूतों के तलवे घिसाने में गुजर गई। काम अभी भी स्थगन के भंवर में हैं और इसकी चौकी उठा कर विलम्ब के अंधेरों में पहुंचा देने वाले महानुभाव हमारी पकड़ में न आए। परंतु इन्हें विषाणु कैसे कह देते, शक्लोसूरत से तो हम जैसे बेचारे से लोग लगते थे। कड़ी फटकार से इन पर कभी असर नहीं होता। कायदा-कानून और दण्डविधान को इनकी ऐसी दवा बता दिया गया जो कभी कारगर होती अभी तक नजर नहीं आई। फिर आया मध्यजनों और बीच के दलालों का युग। देश के कायाकल्प में गैर-सरकारी सेवा संस्थानों का महत्व बहुत बताया जाता रहा है। जहां बैंक और सरकारी वित्तीय संस्थान काम न करें, वहां ये गैर-कानूनी सेवा और वित्तीय संगठन सब कुछ कर गुजरते हैं, सुनते हैं। सपना है, अमरीका और चीन जैसे बाहुबलियों को पछाड़ कर दुनिया का सबसे शक्तिमान महाबलि बन जाने का और कहां देश में ऐसी मंदी, ऐसी बेरोजगारी और ऐसी महंगाई आ गई कि जैसी पिछले कई वर्षों से न देखी थी। स्वतःस्फूर्त विकास के सब सपने धराशायी हो गए। खेतीहर देश भारत में खेतीबाड़ी सदा पूरी आबादी का दो-तिहाई काम रही है। कृषि इस देश में जीने का ढंग थी। लेकिन जब इस देश ने शक्तिमानों के सामने सलाम के सिवाय जीने का कोई और ढंग ही नहीं सीखा, सदियों गोरे अंग्रेजों को कोर्निश बजाते रहे। अब नए मालिक भा गए तो उनकी जी हजूरी में सलाम बजाने लगे। हमारे मीरे कारवां इन झूठी गवाहियों के बल पर देश की अभूतपूर्व तरक्की को उपलब्धि बताते रहे। हम इन विजय यात्राओं के इस कारवां के गुजर जाने के बाद अपने अतीत के गौरव को शिरोधार्य करके रसलिल्लाह हो जाने का अभ्यास कर रहे हैं। भूख और बेकारी से ग्रस्त लोग कभी शहरों से गांव और फिर गांव में भी आसरा न पा शहरों की ओर वापस भागते नजर आते हैं।

देश दुनीया से

## 'करना' या 'बन जाना'

> संपन्न और आरामदायक जीवन जीते हुए राबर्ट कियोसाकी जब मोटे हो गए तो उन्होंने अपनी मानसिकता बदली और शीघ्र ही उन्होंने वजन घटा लिया। उनके मित्रों और प्रशंसकों ने जब उनसे पूछा कि वजन घटाने के लिए उन्होंने क्या किया, यानी किस तरह की डाइटिंग की, किस तरह के व्यायाम किए, तो उन्होंने जवाब दिया कि हमें यह समझना चाहिए कि परिवर्तन दिमाग से शुरू होते हैं, या यूं कहें कि दिमाग में शुरू होते हैं। जब मैं मोटा हो गया था और मैंने अपना वजन घटाने का निश्चय कर लिया तो मैं जानता था कि मुझे अपने विचार बदलने थे और सेहत के बारे में खुद को दोबारा शिक्षित करना था। इसलिए मैंने जो किया, वह उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना यह कि मैंने अपनी सोच को बदला, नया ज्ञान प्राप्त किया और उस ज्ञान को जीवन में उतारा।

**रिच डैड** पुअर डैड और 'कैशफ्लो क्वाड्रैंट' जैसी समयातीत पुस्तकों के जापानी मूल के विश्व प्रसिद्ध अमरीकी लेखक की एक साधारण सी बात ने मेरी सोच को एक नई दिशा दी थी। संपन्न और आरामदायक जीवन जीते हुए राबर्ट कियोसाकी जब मोटे हो गए तो उन्होंने अपनी मानसिकता बदली और शीघ्र ही उन्होंने वजन घटा लिया। उनके मित्रों और प्रशंसकों ने जब उनसे पूछा कि वजन घटाने के लिए उन्होंने क्या किया, यानी किस तरह की डाइटिंग की, किस तरह के व्यायाम किए, तो उन्होंने जवाब दिया कि हमें यह समझना चाहिए कि परिवर्तन दिमाग से शुरू होते हैं, या यूं कहें कि दिमाग में शुरू होते हैं। जब मैं मोटा हो गया था और मैंने अपना वजन घटाने का निश्चय कर लिया तो मैं जानता था कि मुझे अपने विचार बदलने थे और सेहत के बारे में खुद को दोबारा शिक्षित करना था। इसलिए मैंने जो किया, वह उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना यह कि मैंने अपनी सोच को बदला, नया ज्ञान प्राप्त किया और उस ज्ञान को जीवन में उतारा। सोच को ही बदल देने के कारण ही संभव हो सका कि मैंने न केवल वजन घटा लिया, बल्कि उसे दोबारा बढऩे से भी रोक सका। कुछ 'करने' या कुछ 'बन जाने' के अंतर का यह बेहतरीन उदाहरण था कि खानपान बदलने और व्यायाम शुरू करने से पहले राबर्ट कियोसाकी ने अपनी सोच को बदला। सहज संन्यास मिशन परिवर्तन की मानसिक यात्रा पर ले चलने वाला ऐसा मंच है जो समाज को 'करने' और 'बन जाने' का अंतर समझाने के काम में जुटा है। आइए, इस पर जरा बारीकी से गौर करते हैं। यदि हमें किसी व्यक्ति से कोई काम लेना हो तो हम बहाने ढूंढ़-ढूंढ़ कर उसकी प्रशंसा करते हैं, दरअसल वह प्रशंसा नहीं होती बल्कि वह चापलूसी है क्योंकि हम स्वार्थवश ऐसा कर रहे हैं। सामने वाला वह व्यक्ति हमें अच्छा लगे या न लगे, हम उसकी बड़ाई इसलिए करते हैं क्योंकि हमें उससे अपना कोई काम निकलवाना है। यह हो सकता है कि जब हम उसकी प्रशंसा कर रहे हों तो हमारे मन में उसके प्रति खिसियाहट हो, द्वेष हो और असल में हम उससे नाराज हों, लेकिन अपने स्वार्थ की खातिर न केवल हम अपनी नाराजगी छुपाते हैं, बल्कि झूठ-मूठ में उसकी प्रशंसा भी करते हैं, यह काम सिर्फ 'करने' का उदाहरण है। जब हम अनमने मन से कोई अच्छा काम करें तो वह सिर्फ 'करना' है, 'होना' या 'बनना' नहीं है। जब हम अपनी मानसिकता बदल लेते हैं और यह समझ लेते हैं कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति शत-प्रतिशत आदर्श व्यक्ति नहीं है, उसी तरह जिस तरह हम भी शत-प्रतिशत आदर्श व्यक्ति नहीं हैं और हम में भी कई कमियां हैं। जब हम लोगों को और उनकी कमियों को उसी रूप में स्वीकार करना आरंभ कर देते हैं, जब हम उनकी तथाकथित कमियों के बावजूद उनसे प्रेम करने की भावना विकसित कर लेते हैं, तो हमने अपनी सोच को बदला, सोच को परिष्कृत किया और हम एक बेहतर इनसान बन गए। यह सिर्फ 'करना' नहीं है, 'होना' है, 'हो जाना' है, 'बन जाना' है, यह परिवर्तन है और स्थायी है। जब हमारे दिल और शब्दों में सीधा संबंध होता है तो हम दिखावा नहीं कर रहे होते, हमारी जुबान हमारे दिल की बात कहती है, हम सिर्फ अच्छे दिखते नहीं, सिर्फ अच्छे काम करते नहीं, बल्कि मन से, आत्मा से भी अच्छे हो जाते हैं। 'करने' और 'बन जाने' का यह अंतर हमारा जीवन ही बदल देता है। जब हमारी सोच बदलती है तो हम सफलता के नए सोपान तय करते हैं, तब हम प्रचुरता में जीवन जीते हैं और सुखी और खुशी का जीवन जीते हैं। आज हमें सहज संन्यास मिशन के 'एचएचपीपी' फार्मूले को समझने की आवश्यकता है जो हमें हैल्दी, हैपी, पीसफुल और प्रासपेरस, यानी, स्वस्थ, खुश, शांत और समृद्ध होने की राह दिखाता है, वरना यह भी जाना-माना सच है कि बहुत से अमीर लोग या सफल दिखने वाले लोग भी अपने जीवन में इतने परेशान होते हैं कि आत्महत्या तक का खतरनाक कदम उठा लेते हैं, और दुनिया को तब पता चलता है कि सफल दिखने वाला व्यक्ति असल में खुद कितना दुखी था। अपनी सोच में बहुत छोटे-छोटे बदलाव करके हम सब स्वस्थ, खुश, शांत और समृद्ध बन सकते हैं और हमारा देश उन्नति की राह पर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सकता है। जब हम सिर्फ कुछ करते हैं, पर उस काम के लिए मन से सहमत नहीं हैं तो वह सिर्फ 'करना' हैं क्योंकि हमारी सोच में और हमारी मानसिक स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया, लेकिन जब हम जो कुछ भी कर रहे हैं उसे अपने दिल, दिमाग और आत्मा में पूरी तरह आत्मसात कर लेते हैं तो हम वैसे ही 'हो जाते' हैं, वैसे ही 'बन जाते' हैं, जैसे काम करते हैं। 'हो जाना' या 'बन जाना' पहले घटित होता है और हमारे काम उस बदलाव के, उस परिवर्तन के प्रतिफल स्वरूप हैं, तो कहीं कोई दिखावा नहीं है, आवरण नहीं है, छल नहीं है। इस स्थिति को अंग्रेजी में 'स्टेट ऑफ लविंग कांइडनेस' (प्यार भरी दयालुता की स्थिति) कहकर परिभाषित किया गया है। तब हम निस्वार्थ भाव से सबसे प्रेम करते हैं, अपनों से भी, मित्रों से भी और अनजान व्यक्तियों से भी।

आप का नजरीया

## पर्वतीय ट्रांसपोर्ट सिस्टम

**पर्वतीय** यातायात के दबाव, भविष्य की जरूरतें और जीवन की बदलती रफ्तार के कारण हिमाचल जैसे राज्यों को कई विकल्प, तकनीक और अंतरराष्ट्रीय नवाचार से सीखना होगा। भुंतर से जयपुर की उड़ान अपने संपर्क के आकाश में जो खोज रही है, उसका तात्पर्य यातायात की सहजता में मिलेगा। हिमाचल को परिवहन का अनुभव बदलने के लिए नित नए विकल्प चाहिए। बेशक हवाई यात्राओं का खाका बड़ा हो रहा है और हेलीपोर्ट के जरिए कई अनछुए रास्ते अब आकाश को छूने के लिए लालायित हैं। हिमाचल ने कमोबेश यह सीख लिया है कि उसे अपनी तरक्की के रास्तों पर विमान सेवाओं, हेलीटैक्सी आपरेशन व रज्जु मार्गों को अपने स्तर पर वरीयता देनी होगी। इसी संदर्भ में शिमला रोप-वे व कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार इस सदी की दिशा बदलने के सूचक बनने जा रहे हैं। न्यू डिवेलपमेंट बैंक (एनडीबी) और केंद्र सरकार के सहयोग से बनने वाला करीब चौदह किलोमीटर लंबा रज्जु मार्ग, हिमाचल के शहरीकरण को विकास की एक नई तहजीब देगा। देश का सबसे लंबा पर्वतीय ट्रैफिक सिस्टम शिमला की जीवंतता को एक ऐसे मकाम पर पहुंचाएगे, जहां पर्यटक सीजन के ट्रैफिक जाम से निजात व राजधानी की भीड़ को सुविधाजनक व गतिशील वैकल्पिक यातायात व्यवस्था मिलेगी। यह दीगर है कि इस परिकल्पना के परिदृश्य में कई और संभावनाएं नक्शे पर आएंगी और इस सफलता के पैमाने पर्वतीय ट्रांसपोर्ट सिस्टम की व्यापकता में शहरीकरण, पर्यटन व माला ढुलाई प्रबंधन को दिशा बदल सकते हैं। खासतौर पर सेब व माल ढुलाई के नेटवर्क अगर ऐसी ही रोप-वे परियोजनाओं को आगे बढ़ाते हैं, तो कल की सब्जी व फल मंडियां एक नए प्रारूप में होंगी। हिमाचल में मंदिर पर्यटन के साथ रज्जु मार्गों का नेटवर्क जुड़ता है, तो नयना देवी की तर्ज पर टारना देवी, चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, दियोटसिद्ध व बालासुंदरी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोप-वे स्थापित किए जा सकते हैं। इसी तरह फैलते शहरों के आगोश में बिगड़ती परिवहन सेवाओं में सुधार तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए मनाली, धर्मशाला व मंडी जैसे शहरों में ट्रैफिक ट्रांजिट सिस्टम के तहत रज्जु मार्गों के विकल्प तैयार करने होंगे। हिमाचल की हालिया करवटों में अगर शिमला रोप-वे एक संभावना से यथार्थ की ओर बढ़ रही है, तो इसी तरह कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार भी आने वाली सदियों से संबोधित है। पल भर की दुनिया को मु_ी में भरने की कोशिश में, इंकलाब तब आता है जब जज्बात की बारात निकलती है। कांगड़ा एयरपोर्ट एक ऐसी परिकल्पना है जो एक ओर नरम सियासत की हिदायतों की पेशबंदी में फंसी है, तो दूसरी ओर सदी की वकालत में कठिन मोर्चे पर खड़ी है। विकास की तहरीरें अब बदल रही हैं। यह सारा साजोसामान बदलना होगा, घर में रोशनी के लिए खिडक़ी बदलनी होगी। हिमाचल को आगे बढ़ता हुआ देखने के लिए ख्वाब बदलने पड़ेंगे और इसकी जद्दोजहद में राजनीतिक कारवां अब यह न सोचे कि पुरानी राहों पर ही कोई चमत्कार होगा।

# समन्वय समिति सिंघानी के द्वारा मां दक्षिणेश्वरी भगवती पहाड़ी मंदिर में मंदिर से संबंधित प्रखंड स्तरीय किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** दक्षिणेश्वरी मां भगवती पहाड़ी मंदिर को लेम्बोईया गांव के नाम पर माता व लेम्बोईया महारानी कहे जाने वाली मां भगवती मंदिर को लेकर तथा मंदिर के नीचे एनटीपीसी भवन व सांसद मद का भवन जो सिंघानी के सीमाने में बना हुआ उस भवन में भी लेम्बोईया लिखे जाने व आधिपत्य जमा कर मनमानी तरीके से शादी विवाह समारोह में एक बड़ी राशि 3000 तीन हजार रुपए वसूले जाते हैं। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर चर्चा कर समाधान के लिए प्रखंड स्तरीय एक बैठक बुलाई गई। जिसमें मैं प्रबंधन समिति के मानिन लोग उपस्थित नहीं हुए। बाकी प्रखंड के अन्य पंचायत से बैठक में अपना सहभागिता दिए। और चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया की अगली बैठक दीपावली व छठ पूजा के बाद पुनः मां दक्षिणेश्वरी भगवती पहाड़ी मंदिर में ही बैठक रखा जाए और इसमें प्रबंधन समिति के सारे माननीय सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया जाए। अगली बैठक के लिए एक पांच सदस्य कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष जिला परिषद रामसेवक भगत व उपाध्यक्ष दुलिराम दांगी सेवानिवृत शिक्षक नावाडीह से तथा सदस्य नकुल देव तिवारी, हरिलाल दांगी, सुखसागर राणा इस बैठक की अध्यक्षता हरिलाल दांगी ने किया व संचालन सुखसागर राणा ने किया इस बैठक में घनश्याम रजक शिक्षक, सेवानिवृत्त रामचंद्र राम शिक्षक, सेवानिवृत्त नारायण राम दांगी, शिक्षक नावाडीह से गौतम सिंह, प्रोफेसर राजेंद्र दांगी, सुरेश पांडे, सुरेश दांगी, शंभू नाथ राणा, डॉक्टर श्री प्रकाश कुमार दीवाना, शिक्षक पिंटू दांगी, रंजन कुमार रजक, राजा कुमार, मिथुन कुमार रजक खेमन दांगी अनिल राणा, सतीश कुमार सिन्हा, खेमन दांगी, तारकेश्वर दांगी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# एसडीओ ने किया अंग्रेजी शराब दुकान के साथ अन्य दुकानों में छापेमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत आने को मिठाई दुकान एवं होटलों में सिमरिया अनुमंडल प्राधिकारी सन्नी राज ने बीते शनिवार की देर साम छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें फास्ट फूड के दुकान द्वारी, गंगापुर, जपुआ जैसे संचालित होटलों में छापेमारी किया। वही एसडीओ ने गिद्धौर मुख्य चौक स्थित संचालित अंग्रेजी शराब दुकान का जांच किया। इस दौरान एसडीओ ने स्टॉक पंजी समेत दुकान में रखे शराब की जानकारी जुटाई। वहीं दुकान में रखे 2 वर्ष पुराने शराब से संबंधित कई पूछ ताछ किया। एसडीओ ने उचित मूल्य पर शराब बेचने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, उत्पाद विभाग के आशीष कुमार पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

## डांडिया गरबा नृत्य करने वाले बच्चियों ने पिकनिक का लिया आनंद एवं हुए सम्मानित



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में बिते नवरात्र के दरमियान प्रथम दिन से लेकर नवमी तिथि तक डांडिया गरबा नृत्य करने वाले बच्चियों ने रविवार को पिकनिक का आनंद उठाया।तो वही डांडिया गरबा टीम के ओर से कॉपी कलम देकर सम्मानित किया गया। यह कार्य डांडिया गरबा के अध्यक्ष प्रेम राणा सचिन देवदीप पासवान के नेतृत्व में करवाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी समाजसेवी देवनारायण दांगी उपेंद्र दांगी संतोष दांगी प्रकाश दांगी उपस्थित थे। डांडिया गरबा नृत्य के बच्चियों द्वारा इन अतिथियों को बुक के देकर सम्मानित किया गया। तथा मुखिया के हाथों से बच्चों को कॉफी एवं कलम देकर सम्मानित किए गए जहां लगभग 65 बच्चियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिए थे।

## सार्वजनिक छठ पूजा समिति का हुआ विस्तार



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत मुख्यालय गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति 2024 में भी छठ पूजा मनाने को लेकर तैयारी जोर-शोर से किया जा रहा है। जहां छठ पूजा समिति का विस्तार लोगों ने कर लिया है। जिसमें अध्यक्ष राजेश कुमार कुशवाहा उपाध्यक्ष विकास कुमार उर्फ चंदन महासचिव कवींद्र कुमार सचिव मनोज होंडा एवं दीपक कुमार कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार एवं पिंटू कुमार सह कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार एवं दिनेश कुमार निर्देशक अनिल कुमार एवं मनोज वर्मा संचालक विक्की कुमार उर्फ विकास मुख्य संरक्षक उपेंद्र दांगी प्रवक्ता मंटू कुमार एवं उपेंद्र कुमार दांगी का नाम समिति में चयन किया गया है। इनके साथ ग्रामीणों का भरपूर सहयोग है। और ब्लॉक मोड़ से लोटार डेम छठ घाट तक साफ सफाई के साथ-साथ साज धाज के कार्यों में जुड़ गए हैं। तथा जगह-जगह पर सेल्फी दृश्य का भी निर्माण किया जा रहा है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार छात्र के तहत तिलैया में लगा शिविर

# गरीबी उन्मूलन एवं डायन प्रथा अंधविश्वास से संबंधित लोगों को किया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत तिलैया गांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा रविवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां चतरा के सचिव महोदय के आदेशानुसार कानूनी से संबंधित एवं अंधविश्वास मुक्त हो ग्रामीण को लेकर जागरूकता अभियान चलाते हुए गरीबी उन्मूलन, डायन प्रथा संबंधी ग्रामीणों को जागरूक किया गया और अंधविश्वास में नहीं आने की बातें ग्रामीणों को बताया गया। इससे जुड़े पीएलभी शम्भु कुमार राणा के टीम के साथ साथ दर्जनों ग्रामीण महजुद थे।

# सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत किए जा रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान 13 नवंबर 2024 को होना है। सभी मतदाता अपने मत की महत्व को जानकर 13 नवंबर को मतदान करें। इसके लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी शकील अहमद, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार रॉय एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतापपुर अभिषेक पांडेय के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे दुकान दुकान जाकर दुकानदारों और सामग्री खरीदने आने वाले लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावे रैली, बैनर पोस्टर, प्रचार रथ समेत अन्य माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक किया गया। वहीं अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप के निर्देश पर विशेष कार्यक्रम का भी आयोजन करने की तैयारी की गई है।

## मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन प्रत्याशी मनोज चंद्रा के नामांकन में होंगी शामिल



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल मुख्यालय के सिमरिया कर्बला मैदान में पंडाल लगाने का कार्य शुरू है। यह पंडाल 22 अक्टूबर को जेएमएम सह महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा नामांकन करेंगे। नामांकन में मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधान सभा के विधायक कल्पना सोरेन शामिल होंगे। जहां मुख्य मंत्री और कल्पना सोरेन की आने की तैयारी में यह पंडाल का कार्य किया जा रहा है। नामांकन में विधान सभा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता एवं महिला पुरुष समर्थक शामिल होंगे।

# काली पूजा मनाने को लेकर बैठक संपन्न, कमेटी का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ बेसिक स्कूल के प्रांगण में रविवार को काली पूजा मनाने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि काली पूजा के अवसर पर बालूमाथ दुर्गा मंडप के परिसर में पहली बार काली पूजा मनाया जाएगा। वही पूजा को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विक्रांत सिंह, उपाध्यक्ष सुनील आर्य, विजय कुमार, मोनू पासवान, पंकज यादव, अरविंद ठाकुर, दीपक साव, गौतम ठाकुर, तुलसी कुमार सचिव छोटू कुमार, टिंकू पासवान, चंदन स्टील, ओम पांडे, महासचिव उपेंद्र रंगीला, पिंकू साव, उपाध्यक्ष विपिन बिहारी, अनिल प्रजापति, मीडिया प्रभारी, राजेश साब, कुंदन कुमार, संरक्षण मंडली गजेंद्र रजक, अमित कुमार, दीपक बाबा, विजय प्रसाद, विशाल कुमार, अरुण कुमार, बनाये गए। इस मौके पर प्रिंस केसरी, संदीप कुमार, राजू कुमार, राहुल कुमार, सचिन यादव, अमरकांत कुमार, अमन प्रजापति, उत्कर्ष कुमार, आशीष कुमार, मिथिलेश कुमार, मौसम कुमार, अनूप यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## बारियातु में शौण्डिक समाज का बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर विवाह मंडप परिसर में रविवार को शौण्डिक समाज की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता शौण्डिक समाज के एकीकृत प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार ने किया। इस बैठक में समाजिक उत्थान से संबन्धित व शौण्डिक भवन निर्माण कार्य को लेकर चर्चा किया गया।मौके पर उपस्थित संजय प्रसाद ने बताया कि मेरे पिता स्व 0 देवनारायण साहू ने समाज हित के लिए भवन निर्माण को लेकर 016 डिसमिल जमीन बालूमाथ में दान दिया था।उसी भुमि पर भवन निर्माण करवाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने भवन निर्माण के लिए सहयोग करने के लिए सहमति जताया। साथ ही बारियातू प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजेश प्रसाद, सचिव संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद संरक्षक दिनेश प्रसाद, उमेश प्रसाद व मोती प्रसाद को बनाया गया। जबकि सदस्य आशीष कुमार, राहुल कुमार रणधीर साहू केशव प्रसाद सहित अन्य को बनाया गया। समाज के लोगों को संबोधित करते हुए एकिकृत प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि अपने समाज में सभी को साथ लेकर चलने कि आवश्यकता है।अमिरी गरिबी का भेद भाव अपने समाज के लोगों के साथ नहीं करना चाहिए। मौके पर,सुरेंद्र प्रसाद,भरत प्रसाद,शिव प्रसाद, विष्णु देव प्रसाद, केशव प्रसाद सहित बालूमाथ, बारियातू व हेरहंज के अन्य लोग उपस्थित थे।

# मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वीप के तहत जिले अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।इसी क्रम में रविवार को लातेहार जिले के मुंगेर पंचायत के हरख गांव में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत चुनावी अखरा का आयोजन कर ग्रामीण मतदाताओं को मतदान की महत्ता पर जानकारी देते हुए मतदान तिथि 13 नवंबर को अपने नजदीक मतदान केंद्र पर जाकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर चंदन, डीपीएम जेएसएलपीएस संतोष कुमार के द्वारा मौके पर उपस्थित जनों को एक-एक वोट के महत्व के बारे में अवगत करवाया गया। इस दौरान सभी मतदाताओं को निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करने को प्रेरित किया गया।

## एकल अभियान का मतदाता जागरण व सहायता केंद्र का शुभारंभ



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकल अभियान, अंचल लातेहार के चंदनडीह कार्यालय में रविवार को विधानसभा 2024.का मतदाता जागरण एवं सहायता केंद्र का शुभारंभ किया गया।इस आशय की जानकारी अंचल अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि इसका उदेश्य शत प्रतिशत मतदान व राष्ट्रहित में मतदान करना है। इससे पहले एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ अंचल समिति द्वारा द्वीप प्रज्वलित व ब्रह्मनादकर किया गया। बैठक में कहा एक सशक्त लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है।राष्ट्रनिर्माण हमारा मुख्य उदेश्य है। मतदाताओं से बिना किसी लोभ व प्रलोभन के मतदान करने की अपील की गयी।बैठक में एकल अभियान के आगामी गतिविधियो की चर्चा की गयी। बैठक में अभिनंदन प्रसाद के अलावा अंचल उपाध्यक्ष संजय कुमार तिवारी, अंचल सचिव महेंद्र प्रसाद,अंचल कोषाध्यक्ष गया प्रसाद, अंचल कोषाध्यक्ष संस्कार मनमोहन राम, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रभारी नरेश पांडेय, रानी कुमारी,आदि मौजूद थे।

## 13 नवंबर को वोट डालने कि किया अपील



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा चुनाव में जिले के सभी मतदाता अपने बूथ पर जाकर मतदान करें, इसके लिये स्वीप के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के नेतृत्व में अनोखी पहल करते हुए सतबरवा के मलय डैम में विन्हिन्न प्रकार की जल क्रीड़ा का आयोजन किया गया।इस दौरान डीईओ ने डैम के बीच से स्वीप का झण्डा को बुलंद किया,वहीं गुब्बारे उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।इस दौरान उपायुक्त, नगर आयुक्त जावेद हुसैन,छत्तरपुर एसडीओ आशीष गंगवार,सदर एसडीएम ने कयाकिंग का भी लुत्फ उठाया।इसके पूर्व सभी अधिकारियों ने मलय डैम परिसर में पौधरोपण भी किया।सतबरवा के मलय डैम परिसर में फ्यूचर के मतदाता,पहली बार के मतदाताओं द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षित करने वाले रंगोली बनाया गया था यह सभी रंगोली में मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश लिखे गये थे।इसी तरह सभी फ्यूचर मतदाताओं ने चार्ट पेपर में पैंटिंग बनाकर लोगों से 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की।वहीं कई छात्राओं ने अपने हाथों में मेहंदी लगाकर भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।इस अवसर पर सभी लोगों ने योगा भी किया।इस कार्य में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के बीच स्वीप की ओर से कॉफ़ी मग का वितरण किया गया।इस दौरान पूरे परिसर में मौजूद सभी लोगों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई।इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आज के इस गतिविधि में जैसे आप सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ठीक वैसे ही आप सभी अपने दोस्तों व स्वजनों को 13 नवंबर को मतदान में भी हिस्सा लेने को लेकर जागरूक करें।उन्होंने कहा कि याद रखें 13 नवंबर आपको अपनी सरकार चुनने का दिन है इससे कतई न चुकें।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया ब्रज गृह व मतगणना केंद्र का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों के निमित्त पॉलिटेक्निक कॉलेज, लातेहार स्थित ब्रज गृह एवं मतगणना केंद्र का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा निरीक्षण कर स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल और अन्य व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विधि-व्यवस्था एवं अन्य जरुरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा कॉलेज में स्थित कमरों, पार्किंग व्यवस्था, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को बज्रगृह सह मतगणना केंद्र नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं पेयजल, शौचालय तथा विद्युत सहित अन्य सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# उरांव जनजातीय का अपनी सांस्कृतिक धरोहर है मुड़मा शक्ति खुट्टा : कमलेश उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मुड़मा जतरा मेला कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव ने कहा कि मुड़मा शक्ति खुट्टा उराँव जनजातीय समुदाय की एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर है। झारखण्ड का सबसे बड़ा ऐतिहासिक मुड़मा पाड़हा जतरा मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया।उराँव जनजातीय के द्वारा अपनी परम्परा सांस्कृतिक पोशाक के साथ जतरा सरना स्थान पर होता है। जहाँ लोग किसी पर्व त्योहार जतरा के अवसर पर सभी भाई बहन इकट्ठा होते हैं।श्री उराँव ने कहा कि छोटानागपुर के अनुसार उराँव रोहतासगढ़ कीले का राजा हुआ करते थे।जब उराँव जनजातीय करमा पूजा या सरहुल पूजा अपनी त्योहार मनाते थे तो मुगलों ने बार-बार रोहतासगढ़ पर आक्रमण कर अधिकार कर लिया, तो वहाँ रह रहे उराँव समुदाय के माता बहनों को अपनी इज्जत बचाने के लिए रोहतासगढ़ कीला छोड़कर भागना पड़ा था और इसी क्रम में वे लोग सोन नदी पार कर पलामू होते हुए वे रांची जिला में प्रवेश किये जहाँ मुड़मा में उराँव जनजातियों को सामना मुण्डा जनजातिय के मुण्डावों (मुखिया) से हुआ।और वहां उराँव और मुण्डा में समझौता हुआ।उराँव लोगों की व्यवस्था सुनकर मुण्डावों ने उनकी भाषा के अनुसार उराँव जनजातीयों को पश्चिम वन क्षेत्र की सफाई करके वहाँ रहने की अनुमति प्रदान की थी। इसलिए उराँव जनजातिय समुदाय के 40 पाड़हा के लोगों के द्वारा उस मुड़मा ऐतिहासिक समझौते के स्मृति में मुड़मा जतरा को आयोजित किया जाता है।

# सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने किया तूफानी दौरा, जनता से मांगा समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के बड़कागांव विधानसभा अंतर्गत केरेडारी प्रखंड के ग्राम कंडाबेर स्थित मां अष्टभुजी के दरबार और पुरनी पेटो स्थित प्राचीन बुढ़िया माता स्थान में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के साथ पहुंचकर पूजा- अर्चना करके आगामी विधानसभा चुनाव प्रचार का विधिवत् शंखनाद किया । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा रोशन लाल चौधरी को प्रत्याशी घोषित किए जाने के रविवार को उनके साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने केरेडारी प्रखंड के ग्राम कंडाबेर स्थित मां अष्टभुजी और पुरनी पेटो स्थित बुढ़िया माता के दरबार में माथा टेकने के बाद केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बेलतू, पतरा खुर्द, छोटकी गर्री, गर्री कला, पतरा कला गेट, कोदवे, बैंगवरी, बालेदेवरी, चट्टी बरियातू, केरेडारी, लयसुकुवार, पेटो, पुरनी पेटो, बटुका, तरवां, हफुआ, बुंडू, पताल एवं टंडवा प्रखंड स्थित कल्याणपुर, कारो, पिपचो, बचरा एलओ कॉलोनी, बचरा बाजारटांड़ और बचरा चार नंबर गेट का सघन तूफानी दौरा करते हुए जनसमर्थन मांगा ।इस क्षेत्र कई जगहों पर हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी का स्वागत और अभिनंदन किया गया ।हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने केरेडारी में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन पूरे झारखंड में चुनाव लड़ रही है और एनडीए ने अपने सभी प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। राज्य के मुद्दे हैं जिसमें राज्य में पिछली बार जो सरकार बनी और उसने जो वादा खिलाफी किया जिसमें नौकरी देंगे, नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देंगे, महिलाओं को चूल्हा खर्चा, पारिवारिक लाभ, शादी होने वाली बेटियों को सोने का सिक्का देंगे ये शामिल हैं और इनमें से एक भी वादे पर झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार खरा नहीं उतर पाई। ऊपर से जितने भी खनिज पदार्थ का लुट चरम पर है। ट्रांसफर-पोस्टिंग उद्योग के साथ पूरा झारखंड भ्रष्टाचार के आकंड़ में डूबा हुआ है। वर्तमान सरकार में लुट और झूठ का राज है। मौके पर विशेषरूप से केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, बड़कागांव भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्री सिंह, उपेंद्र सिंह, संजीव मिश्रा, भाजपा जयनारायण प्रसाद, सत्येंद्र सिंह, मूलचंद साव, महेंद्र सिंह, अमित गुप्ता, रंजीत कुमार, उपेंद्र कुमार, मेवालाल नाग, राकेश कुमार, आजसू नेता दिलीप दांगी, संदीप कुशवाहा, कामेश्वर महतो, तापेश्वर कुमार तापस, गिरेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।



# पेलावल विकास मंच का थैलेसिमिया जागरुकता शिविर संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रविवार को पेलावल विकास मंच के बैनर तले पीवीएम ब्लड डोनर्स क्लब का पहला थैलेसिमिया जागरुकता शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जागरूकता शिविर में वीबीडीए जमशेदपुर झारखंड के तीन सदस्यों की टीम का आगमन हुआ। वीबीडीए के संस्थापक अध्यक्ष सुनील मुखर्जी, प्रदीप घोषाल पूर्व महासचिव एवं रजत भट्टाचार्जी सदस्य वीबीडीए ने उपस्थित दर्जनों श्रोताओं जिनमें 15 थैलेसिमिया पीड़ित बच्चे एवं उनकी माताएं, पीवीएम के रक्तादातागण एवं पेलावल की महिलाओं को रक्तदान एवं थैलेसिमिया से संबद्ध अनेक जानकारियां देते हुए कई रोचक उदाहरण पेश किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील मुखर्जी ने उदाहरण के साथ तथा व्हाइट बोर्ड का उपयोग कर थैलेसिमिया पीड़ित माताओं,युवतियों एवं महिलाओं को ज्ञानवर्धक जानकरियां दीं। साथ ही साथ उन्होंने सभी युवतियों एवं युवकों को संबोधित करते हुए जानकारी दी कि विवाह के पूर्व परिजनों को बहु व दामाद की एक हेमोलिसिस परीक्षण करवानी चाहिए ताकि भविष्य में माता पिता को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी उपस्थित व्यक्तियों को भोजन का पैकेट दिया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पीवीएम के मुख्य संरक्षक डॉ.सीपी दांगी जी ने किया। विशिष्ट अतिथि में पीवीएम के संरक्षक सह जेपीएम हॉस्पिटल संचालक डॉ. एके मेहता,मो.इमरान,राहुल सिन्हा एवं मो. हकीम थे। संचालन पीवीएम के अध्यक्ष सह संस्थापक एम.हक भारती ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से,मंच के उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर,सचिव अमित कुमार पासवान, उप सचिव इंजमामुल हक भारती,कोषाध्यक्ष विक्की सोनी,आनंद सोनी,विजय राणा,कर्मठ सदस्य मो.आरिफ,चंद्रशेखर शर्मा,महेंद्र राम उर्फ कैलाश,राजा विश्वकर्मा,नवीन सोनी, रेयान रजा, मो.मुस्ताक उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने रविवार को अहले सुबह अंबेडकर नगर, बाराटांड के विभिन्न टोला और मुहल्लों में व्यापक जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को भाजपा के विकास कार्यों से अवगत कराना और आगामी चुनावों में भाजपा के लिए समर्थन जुटाना था।

**भाजपा की नीतियों को लेकर जनता से की अपील :** मनोज कुमार यादव ने जनसम्पर्क के दौरान स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भाजपा को समर्थन देकर क्षेत्र के विकास को और आगे बढ़ाएं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने हमेशा समाज के हर वर्ग के हित में काम किया है और पार्टी की प्राथमिकता आम लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे भाजपा के प्रति विश्वास बनाए रखें और आगामी चुनाव में पार्टी के पक्ष में मतदान करें ताकि विकास दोगुनी गति से हो। इस जनसम्पर्क अभियान में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी शामिल रहे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष



भगवान केशरी, पूर्व मुखिया सुमन देवी, साधुशरण दास, स्थानीय वार्ड सदस्य संजय रविदास, भाजपा नेता बिरेन्द्र रविदास, अनुज रविदास और राज आर्यन उर्फ छोटी समेत अन्य लोग मौजूद थे। उन्होंने भाजपा की विचारधारा और योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने की कोशिश की, ताकि पार्टी को अधिक से अधिक जनसमर्थन मिल सके।

**चुनावी माहौल गर्म, भाजपा ने तेज किया जनसम्पर्क अभियान :** जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव का यह जनसम्पर्क अभियान और भी तेज हो गया है। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, ताकि हर घर तक पहुंचकर लोगों से भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगा जा सके। श्री यादव का यह प्रयास दर्शाता है कि भाजपा क्षेत्र में अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए पूरी तरह से सक्रिय है और जनता के बीच अपनी उपस्थिति को और मजबूत बना रही है।

# बड़कागांव में भाजपा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी का हुआ भव्य स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड विधानसभा की सरगर्मी तेज हो गई है और भाजपा ने अपनी पहली सूची जारी करते हुए बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार और रौशन लाल चौधरी को बनाया है। रौशन लाल चौधरी के उम्मीदवार घोषित होते ही भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। एनडीए उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार बड़कागांव पहुंचे प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी का बड़कागांव में जगह-जगह पर ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात सर्वप्रथम एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने जीडीएम चौक स्थित बड़कागांव के पूर्व प्रमुख शिक्षाविद गुरूदयाल महतो के प्रतिमा में



माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद डेली मार्केट स्थित दुर्गा मंदिर में जाकर माता टेका। तत्पश्चात हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और सैंकड़ों समर्थकों के साथ कंडाबेर स्थित माता अष्टभुजी के मंदिर में जाकर सब परिवार पूजा अर्चना कर माता से आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनने वाली है और हम लोग मोदी जी के गारंटी के साथ जो भी वादा किए हैं उसे पूरा करने का काम करेंगे। जो अभी झारखंड के भ्रष्टाचारी सरकार जो दो महीना पहले मईया योजना लाकर 1000 देकर माताओं को ठगने का काम कर रही है।इसके बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए बड़कागांव विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी राशन लाल चौधरी ने कहा कि माता के आशीर्वाद और बड़कागांव जनता के प्रेम से विधायक बनेगे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास करने का काम करूंगा।

# लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से अंबा प्रसाद ने किया मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात किया। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया व बताया कि केंद्र सरकार के प्रायोजित कंपनियों द्वारा लगातार विस्थापितों के हक अधिकार को छीनने हेतु दमनकारी नीतियों से विस्थापित रैयतों को परेशान किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि सीसीएल, एनटीपीसी व अडानी को बड़कागांव के लोगों से कोई सरोकार नही है, उक्त सभी कंपनियां सिर्फ केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है। विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा में अडानी द्वारा जबरदस्ती



खनन कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है इस संदर्भ में आम सभा को भी सफल घोषित कर दिया गया है जबकि ग्रामीण कई महीनो से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के विस्थापितों के कट ऑफ डेट 2016 के आधार पर मिलने वाले लाभ पर संशोधन कराने की बात कही और बताया कि इस मामले को विधायक द्वारा कई बार विधानसभा में उठाया गया है लेकिन केंद्र सरकार अपने प्रभाव से इसको होने नहीं दे रही है।

## सीबी माइंस के सांस्कृतिक महिला समिति द्वारा मोती से गुड़िया बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत संस्कृति महिला समिति ने मोती से गुड़िया बनाने का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस प्रशिक्षण का समापन 18 अक्टूबर को चट्टी बरियातू पंचायत भवन मे हुआ। जिसमें समिति की अध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद और उपाध्यक्ष राखी गुप्ता ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दुर्गेश प्रसाद ने कहा हमारे लिए यह गर्व का क्षण है कि हम इन महिलाओं को ऐसे कौशल सिखा पा रहे हैं जो उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाएंगे। इस प्रशिक्षण में चट्टी बरियातू गांव की 18 लाभार्थियों ने भाग लिया, जो अब स्थानीय बाजारों या गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से गुड़ियों की बिक्री कर सकेंगी।

## बरही के केवाल बिरहोर टोला में चला मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही विधानसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अगुवाई में रविवार को बरही प्रखंड के केवाल गांव के बिरहोर टोला में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, बरही एसडीओ जोगन टुडू, बरही बीडीओ एवं सीओ मौजूद रहे। इस दौरान बिरहोर समुदाय के लोगो के बीच नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके उप विकास आयुक्त ने बताया कि केवाल के बिरहोर टोला में लगभग सौ मतदाता है, जिनकी चुनावी भागीदारी आवश्यक है। इन लोगों के बीच मतदाता जागरुकता का कार्यकम आयोजित कर चुनाव संबंधी जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम के दौरान ईवीएम की मार्गदर्शिका का भी वितरण किया गया। 13 नवंबर 2024 मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र में जाकर अपने मत का प्रयोग करने की अपील की गई। मौके पर बीसीओ संजय यादव,मुखिया प्रतिनिधि एवं जेएसपीएलएस की दीदियां उपस्थित थे।

## मचान से बंधे चार मवेशियों की चोरी, थाना में दिया आवेदन

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के भाराजो पंचायत और टाटीझरिया थाना अंतर्गत आमनारी गांव में एक ही रात को करीब 12 बजे मचान से बंधे चार मवेशियों (बैल) जानवरों को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया । घटना की जानकारी भुक्तभोगीयों में राजेश रविदास पिता टूक्कन राम,बसंती देवी पति बिनोद बासुदेव महतो पिता स्व. गाली महतो,राजेंद्र महतो पिता महावीर महतो हैं जिन्होंने टाटीझरिया थाना मे आवेदन दिया है । उन्होंने कहा कि खेती करने के लिए उनलोगो के पास मात्र मवेशी बैल ही एक सहारा था । जिससे वे कर्ज के लेकर खरीदे थे लेकिन विडम्बना है कि शनिवार को रात्रि 12.00 बजे के आसपास अज्ञात चोरों ने चार बैल को मचान से बंधे खूंटे से लेकर फरार हो गए। भुक्तभोगीयो में राजेश रविदास ने 8102046516 और बसंती देवी ने 6209258636 अपना फोन नंबर साझा किया और आग्रह किया है कि जिन सज्जन को चोरी हुए बैल संबंधित जानकारी मिले तो दिए गए इन नंबरों में संपर्क कर सूचित करे।

## दिपावली पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर शिलाडीह में बैठक

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत में दीपावली पूजा 31 अक्टूबर को धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को 4ः00 बजे शाम में एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्याम सिंह व संचालन अर्जुन पांडेय ने किया। बैठक में सर्वसमिति से दीपावली पुजा के अध्यक्ष बाबूलाल पांडे, सचिव राजकुमार गिरी, कोषाध्यक्ष सूरज देव प्रजापति को चुना गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दिपावली पूजा पर व्यास अशोक राणा के द्वारा भव्य दुगोला प्रोग्राम किया जाएगा। मौके पर राम तीरथ पांडे, अवध किशोर सिंह, शिवलाल यादव, राजन चौधरी, पवन पांडे, गोपाल मंडल, संतोष मंडल, रजनीकांत पांडे, रामेश्वर राम के अलावे कई लोग मौजूद थे।

## पायनियर बीज कंपनी ने किया भव्य फसल प्रर्दशनी का अयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** कोर्टेवा एग्री साइंस पायनियर द्वारा दारू प्रखंड के अंतर्गत सुल्तानी गाँव में रविवार को फसल प्रर्दशनी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों के बीज बालियो का दंगल किया गया जिसमें सभी किसानों ने भाग लिया पायोनियर 27क्37 संकर धान 120 ग्राम प्रति 10 बाली के साथ सभी धान में विजय हुवा जबकि दूसरे संकर धान अधिकतम 70 से 80 ग्राम में ही सिमट गये द्य कंपनी के ज़ोनल सेल्स मनेज़र आशुतोष कुमार और ज़िला सेल्स मैनेजर समित कुमार ने किसानों को बतलाया कि ये धान किसी दूसरे अन्य धान से 3 से 4 क्विंटल प्रति एकर अधिक पैदावार देता हैद्य विजेता किसान को मेडल और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया साथ ही किसानों को रबी फसल सरसों आलू आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गइ सभा में निरंजन यादव, लुटा यादव ,प्रेम राम, भुवनेश्वर राम, दिलीप राम, शहादत अली आदि किसानों ने भाग लिया कंपनी के राजेश कुमार और कपिलदेव वर्मा ने सभी का धन्यवाद कर दिवाली की सुभकामना के साथ सभा का समापन किया ।

## बरही में चोरों ने बड़ी घटना को दिया अंजाम, घर से ले उड़े भारी मात्रा में जेवरात व नगद पैसे







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के लश्करी मोड़ के पास स्थित वासुदेव प्रसाद साहू के आवास में अज्ञात चोरों ने बड़ी घटना का अंजाम दिया है। इस बाबत भक्तभोगी के पुत्र संतोष कुमार ने बरही थाना में रविवार को आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया कि पिछले 18 अक्टूबर को करीब 10 बजे दिन में मेरे पिता वासुदेव प्रसाद साहू का अचानक तबीयत खराब हो गया, जिसको लेकर मैं और मेरी माता हजारीबाग इलाज के लिए चले गए।घर पर कोई नहीं था, मैं अपने पिता के इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग में भर्ती कराया और वहीं रुक गया। उसके बाद शनिवार यानी 19 अक्टूबर के शाम में अपने घर रात्रि करीब 7 बजे आया। घर आने के बाद देखा कि घर का बाउंड्री का दरवाजा का ताला लॉक है, मैं लॉक खोलकर अंदर जैसे ही घुसा, तो घर का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ पाया और घर के अंदर प्रवेश करने के बाद देखा कि सभी कमरे का दरवाजा टूटा हुआ है। मेरा और मेरे भाई का कमरा के अंदर रखा गोदरेज जो पटक कर तोड़ दिया गया और नगदी व कीमती जेवरात चोरी कर लिया गया। वहीं आवेदक ने बताया कि 7 लाख रुपए नगद जो लोन अमाउंट था उसे अगले दिन बैंक में जमा करना था जिसे चोरी कर लिया गया। वहीं गोदरेज में रखा करीब 14 लाख रुपए का जेवरात जो सोने और चांदी का था उसे भी चोरी कर लिया गया। उसके बाद मैं अगल-बगल के लोगों को बुलाया और सारी घटना बताया। वही 100 नंबर पर तत्काल डायल कर सारी घटना की सूचना पुलिस को दिया। वही बताया कि इस घटना के पूर्व में भी हमारे घर में एक और घटना मेरी मां के साथ घटित हुई थी, जो पिछले 15 नवंबर को रसोइया धमना मोड़ से मेरी मां अपने घर आ रही थी, उसी समय अज्ञात मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग मेरी मां के गले से सोने का चेन छीन कर भाग गया, जिसकी सूचना मेरे पिता ने बरही थाना को लिखित सूचना दिया था। इधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, पूरे मामले की जानकारी ली जा रही है, जल्द चोरों को पकड़ लिया जाएगा, उक्त मामले को लेकर गहन छानबीन कर रही है।

## एनएमएल कोयला खनन परियोजना द्वारा अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनएमएल कोयला खनन परियोजना हज़ारीबाग़ के द्वारा 17 से 19 अक्टूबर 2024 तक सीकरी स्थित कार्यालय परिसर में पहली अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में सात टीमों ने बैडमिंटन, वॉलीबॉल और टेबल टेनिस जैसे खेलों में भाग लिया। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में कोल माइनिंग डिवीज़न की प्रमुख परियोजनाओं, जैसे पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू, केरेडारी, बादाम, तलई पल्ली, दुहंगा नॉथ दादु और कोयला खनन मुख्यालय के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन पकरी बरवाडीह के प्रशासनिक भवन के सामने किया गया, जहाँ खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रोत्साहन के रूप में उपहार दिए गए। बैडमिंटन और टेबल टेनिस में पकरी बरवाडीह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जबकि चट्टी बरियातू ने वॉलीबॉल में सफलता पाई। समापन समारोह में बाहर से आए खिलाड़ियों ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया।

# माण्डू विधानसभा से निर्दलीय चुनाव मैदान में होंगे भाजपा नेता सुशील कुमार महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** भाजपा कर वरिष्ठ नेता माण्डू सुशील कुमार महतो ने अपने शुभचिन्तको तथा समर्थकों के साथ आज 20 अक्टूबर 2024 को झारखंड मैरिज गार्डन में आमसभा की,तथा बैठक का संचालन डॉ. गणेश कुमार ने किया। सभा की कार्यवाही के पूर्व में सुशील कुमार महतो का भव्य स्वागत करते हुए उनके समर्थकों अवधेश कुमार सोनी, संतोष कुमार और डॉ गणेश कुमार ने उन्हें नोटों की माला पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में सुशील कुमार महतो के समर्थकों ने बारी-बारी से अपने विचार व्यक्त किये,जिसमे सबसे महत्वपूर्ण बात यह निकलकर आई कि भाजपा कार्यकर्ता एवं विष्णुगढ़ की जनता अपने आपको ठगा महसूस कर रहे है।कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऐसी क्या मजबूरी थी कि



भाजपा की सीट को एनडीए गठबंधन के साथी आजसू को देनी पड़ी,जबकि संगठन भाजपा का कार्यकर्ता भाजपा के, भाजपा से किसी को टिकट क्यों नही? सभा को सम्बोधित करते हुए सुशील कुमार महतो ने कहा कि भाजपा से किसी को माण्डू विधानसभा का टिकट मिलता तो इतनी टीस नही होती,परन्तु पार्टी द्वारा यह निर्णय सरासर कार्यकर्ताओं की अनदेखी है। मैंने निर्णय लिया है,कि अगर भाजपा से प्रत्याशी तय होता है,तो ठीक है,नही तो माण्डू 24 से निर्दलीय पर्चा दाखिल कर चुनाव मैदान में रहूँगा।माण्डू की जनता से मेरी विनम्र अपील होगी जिसप्रकार आपका सहयोग मिला है,उसी प्रकार चुनाव में मेरा सहयोग करें। सभा को कई प्रमुख वक्ताओं ने जिनमें रामचन्द्र यादव, प्रकाश मंडल, खेमलाल महतो, दशरथ राय, नारायण महतो और अशोक मंडल ने सम्बोधित किया। इस मौके पर सैकड़ो की सँख्या में युवा,किसान तथा महिलाएं शामिल थी।

# धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने अपने पुत्र की 6वीं पुण्यतिथि पर आयोजित की शोक सभा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के धनवार पंचायत के मुखिया और सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा के 20 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार की मौत को छह वर्ष बीत चुके हैं। दीपक कुमार का निधन उनके परिवार और समाज के लिए गहरा आघात था। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने अपने करियातपुर स्थित आवास पर अपने पुत्र की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर एक शोक सभा का आयोजन किया। इस शोक सभा में परिवार के सदस्यों के साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता शामिल हुए। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने इस अवसर पर अपने पुत्र को याद करते हुए कहा कि दीपक की यादें उनके जीवन का हिस्सा बनी रहेंगी। शोक सभा में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, आईलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार सहित कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल हुए। शोक सभा में पहुंचे सभी लोगों ने मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के पुत्र स्व. दीपक कुमार के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर डोमन पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, जितेन्द्र यादव उर्फ मंटु यादव, वार्ड सदस्य



मो हसमत, जय गोविन्द प्रसाद, दिवाकर कुशवाहा, सुरेश पंडित प्रकाश साव, नरेश कुमार वर्मा, तिलक यादव, उमेश यादव, रवि कुमार, सुरज साव, दीपक केशरी,संतोष पंडित, मोहन प्रसाद, विनय कुमार,मनोज कुमार,विनोद कुमार, महेंद्र कुमार, जगदीश महतो, प्रभु महतो, शंभूनाथ महतो, अजीत प्रसाद, विनोद कुशवाहा, तारकेश्वर प्रसाद, उपेन्द्र प्रसाद, कमल प्रसाद , प्रकाश प्रसाद, रामजी प्रसाद, अनिल कुमार, उमेश प्रसाद, बंधु महतो, अरुण कुमार, दीपक प्रसाद, नरेश प्रसाद, संतोष प्रसाद, दिलीप प्रसाद, चिरंजीवी प्रसाद, नन्दलाल प्रसाद, दिनेश जायसवाल, कमलेश कुशवाहा, अरविंद कुमार भारती, भुवनेश्वर साव, चंदन केशरी, उमेश यादव, बैजनाथ यादव, संतोष यादव, विकाश यादव, राजेन्द्र यादव, योगेन्द्र साव, सहित कई राजनीतिक व सामाजिक लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



*संथाल समाज के जिला सम्मेलन कार्यक्रम में उरीमारी से हजारों लोग रामगढ़ हुए रवाना*

# अबुआ संथाल समाज सम्मेलन आपसी सहमति व भाइचारे का संदेश देता है : दशई मांझी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के चेकपोस्ट स्थित आदिवासी कार्यालय से रविवार को अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के मरांग परगना केन्द्रीय महासचिव दशई मांझी के नेतृत्व में रामगढ़ व हजारीबाग जिला सम्मेलन कार्यक्रम में उरीमारी से हजारों लोग रवाना हुए। वहीं रवाना होने से पूर्व उरीमारी चेक पोस्ट स्थित भगवान सिद्धो-कान्हो के प्रतिमा पर केन्द्रीय महासचिव दशई मांझी के नेतृत्व में संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया गया। मौके पर श्री मांझी ने कहा कि रामगढ़ के कूज्जू स्थित अक्षत बैंक्वेट हॉल में अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम का महासम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमे उरीमारी क्षेत्र के सभी गांवों टोला के मांझी हडाम,नायके, परगना,जोगवा आदि लोग सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। यह सम्मेलन आपसी सहमति व भाइचारे का संदेश देता है। वही रामगढ़ रवाना होने वालो में अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम मरांग परगना के केन्द्रीय महासचिव दशई मांझी, राजू पावरीया, परमेश्वर सोरेन,तालों हांसदा, शिकारी टुडू, सुरेश मुर्मु, रैना मांझी, सिकंदर सोरेन, कृष्णा सोरेन, अनिल मुर्मू, सुखदेव किस्कू, बिनोद सोरेन, सहदेव टुडू, गणेश मुर्मू,चोपेलाल मुर्मू,सुबित किस्कू, सोमरा पावरीया, नरेश पावरीया, सुमीत सोरेन,दिपक मरांडी,प्रविन किस्कू,खेपन मांझी आदि हजारो लोग मौजूद थे।

# रामगढ़ टोल प्लाजा के पास बस में लगी आग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ टोल प्लाजा के पास एक बस में अचानक आग लग गई देखते ही देखते पूरा बस आपकी लैपटो में समा गई जिससे वहां पर हड़कंप मच गई इसे पहले की जानकारी अग्निशमन को दी गई है मामले की जानकारी मिली पुलिस और दमकल के वहां घटना पर पहुंच कर आग बुझाने का प्रयास कर रही है हालांकि इस आग लगने से पहले बस में सवार सभी लोग को बस से उतार लिया गया था। किसी भी प्रकार की कोई हताहत की जानकारी नहीं है बस इतना बुरी तरह से जला है कि बस का नाम तक भी नहीं दिख रहा है जानकारी के अनुसार रांची से शिवम बस जो रांची से रामगढ़ की ओर आ रही थी टोल नाका के पहले बस में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिससे पूरा बस चलकर खाक हो गया।

## माता वैष्णों देवी मंदिर में करवा चौथ व्रत कथा का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हाथों में मेहंदी व पांवों में महावर रचाए रामगढ़ की सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अपने पति की दीर्घायु व अच्छे जीवन की कामना को लेकर करवा चौथ का व्रत रखा। शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में रविवार की संध्या समय व्रत रखने वाली रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्र की 351 सुहागिन महिलाओं ने पूजा अर्चना की और करवा चौथ की कथा सुनी। पंजाबी हिन्दू बिरादरी ने व्रतधारी महिलाओं के लिए मंदिर परिसर में मां करवा की कथा सुनाने का विशेष प्रबंध किया था। कथा में पंजाबी समुदाय के अलावे अन्य समाज की सुहागिन महिलाओं ने भी हिस्सा लिया और मां करवा की पूजा अर्चना कर कथा सुनी। करवा चौथ की कथा माता वैष्णों देवी मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा ने परंपरागत ढंग से सुहागिन महिलाओं को सुनाई। हाथों में पूजा की थाली लिए पहुंची सुहागिन महिलाओं की उपस्थिति से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। पंजाबी हिन्दू बिरादरी के पदाधिकारियों ने सभी व्रती महिलाओं और कथा सुनने आई अन्य महिलाओं को माता वैष्णों देवी के आशीर्वाद के रूप में एक-एक चुनरी भेंट दी गई। पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने बताया कि करवा चौथ सौभाग्यवती महिलाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण व्रत है।इस व्रत में महिलाएं प्रातःकाल सूर्योदय से पहले स्नान आदि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प लेकर दिन भर निर्जला उपवास करती हैं। संध्या समय मां करवा की कथा सुनती हैं और चंद्रोदय के बाद अर्घ्य देती हैं। अर्घ्य देने के बाद अपने पति के हाथों जल ग्रहण कर अपना व्रत पारण करती हैं। कुंवारी कन्याएं भी मनपसंद वर एवं घर की कामना लिए यह व्रत रखती हैं और मां गौरी की पूजा अर्चना करती हैं। सुहागिन स्त्रियां इस व्रत की तैयारी काफी दिनों पूर्व से ही शुरु कर देती हैं, क्योंकि इस व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं दुल्हन की तरह सजती-संवरती हैं।

## पटेल छात्रावास कांकेबार समिति की हुई बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को पटेल छात्रावास कांकेबार मे एक आवश्यक बैठक की गयी । इस बैठक के माध्यम से छात्रावास के अध्यक्ष सुरेश महतो सचिव शीतल प्रसाद और कोषाध्यक्ष अधिवक्ता टिकेंद्र कु महतो ने कहा की 31अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल जी जयंती आदर्श आचार सहिता को ख्याल रखते हुये सभी तरह के 31 अक्टूबर को पटेल जयंती के सुभवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी तथा संस्कृति कार्यक्रम को रद्ध किया जाता हैं और सादा समारोह के रूप मे जयंती मनाया जाएगा।इस बैठक मे मुख्य रूप से कार्यकारिणी सदस्य और सदस्य मे देवधारी महतो,नुनुलाल महतो झलकदेव महतो, भुनेश्वर महतो, अरविन्द महतो,राजेंद्र महतो,मनोज मण्डल, रोशन महतो, राजेश महतो,मुकेश कु महतो, जेठू महतो, गोविन्द महतो, योगेंद्र महतो, जय प्रकाश महतो, विक्रम महतो, नीतीश निराला, जागो राम इत्यादि शामिल रहे।

## रामगढ़ में अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भदानीनगर रंका चोरधरा स्थित आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर पुलिस अवैध महुआ शराब बरामद कर एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा । रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के विरोध में छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय रजक को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रंका चोरधरा में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री की जा रही है जिसे पुलिस ने रंगेहाथ धरदबोचा और जावा महुआ विनष्ट कर 35 लीटर महुआ शराब बरामद कर एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

## स्वीप के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया ।इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में बीएलओ द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता शपथ के साथ रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन कर मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को अपने-अपने बूथों में जाकर आवश्यक रूप से मतदान करने का अपील भी किया गया। इस दौरान सहिया/ सेविका ने ने उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 जो के निर्धारित तिथि बड़कागांव,ष्ट- 22,13 नवंबर 2024 एवं रामगढ़,ष्ट -23, 20 नवंबर 2024 मतदान होना है इस संबंध में उपस्थित सभी मतदाताओं आवश्यक रूप से मतदान करने का अपील किया गया।

## चित्रगुप्त पुजा को लेकर चित्रांश महापरिवार गोला की हुई महत्वपूर्ण बैठक, कई बिन्दुओं पर हुई चर्चा

**गोला(रामगढ़)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को गोला के बक्शी टोला स्थित चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में चित्रांश महापरिवार की सालाना बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महेन्द्र कुमार वर्मा ने की। सालाना बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 03 नवंबर को कलम और दावात को धारण करने वाले तथा सम्पूर्ण प्राणियों के कर्मों का लेखाजोखा रखने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पुजा को धूमधाम से करने हेतु विचार विमर्श के लिए रखी गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला किया गया कि धूमधाम के साथ पुजा को सम्पन्न किया जायेगा। बैठक में सभी चित्रांश बन्धुओं से आग्रह किया गया कि वे पुजा समारोह में बढ़चढ़कर हिस्सा ले तथा हर्षोल्लास के साथ पुजा सम्पन्न कराएँ। पुजा के पश्चात संध्या आरती के बाद सामूहिक प्रीति भोज का आयोजन किया जाता है। इस प्रीति भोज में चित्रांश समाज के सभी बड़े बुजुर्ग, महिला-पुरुष, बच्चे-बच्चियाँ शामिल होते हैं उसे अनवरत जारी रखने का चित्रांश बंधुओं से आग्रह किया गया है। मौके पर सचिव रविंद्र कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष अजीत कुमार सिन्हा,बिपिन बिहारी प्रसाद, धीरेंद्र नारायण बक्शी, कुँवर कुमार बक्शी, अरुण बक्शी, लाला चन्द्र मोहन, अजय कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, संजय बक्शी, सुजीत सिन्हा, सुमन कुमार सिन्हा, प्रमोद बक्शी, रजनीश आनंद, सुचित कुमार सिन्हा, संदीप बक्शी, सुदीप बक्शी, जितेन्द्र बक्शी, जीवन बक्शी, प्रवीण बक्शी तथा पेटरवार के चित्रांश पंकज कुमार सिन्हा तथा रितेश सिन्हा मौजूद थे।

# आजसू युवा मोर्चा के वार्ड नं 13 के अध्यक्ष बने विकास नायक एवं वार्ड 14 के अध्यक्ष बने आनंद कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** आजसू युवा मोर्चा केंद्रीय कमेटी के आदेशानुसार रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र वार्ड नं 13 ,वार्ड नं 14 में संयुक्त रूप से वार्ड केमेटी गठन करने को लेकर वार्ड का बैठक किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि युवा नेता पीयूष चौधरी , आजसू पार्टी के नगर परिषद के महासचिव छोटू पटेल एवं गोला के प्रतिनिधि रणधीर बसरिया उपस्थित थे।बैठक की अध्यक्षता अमर सागर व संचालन शिवम पिल्लई ने किया। वहीं मुख्य अतिथि पीयूष चौधरी ने कहा कि युवा राजनीतिक से जुड़कर समय और समाज को सही दिशा दे सकते हैं उन्होंने कहा कि आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंड और पंचायत स्तर तक कमेटी की गठन की जायेगी। आजसू पार्टी के रामगढ़ नगर परिषद के महासचिव छोटू पटेल ने कहा कि युवा मोर्चा आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी अग्रिम भूमिका निभाएगी और युवाओं को जो झारखंड सरकार के द्वारा ठगने का काम किया गया है आने वाले समय में युवा आजसू उसका मुंहतोड़ जवाब देगी।वार्ड नं 13 कमेटी के अध्यक्ष विकाश नायक ,सचिव विवेक कुमार , कोषाध्यक्ष अबुल , प्रवक्ता सौरव वर्मा, उपाध्यक्ष सुमित राम ,विशाल कुमार रंजीत कुमार दास , सहसचिव शेखर कुमार ,अजीत कुमार,सागर वर्मा वही वार्ड नं 14 कमेटी के अध्यक्ष आनंद कुमार , सचिव सुशील सागर, कोषाध्यक्ष पप्पू ठाकुर , प्रवक्ता आयुष मिश्रा , उपाध्यक्ष टिंकू कुमार,राज कुमार,सूरज गोप ।सहसचिव ऋषि राज ,लालू सागर,मनीष केशरी को बनाया गया। इस मौके पर बंटी सागर ,शीनटू सिंह,सूरज सिंह, जाकिर हुसैन,ऋषभ कुमार,राकेश नायक उपस्थित थे।

# रामगढ़ के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को दो दिनो में शस्त्र जमा करने का आदेश जिला प्रशासन ने किया जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(शस्त्र शाखा)
दूरभाष : 06553–261555(0) Email ID : dc-ramgarh@gov.in

–:: आम सूचना ::–

विधानसभा आम चुनाव–2024 को स्वच्छ शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से कराने के निमित्त रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी भौतिक रूप से अपने–अपने शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं उनपर धारित शस्त्र को सम्बन्धित थानों के सामने अंकित तिथि पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी से सत्यापन कराते हुए सत्यापन के उपरान्त अपने शस्त्र को शस्त्र प्रतिष्ठान/सम्बन्धित थाना/ओ०पी० में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही वैसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी, जो अन्य जिला/राज्य से शस्त्र अनुज्ञप्ति प्राप्त कर शस्त्र धारित किये है एवं वर्तमान में रामगढ़ जिला में निवास करते हुए शस्त्र का उपयोग कर रहे हैं, वैसे अनुज्ञप्तिधारियों को आदेश दिया जाता है कि वे रामगढ़ जिला के जिस थाना क्षेत्र में निवासित हो, उस थाना में अपना शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्र का सत्यापन दो दिनों के अन्दर कराना सुनिश्चित करेंगे।

समय व्यतीत होने के उपरान्त पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा सर्च अभियान के दौरान यदि किसी व्यक्ति के पास इस जिला एवं अन्य जिला/राज्य द्वारा निर्गत अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्र पाया जायेगा तो, उसके विरूद्ध शस्त्र अधिनियम, 2016 के सुसंगत धाराओं के तहत् शस्त्र को जप्त कर अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई करते हुए अनुज्ञप्तिधारी के विरूद्ध विधि–सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

**रामगढ :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी भौतिक रूप से अपने-अपने शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं उन पर धारित शस्त्र को संबंधित थानों के सामने अंकित तिथि पर प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी से सत्यापन कराते हुए सत्यापन के उपरांत अपने शस्त्र को शस्त्र प्रतिष्ठान/ संबंधित थाना/ ओश पीश में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही वैसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जो अन्य जिला/ राज्य से शस्त्र अनुज्ञप्ति प्राप्त कर शस्त्र धारित किये है एवं वर्तमान में रामगढ़ जिला में निवास करते हुए शस्त्र का उपयोग कर रहे हैं, वैसे अनुज्ञप्तिधारियों को आदेश दिया जाता है कि वे रामगढ़ जिला के जिस थाना क्षेत्र में निवासित हो, उस थाना में अपना शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्र का सत्यापन दो दिनों के अंदर कराना सुरक्षित करेंगे। समय व्यतीत होने के उपरांत पुलिस पदाधिकारियो के द्वारा सर्च अभियान के दौरान यदि किसी व्यक्ति के पास इस जिला एवं अन्य जिला/ राज्य द्वारा निर्गत अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्र पाया जायेगा तो, उनके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम 2016 के सुसंगत धाराओं के तहत शस्त्र को जप्त कर अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई करते हुए अनुज्ञप्तिधारी के विरूद्ध विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पीसीआर कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, लिये गये कई निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** प्रेस क्लब रामगढ़ की कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। रामगढ़ ब्लॉक के पास क्लब भवन में पीसीआर के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार बीरु की अध्यक्षता और सचिव धनेश्वर प्रसाद के संचालन में बैठक के दौरान कई विषयों पर चर्चा की गई। वहीं कई प्रस्तावों पर विचार विमर्श कर पारित किया गया। इसमें,30 नवंबर तक पीसीआर के सभी सदस्यों का सदस्यता शुल्क 250 रुपए जमा कराने,कई चरण में पीसीआर के सदस्यों का सामूहिक बीमा करने,नए 2024-26 के लिए सभी सदस्यों के बीच नया आईडी कार्ड वितरण करने,पीसीआर भवन का रंग रोगन करने,दिसंबर माह में इवेंट करने और पत्रकारों व उनके परिजन सहित लोगों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों ने पीसीआर के सदस्यों के हितों में कार्य करने के अपने संकल्प को दोहराया। मीटिंग में पीसीआर के उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू, संयुक्त सचिव नारायण दत्त ब्यास, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, सदस्य दिलीप कुमार सिंह, शंकर कुमार देवघरिया,नीरज सिंह,मनोहर लेहरी,सौरभ नारायण सिंह मौजूद थे।

# बरसाती मेंढकों से रहे सावधान विकास करने वालों को साथ दें : सांसद चंद्रप्रकाश

**कांग्रेस- झामुमो छोड़ पूर्व शिक्षक,बुद्धिजीवी सहित सैकड़ो महिला पुरुष ने आजसू पार्टी में हुए शामिल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जुल्मी प्रखंड अंतर्गत कुलही चौक पर आजसू पार्टी की बड़ी बैठक की गई जिसमें मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी शामिल हुए, आगामी होने वाले 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि रामगढ़ विधानसभा में विकास के नाम पर ठगने वालों से रहे सावधान उन्होंने कहा कि15 वर्ष पूर्व में जो रामगढ़ विधानसभा का विकास का काम किया गया है उसे कोई मिटा नहीं सकता परंतु पिछले तीन वर्षों में विकास के नाम पर प्रतिनिधि बने और पूरी तरह से जनता को ठगने का काम किया है विकास कार्य सुनने के बराबर हुआ, विधानसभा की जनता को सीधे धोखा देने का काम किया है वैसे बरसाती मेंढकों से सावधान रहने की आवश्यकता है वक्त आ गया है पहचान करने की जो सर्वांगीण विकास कर सकता है वह एनडीए प्रत्याशी श्रीमती सुनीता चौधरी को ऐतिहासिक वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की इस मौके पर चुनावी सभा में उपस्थित भारी संख्या में कांग्रेस झामुमों छोड़कर सेवानिवृत, शिक्षक बुद्धिजीवी सहित तीन सोसो, कुलही,पंचायत के महिला पुरुष शामिल हुए और आजसू पार्टी का दामन थामा व सदस्यता लिया, मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पार्टी में शामिल होने वाले सैकड़ो लोगों को फूल माला एवं पट्टी पहनाकर स्वागत किया! पार्टी की सदस्यता लेने वालों में सेवानिवृत्ति देवनारायण महतो सुखदेव महतो, देवकीनंदन सलखु प्रभु महतो, हेमल महतो अलावे मनसू महतो,श्यामदेव महतो, कृष्णा हरेंद्र नायक, जतन नायक, रामफल नायक चंद्रपाल नायक, धनु नायक, गोपाल नायक, धनु हेमल मनसू, श्यामदेव सुनीता देवी, ललिता देवी, धनेश्वरी देवी,हेमा देवी, प्रमिला देवी,भारी संख्या में लोग शामिल थे।

# रामगढ एसपी ने रामगढ़ में आने वाले बाह्य बल के आवासन हेतु चिन्हित आवासन स्थलों के मूलभूत सुविधाओं का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** अगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को अजय कुमार (भा0पु0 से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ जिला में आने वाले बाह्य बल के आवासन हेतु चिन्हित आवासन स्थलों के मूलभूत सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में चंदन कुमार वत्स, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), पवन कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू, फौजान अहमद, पुलिस उपाधीक्षक (प्रो0), मन्टू यादव, प्रचारी प्रवर, रामगढ, योगेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक, पतरातू अंचल एवं पतरातू अनुमण्डल के सभी थाना/ओ0पी0 प्रभारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आवासन के लिए मूलभूत सुविधा, कैम्प सुरक्षा, आदि के बारे में उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने हेतु बाह्य जिला से आने वाले सशस्त्र बलों के आवासन हेतु चिन्हित स्थलों का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर जिला मजिस्ट्रेट के निगरानी में उरीमारी में किया जा रहा वाहन जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव विधानसभा चुनाव को लेकर उरीमारी चेकपोस्ट स्थित हजारीबाग जिला प्रशासन के दिशा निर्देश पर जिला मजिस्ट्रेट के द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। वहीं इस वाहन जांच में चार पहिया व दुपहिया वाहन कि लगातार संघन जांच व विडियो ग्राफी किया जा रहा है। वहीं इस जांच में जिला स्टेटिक सर्विलांस टीम के अधिकारी आशीष पासवान, जिला प्रशासन कि ओर से सुखदेव महतो,शित कुमार नायक, सोनाराम करमाली आदि लोग मौजूद थे।

# रामगढ एसपी अजय कुमार ने अंतरजिला चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** अगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को अजय कुमार (भा0पु0 से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा अंतर जिला चेकपोस्ट तालातांड पतरातू घाटी (राँची सीमा) एवं पालू पतरातू खेलारी रोड़ का औचक निरीक्षण किया गया एवं चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। औचक निरीक्षण में चंदन कुमार वत्स, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), पवन कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू, फौजान अहमद, पुलिस उपाधीक्षक (प्रो0), मन्टू यादव, प्रचारी प्रवर, रामगढ, योगेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक, पतरातू अंचल एवं पतरातू अनुमण्डल के सभी थाना / ओ0पी0 प्रभारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा उपस्थित पुलिस पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं सी0ए0पी0एफ0 सशस्त्र बल/ जिला बल के साथ मिलकर दूसरे जिला से रामगढ़ आने-जाने वाले वाहनों का जाँच किया गया। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों को रामगढ़ जिला से आने जाने वाले वाहनों का अच्छे से जाँच करने का सख्त निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने हेतु जिले में बनाये गये सभी अंतर जिला व अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

# युवक की संदिग्ध मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, पुलिस जांच में जुटी








**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत गोंदलपुरा गांव निवासी संदीप कुमार की लाश मोटरसाइकिल के साथ संदिग्ध हालत में हरली मोड़ बेला सोती के पास पुल के नीचे से पुलिस ने बरामद की है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजने की तैयारी की जा रही थी परंतु ग्रामीणों ने न्याय की मांग को लेकर लाश के साथ बड़कागांव मुख्य चौक को तकरीबन 3 घंटे तक जाम कर दिया। परिजनों का कहना था कि संदीप की हत्या की गई है, पुलिस इसकी जांच करें और आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें। सड़क जाम से बड़कागांव हजारीबाग बादम टंडवा रोड पूर्ण रूप से प्रभावित हो गया तथा वाहनों का आवागमन ठप हो गया। जिसके कारण राहगीरों को घोर परेशानी का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद 3 घंटे के पश्चात पुलिस ने सड़क जाम को हटाया और लाश को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। परिजनों ने बताया कि संदीप शनिवार की रात से लगभग 8:00 बजे के बीच अपना घर गोंदलपुरा से बाइक लेकर निकला था। दूसरे दिन रविवार सुबह 6:00 उसकी लाश हरली बेलासोती पुल के नीचे मोटरसाइकिल से दबा पाया गया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने बताया कि मृतक के पत्नी अंजली कुमारी के द्वारा थाने में आवेदन दी गई है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## पूर्व पार्षद रणविजय महतो का निधन, शोक की लहर

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनईटॉड़ बस्ती निवासी वार्ड नंबर 30 के पार्षद पति एवं पूर्व पार्षद रणविजय महतो उर्फ पतरु (43 साल) का रविवार को सुबह 7:00 बजे हृदय गति रूकने से निधन हो गया। वह पिछले कुछ सालों से लकवा बीमारी से ग्रसित थे। क्षेत्र में उनका जनता के बीच अच्छा पकड़ था और उन्होंने बहुत सारे विकास कार्य किए हैं। उनके पिता स्वर्गीय गोपाल महतो वार्ड आयुक्त थे और पत्नी निवर्तमान पार्षद हे। उनका एक बेटा एक बेटी है। तीन भाइयों में पतरू सबसे बड़े थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका अंतिम दर्शन में निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, झामुमो के बलराम महतो, जग्गू महतो भाकपा-माले नेता राणा चट्टराज, कांग्रेस नेता रवींद्र वर्मा, कुंभनाथ सिंह, जय लाल महतो, गणेश महतो, मुखिया सुनील महतो आदि उनके अंतिम दर्शन में श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। रणविजय महतो का निधन का खबर पाकर विधायक मथुरा महतो, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य चंद्रदेव महतो, हरिप्रसाद पप्पू ने दूरभाष पर शोक व्यक्त किया।

## थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व मे हुआ फ्लैग मार्च

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड विधानसभा चुनाव का घोषणा होने के बाद प्रदेश में आचार संहिता लागु हो चूका है। चुनाव का दिन जैसे जैसे नजदीक आ रही है, धनबाद जिले के पुलिस प्रशासन सतर्क हो चुकी है। चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिले के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक राजेश प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस तथा बीएसएफ के जवान के साथ फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च जोड़ापोखर थाना से क्षेत्र के जोड़ापोखर, जामाडोबा, रमजानपुर, आलमनगर, जीतपुर, फुसबंगला, जियलगोरा, बरारी, डिगवाडीह आदि क्षेत्रो का भ्रमण किया। वही जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में जगह जगह अस्थायी बेरीकेट बनया गया, ताकि विधि व्यवस्था भंग करने वालो पर नकेल कसी जा सकेगी।

## विधानसभा चुनाव को ले चेकपोस्ट का किया निरीक्षण

**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्र में चौकसी बढ़ा दिया है। आवागमन करने वाली छोटी-बड़ी सभी वाहनों की विशेष रूप से जांच को लेकर चेकपोस्ट स्थापित किया गया है। चेक पोस्ट पर हिरणपुर थाने की पुलिस दिन-रात मुस्तैद रहकर हर गतिविधियों पर विशेष रूप से ध्यान रख रही है। इसी कड़ी में शनिवार शाम एसडीओ साइमन मरांडी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के सभी चेकपोस्ट की चेकिंग की गई। इसमें चौड़ामोड़, रानीपुर व दुलमी शामिल है। इस दौरान बीडीओ टुडु दिलीप, सीओ मनोज कुमार, थाना प्रभारी नवीन कुमार भी मौजूद थे। थाना प्रभारी ने बताया कि चेकपोस्ट में पुलिस पदाधिकारी के अलावा मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जिसको लेकर आवागमन कर रहे छोटी-बड़ी वाहनों की गहन तलाशी अभियान भी चलाई जा रही है। जहां शराब व अवैध कैश के आगमन के रोकथाम के लिए विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है। वहीं प्रत्येक वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर, आवागमन एवं प्रस्थान स्थलों की विस्तृत जानकारी दैनिक पंजी में अंकित की जा रही है। गौरतलब है कि झारखंड में दो चरणों में 13 नवंबर और 20 नवंबर को विधानसभा का चुनाव होना है।

## यूथ चैरिटी ने महिलाओं को रक्तदान व जरुरतमंदों को मदद के लिए किया जागरूक

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के मनीरामपुर गांव में यूथ चैरिटी की ओर से महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से चैरिटी के संस्थापक अकीमुद्दीन शेख तथा अन्य सदस्य शामिल हुए। आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में गांव की सैंकड़ों की संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं को रक्तदान और जरूरतमंद व्यक्तियों को मदद के लिए आगे आने और तैयार रहने के लिए जागरूक करना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं पुरुषों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। महिलाएं पुरुषों से ज्यादा सशक्त है। इसका हजारों बार प्रमाण दे चुकी है। महिलाओं का समाज और देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा है। इसलिए महिलाओं से आग्रह होगा कि रक्तदान और जरूरतमंद लोगों को सहयोग के लिए भी आगे आए। आपने हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दिखाई है। निश्चित तौर पर रक्तदान जैसे नेक काम में भी आप अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। यूथ चैरिटी के माध्यम से हमारे साथ जुड़े और जरूरतमंद गरीब परिवारों को मदद के लिए साथ निभाए। अल्प समय में ही यूथ चैरिटी ने अपनी पहचान बना ली है। महज दो-ढाई महीने के अंदर ही यूथ चैरिटी ने काफी लोगों को मदद पहुंचाने का काम किया है। इसमें रक्तदान से लेकर गरीब जरूरतमंद परिवारों को राशन और आर्थिक मदद भी शामिल है। यूथ चैरिटी चाहती है कि ऐसे नेक काम में महिलाएं भी आगे आए। यूथ चैरिटी के साथ जुड़कर सामाजिक दायित्वों को निभाएं। कहा कि यूथ चैरिटी जिस उद्देश्य से बनी है, अपने उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहा है। निश्चित तौर पर यूथ चैरिटी अपनी अलग पहचान बनाएगी। इसमें महिलाओं की भागीदारी अहम साबित होगा। मौके पर यूथ चैरिटी के अध्यक्ष शोएब अख्तर, सचिव असफारुल हक, कोषाध्यक्ष रियाजुल हक, महिला विंग से मकसूदां खातून, मगजीदा खातून, नेसतारा खातून, नुरेशा बीवी, सगीरा बीवी आदि मौजूद थे।

## करवा चौथ का व्रत रख सुहागिनों ने पति की दीर्घायु होने की किया कामना

**अमड़ापाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पति के दीर्घायु के लिए प्रखंड क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का पावन त्यौहार परंपरागत ढंग से मनाया।सुहागिनों ने निर्जला रहकर अपने पति की लंबी आयु और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए व्रत रखी,और सोलह श्रृंगार कर सुहागिनों ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की।करवा चौथ के दौरान सुहागिनों ने दिन भर साज श्रृंगार में जुटी रही।यह व्रत हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर रखा जाता है। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार करके चंद्र देव को दर्शन करती है,और सौभाग्यवती होने का वरदान मांगती है।चंद्र देव को निकलते ही व्रत रही महिलाओं ने चलनी में दीपक रखकर अपने सुहाग व चांद का दीदार करती है।करवा चौथ के व्रत में भगवान भोलेनाथ,मैया पार्वती व पुत्र गणेश,कार्तिक व चंद्र देव की पूजा अर्चना की जाती है। इस दिन एक तांबे या मिट्टी के बर्तन में चावल उड़द की दाल,सिंदूर,चूड़ी,नेल पॉलिश व शिशा कंधी सहित अन्य सामान किसी बुजुर्ग सुहागिन महिलाओं को देने से पुण्य और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।इस दिन घर में बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना चाहिए। वही देर शाम चांद देखने के बाद महिलाओं ने करवा चौथ व्रत का समापन किया।करवा चौथ को लेकर बाजारों में भी रौनक रही। साथ ही ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाएं श्रृंगार करने के लिए जुटी रही।ब्यूटी पार्लर में मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं की भीड़ रही।

## केंद्रीय कमेटी तय करेगी प्रत्याशी, संगठन जीताने का करेगी काम : विजय हांसदा

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्याशी का चयन केंद्रीय कमेटी करेगी। प्रत्याशी बदलेंगे या नहीं, केंद्रीय कमेटी ही तय करेगी। पार्टी संगठन और कार्यकर्ता सिर्फ केंद्रीय कमेटी के दिशा निर्देश का पालन करते हैं। यह बातें सांसद विजय हांसदा ने लिट्टीपाड़ा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में रविवार को कही। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी की घोषणा केंद्रीय कमेटी करती है। केंद्रीय कमेटी के बैठक में राज्य भर से सभी जिलों से पार्टी के पदाधिकारी पहुंचे थे। जिसमें सभी ने केंद्रीय कमेटी पर निर्णय लेना छोड़ दिया। पार्टी प्रत्याशी बदलेंगे या नहीं, कमेटी ही तय करेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी की जैसे ही घोषणा होगी, सबके सामने रख दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ केंद्रीय कमेटी के दिशा निर्देश का पालन करेंगे। केंद्रीय कमेटी जहां से भी जिसे भी प्रत्याशी के रूप में घोषित करेंगे, उन्हें जिताने का काम करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा या फिर इंडिया गठबंधन के जो भी प्रत्याशी होंगे, उन्हें जिताने के लिए काम करेंगे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करेंगे। प्रदेश में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। पार्टी घोषणा के बाद या पहले से ही तैयारी में लगी हुई है। पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी सभी छह विधानसभा क्षेत्र से आगे रही। इस विधानसभा चुनाव में सभी छह सीटों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत होगी।

## बरही के सहायक अध्यापक संगठन ने मृतक परिवार को दिया सहयोग राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के सहायक अध्यापक कृष्णा कुमार तिलैया बस्ती,एक्सीडेंट के क्रम में निधन पर संगठन की ओर से आर्थिक सहयोग राशि 1,98701 रुपए इनके घर जाकर परिजनो को सौंपा और कहा कि संगठन आपके साथ हर सुख दुख मे मृतक के परिजनों के साथ हमेशा खडा रहेगा। इनके निधन से प्रखंड के पारा शिक्षकों काफी दुखी है। स्वर्गीय कृष्णा कुमार अपने पीछे तीन पुत्र को छोड़ चले गए। प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे ने कहा राज्य के पारा शिक्षक सभी कामों में सहयोग करते हैं परंतु आज तक राज्य सरकार हम लोगों के भविष्य और परिजनों के बारे में नहीं सोचा। आज सरकार की लापरवाही से फिर एक परिवार को बेसहारा होना पड़ा हैं। अगर सरकार ईपीएफ की पहल पहले की होती तो इनको सरकार की ओर से उनके परिजन को आर्थिक सहयोग प्राप्त होता। जबकी जब राज्य सरकार बनती है, पारा शिक्षकों को एक आश्वासन और छलावा दिया जाता है, जिससे राज्य के पारा शिक्षक काफी मर्माआहत है। सरकार की उदासीनता के कारण एक पारा शिक्षक को कोई सरकारी लाभ नहीं मिल पाया। अल्प मानदेय भोगी बरही प्रखंड के सभी पारा शिक्षक अपने स्तर से एक निश्चित राशि जमा कर उनके परिजनों को सहयोग राशि के रूप मे सहयोग किया। सहयोग देने में तिलैया बस्ती केसीआरपी, बीआरपी तथा सरकारी शिक्षको का भी योगदान रहा।

## आउटसोर्सिंग में ओबी डंपिंग को लेकर दो गुटों में मारपीट, शेरू अंसारी को लगी गोली, जांच मे जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** बरारी बगडिगी में चल रहे शुशी आउटसोर्सिंग में कोयला चोरी में वर्चस्व स्थापित करने को लेकर दो गुटों में मारपीट एवं गोली चलन की घटना हुई। गोली चलन की घटना में आउटसोर्सिंग में कार्यरत शेरू अंसारी नामक व्यक्ति घायल हो गया। हलाकि शेरू के बाए पैर को छूते हुए गोली निकल गई जिससे वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से शेरू का इलाज नर्सिंग होम में कराया जा रहा है। वही घटना में आधा दर्जन राउंड फायरिंग हुई है।घटना की सूचना जोड़ापोखर पुलिस को दिया गया। पुलिस घटना स्थल पर पहुँचकर मामले की जाँच में जुट गई है।थाना में बंटी खान ने कहा है कि वह दोपहर अपने दोस्त शेरू अंसारी, अनवर अंसारी, वसीम अकरम अंसारी के साथ बगडिगी फुटबॉल मैदान के सामुदायिक भवन में बैठे हुए थे। तभी हथियार से लैश होकर राजू अंसारी, मिंटू इराकी, अरमान अंसारी, तोशीक अंसारी, गोरका अपने पांच समर्थकों के साथ पहुँच गए और आउटसोर्सिंग का हितैषी कहते हुए मारपीट करने लगे। उन्होंने 20 हजार रंगदारी देने का मांग किया। नही देने की बात पर सभी उग्र हो गए। उन लोगों ने अपनी कमर से पिस्टल निकालकर अंधाधुन फायरिंग कर दिया। हलाकि हम सभी लोग वहाँ से जान बचाकर भाग निकले। सिर्फ शेरू के पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। वहीं जोरापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने कहा कि घटना स्थल से खोखा बरामद नही हुआ है। आउटसोर्सिंग में ओबी डंपिंग को लेकर दो गुटों में मारपीट हुई है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

## तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नाला :** टेसजुरिया जे एम बी एस के क्लब के द्वारा हर वर्ष के तरह इस वर्ष भी ग्राम पंचायत टेसजुरिया में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का समापन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि टेसजुरिया पंचायत के पंचायत समिति गुलशन अली व जिलापरिषद पतिनिधि प्रेमलाल मुर्मू टेसजुरिया पंचायत मुखिया पतिनिधि जियाराम मुर्मू माझी हाड़ाम बाबूराम मुर्मू एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड सदस्य पतिनिधि नवनी सोरेन एवं विशिष्ट अतिथि कृष्णा पूजहर सुरंजीत मुर्मू सिंधु मरांडी बिमल सोरेन सामसुंदर बेसरा शेख बबलू उपस्थित थे। टूर्नामेंट मे लगभग 16 टीमों ने भाग लिया जिसमे फाइनल मैच एन बी एस बॉयस एवं आदिवासी एफ सी के बीच मैच खेला गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता एन बी एस बॉयस रहा एवं द्वितीय विजेता आदिवासी एफ सी रहा। कमेटी के द्वारा प्रथम विजेता एन बि एस को 11000 नगद एवं द्वितीय पुरस्कार सरगवा को 7100 रूपये पुरुस्कार एवं सील्ड प्रदान किया गया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुलशन अली के द्वारा विजेता टीम को 15000नगद राशि एवं द्वितीय टीम को 12000 रूपये नगद पुरस्कार दिया गया।मौके पर गुलशन अली ने कहा कि विगत कई वर्षो से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

## कोयला परिवहन में लगे अन्य राज्यों के सात हाइवा को किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अमड़ापाड़ा :** पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक में कोयला परिवहन कर रहें डम्परों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन के आदेश पर स्थानीय प्रशासन ने सात कोयला लदे हाइवा को जप्त किया है।जप्त किए गए सभी हाइवा अन्य राज्यों का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम को सीओ औसफ़ अहमद खान, बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता और पुलिस इंस्पेक्टर अनूप रौशन भेंगरा ने कार्रवाई करते हुए कोयला लदे वाहनों को जप्त किया है। कार्रवाई के बाद कोल प्रबंधन और ट्रांसपोर्टेशन करने वाले कुछ लोग थाना और अधिकारियों के आवास के आसपास मंडराते नजर आए।

**जप्त हाइवा की सूची**

यूपी 65 एल टी 3338, डब्लूबी 53 सी 7590, डब्लूबी 65 ई 7892

बीआर 10 जी सी 8009 ( 16 चक्का), डब्लूबी 93- 4311, डब्लूबी 65 ई 3464, डब्लूबी 57 एफ 0860 हैं।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार सीओ औसफ़ अहमद खान ने बताया कि नियमों की अनदेखी कर रहें वाहनों को जप्त कर जिला प्रशासन को सूचना दे दिया गया है।

## झामुमो कार्यकर्ताओं में भरा जोश, दिया जीत का मंत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लिट्टीपाड़ा :** झामुमो का लिट्टीपाड़ा विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को करियोडीह आम बगान में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय हांसदा, झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता सह झामुमो नेता हेमलाल मुर्मू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने किया। सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हेमलाल मुर्मू ने कहा कि राज्य में झामुमो की हेमंत सोरेन की नेतृत्व में चलने वाली सरकार जितना कार्य जनता के लिए किया, इससे पहले किसी भी मुख्यमंत्री ने नहीं किया है। चाहे वह लोगों को आवास देना हो या महिलाओं को सम्मान, बच्चों को शिक्षा, किसानों की ऋष्ण माफ सहित सैंकड़ों योजना हेमंत सोरेन ने राज्य की जनता को देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में राज्य में 100 करोड़ से अधिक का बिजली बिल माफ कर गरीब व माध्यम परिवारों के बीच मिसाल कायम किया है। उन्होंने कहा हेमंत सरकार ने राज्य के किसानों को दो लाख रुपए तक की ऋष्ण माफ का ऐलान किया। वहीं राज्य में भाजपा हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी घोषणाओं से बौखला गई है। जिससे बौखला कर वह 2100 रुपए का जुमला घर-घर बांट रहे हैं। लोगों को दिलासा दिला रहे हैं कि हमारी सरकार बनेगी तो 2100 रुपए दिया जाएगा। भाजपा लोगों को फॉर्म भर कर बेवकूफ बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत की सरकार दिसंबर में बनते ही सभी माता-पिता बहनों को मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ाकर 2500 रुपए प्रति माह कर दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर चुनाव कार्य में जुट जाने का ऐलान किया। उन्होंने प्रखंड कमिटी को एक सप्ताह के अंदर बूथ कमेटी का गठन कर सभी मोर्चे को सक्रिय करने का निर्देश दिया। सम्मेलन में उपस्थित संसद विजय हांसदा ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह कार्यकर्ता लोकसभा में बेहतरीन प्रदर्शन कर झामुमो को जीत दिलाने का कार्य किया।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के दो प्रखंड उपाध्यक्ष ने एक साथ दिया पार्टी से इस्तीफा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** विधानसभा चुनाव का ऐलान होते ही अब नाला विधानसभा क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी पार्टी को छोड़ रहे हैं। दरअसल नाला विधानसभा क्षेत्र झारखंड मुक्ति मोर्चा का गढ़ रहा है और यहां से विधायक विधानसभा अध्यक्ष पद पर भी सुशोभित हो चुके हैं। बावजूद अब उनके कार्यकर्ता हाथ से निकल रहे है। रविवार को नाला विधानसभा क्षेत्र के ही फतेहपुर प्रखंड के दो प्रखंड उपाध्यक्ष ने एक साथ पार्टी के प्राथमिक सदस्य से त्यागपत्र देकर चौंका दिया। फतेहपुर के प्रखंड उपाध्यक्ष रहे गौतम महतो और राजेश प्रसाद मंडल दोनों ने सामूहिक रूप से जिला सचिव को त्यागपत्र भेज कर पार्टी छोड़ने का ऐलान किया। नेताद्वय ने प्रेस वार्ता कर कहा कि जिस समर्पण भाव से हम लोगों ने पार्टी को सींचा और आगे बढ़ाया। लेकिन वर्तमान प्रखंड अध्यक्ष के बर्ताव के कारण वे लोग पार्टी छोड़ने को विवस हुए। हालांकि ये लोग अब किस पार्टी में जाएंगे इस पर कुछ भी नहीं कहा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जामताड़ा कुमुद सहाय ने अधिकारियों संग विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर अनुमंडल कार्यालय स्थित नामांकन स्थल एवं जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि 09 जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र हेतु नामांकन प्रक्रिया अनुमंडल कार्यालय जामताड़ा में संपन्न होगा। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया से जुड़ी सभी तैयारियां को अविलंब पूर्ण कर लें। सभी जरूरी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ ही हेल्प डेस्क को स्थापित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा नामांकन कक्ष में नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशी के साथ पांच समर्थक को ही जाने अनुमति रहेगी। इसके लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां जोर शोर से कर रही है। उपायुक्त ने आगे बताया कि जामताड़ा जिले में चुनाव दूसरी चरण में होगी। जिसके लिए नाम निर्देशन दाखिल करने की तिथि 22 अक्टूबर से प्रारंभ होगी और नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर निर्धारित किया गया है। वहीं नामांकन प्रपत्र की संविक्षा 30.10.2024 को होगी एवं 01.11.2024 को नाम वापसी की अंतिम तिथि एवं 20.11.2024 को जिले में मतदान संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि नामांकन हेतु 08 नाला के निर्वाची पदाधिकारी के रूप में अपर समाहर्ता, जामताड़ा एवं 09 जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को निर्वाची पदाधिकारी के रूप में नियुक्ति की गई है। वहीं नामांकन स्थल निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने तैयारी की समीक्षा कर पाए गए कमियों को अविलंब निष्पादन हेतु आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया गया। कहा कि नामांकन स्थल में विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट रहेंगे। वहीं जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने बताया यह 24 घंटे कार्यशील रहेगा। उन्होंने कंट्रोल रूम में अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया।इस मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अनुमंडल पदाधिकारी जामताड़ा अनंत कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी मुरली यादव सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत 22 अक्टूबर को भरेंगे नामांकन पत्र

# लोहरदगा आंदोलनकारी और स्वतंत्रता सेनानियों की धरती रही है : सुदेश महतो

## कांग्रेस सरना धर्म कोड के नाम पर आदिवासियों को ठगने का काम किया है : देवशरण भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा से एनडीए की प्रत्याशी नीरू शांति भगत घोषित की गई है। आज बीजू पाड़ा के स्मार्ट बैंक्विट हॉल में आयोजित चूल्हा प्रमुख एवं ग्राम प्रभारी की बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने घोषणा की। लोहरदगा विधानसभा सीट से आजसू की प्रत्याशी नीरू शांति भगत की उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि लोहरदगा आजसू की पारंपरिक सीट है और यह आजसू की ही रहेगी। लोहरदगा आंदोलनकारी और स्वतंत्रता सेनानियों की धरती रही है। यह धरती आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक देश और राज्य की दशा और दिशा बदलने का कार्य किया है।हम फिर से एक नया इतिहास लिखेंगे। उसके लिए आप सभी लोगों को कमर कस कर तैयार



रहना होगा,और इस विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी को जिताकर राज्य की तस्वीर बदलने का कार्य किया जाएगा।आज हमारी सरकार के द्वारा शुरू किया गया महिलाओं के योजनाएं बंद है। युवाओं के लिए शुरू की गई योजनाएं समाप्त कर दी गई है। इन सबों को फिर से शुरू किया जाएगा। इस बैठक में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा कि स्वर्गीय कमल किशोर भगत के द्वारा विधानसभा में सरना कोड का मामला उठाया गया था। उसका साथ अगर कोई देता तो मामला आगे बढ़ता और आज तक यह मुद्दा हल हो गया होता। परंतु कांग्रेस सिर्फ मुद्दा बनाकर वोट लेना जानती है, कुछ करना नहीं। हम सब आंदोलन के उपज हैं ।झारखंड के दर्द को हम समझते हैं।इसलिए जब तक आजसू नहीं आ जाती झारखंड का संपूर्ण विकास नहीं हो पाएगा। अतः आप सभी लोग कमरकस कर आजसू को जीतायें और एनडीए का सरकार बनाएं तभी झारखंड का समुचित विकास हो पाएगा। एनडीए लोहरदगा विधानसभा सीट नीरू शांति भगत को मिलने के बाद उन्होंने कहा की स्वर्गीय कमल किशोर भगत के सपनों को पूरा करने का कार्य करूंगी। आजसू आंदोलनकारीयों की पार्टी है आगे भी एक नई आंदोलन की शुरुआत की जाएगी जो विकास का आंदोलन होगा, लोहरदगा को एक नई दशा और दिशा देने का कार्य शुरू की जाएगी ।इसके लिए माननीय सुदेश महतो जी के साथ बैठकर पूरी कार्य योजना तैयार कर ली गई है। जीतने के साथ ही उन योजनाओं पर कार्य शुरू की जाएगी। 22 अक्टूबर दिन मंगलवार को एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगीं। जिसमें एनडीए के सभी घटक दलों बीजेपी यूनाइटेड जनता दल एल जी पी( आर )के सभी माननीय जिला अध्यक्ष जिला के सभी पदाधिकारी प्रखंड के सभी पदाधिकारी पंचायत के सभी पदाधिकारी सभी विंग पदाधिकारी से आग्रह होगा कि वह इस नामांकन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर एक जूटता का परिचय दें। और इस चुनावी समर को हम साथ मिलकर जीते तथा राज्य में एनडीए की सरकार बनाएं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विभानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह, केंद्रीय सचिव एवं चान्हो जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी, गुमला जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, लोहरदगा विधानसभा सह प्रभारी लखन साहू, लोहरदगा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, लोहरदगा एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत, मुख्य संयोजक कवलजीत सिंह, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, केंद्रीय महासचिव अंजू देवी, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, महेंद्र महतो, बबलू महतो, बुद्धिजीवी मंच के दिलीप साहू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता साहू, मालती टोप्पो, युवा मोर्चा जिला संयोजक पवन प्रजापति, नगर अध्यक्ष अशोक साहू, कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता, गुड्स प्रसाद, राजकुमार यादव, प्रदेश संयोजक डॉ लाल मनीष नाथ शाहदेव, भंडरा के दिलीप साहू, दिलीप यादव, छात्र संघ के आयुष मेहता, जिला प्रवक्ता सागर वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, जहांगीर आलम, केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल, पंचम सहदेव, राजेंद्र लोहार, तोहिद कुरैशी, साजिद कलाल, जहां अरा, सरस्वती देवी, विकास गिरी, मुनिया उरांव, संजय महतो, विनोद उरांव, प्रमोद उरांव, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## कैरो सशिवि मंदीर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत मुख्यालय कैरो स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रारम्भिक वर्ष तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का 20 अक्टूबर रविवार को समापन हो गया। कैरो खण्ड के संघ चालक डा0 भोला प्रसाद ने बताया कि पिछ्ले 18 अक्टूबर शुक्रवार से 20 अक्टूबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कैरो खण्ड के प्रारम्भिक प्रशिक्षण शिविर का 20 अक्टूबर रविवार को समापन हो रहा है। मौके पर जिला संघ चालक श्याम सुन्दर उराँव, जिला प्रचारक दीपक कुमार, प्रखंड के डा0 भोला प्रसाद, प्रशिक्षक आनन्द प्रजापति, सन्तोष कुमार, सुरज कुमार, कुडु खण्ड संघ चालक अजय कुमार साहु, शुभम कुमार के द्वारा प्रशिक्षण मे भाग लिये 14-28 वर्ष युवा को प्राणायाम, योग, सूर्यनमस्कार, दंड, सूर्य-चक्र, बौद्धिक, शारिरीक विषयों पर युवाओ को प्रशिक्षित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में कैरो खण्ड के कैरो, हनहट, नरौली, गजनी, गुड़ि इत्यादि गाँवो से सैकड़ो युवाओं ने आरएसएस के तीन दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया। मौके पर समापन के समय उपरोक्त के अलावा प्रणव पाठक, नीरज कुमार, बालेश्वर साहू, सुजीत प्रसाद इत्यादि उपस्थित थे।

## भंडरा के पोड़हा मे अधेड़ ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**भंडरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गडरपो पंचायत के पोड़हा गांव निवासी महरु भगत उम्र लगभग 50 वर्ष अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इस संबंध में महरू की पत्नी सोमरी भगातई ने भंडरा थाना में लिखित सूचना देकर बताई है कि वह कल अपनी बेटी के घर गई थी। शाम में जब वापस आए तो देखी की महरु भगत फांसी लगाकर झूल रहा है। घटना की सूचना ग्रामीणों ने भंडरा थाना को दी। सुचना मिलते ही भंडरा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमाटम के लिये लोहरदगा सदर भेज दिया। साथ ही भंडरा थाना पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर अग्रतार करवाई मे जुट गई है।

## घर के सामने खड़ा गाड़ी का चक्का खोल ले गए चोर

**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के नौडीहा चौक मे बीती रात भंडरा निवासी सुनील लकड़ा के घर के सामने में खड़ी ऑलटो कार का दो चक्का खोलकर चोर ले गए ।यह घटना बीती रात की है यह चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गया। इस संबंध में सुनील लकड़ा ने बताया कि उनके घर के सामने गाड़ी संख्या jh01q 6234 खड़ा था। चोर रात के समय इस घटना को अंजाम दिए। सीसीटीवी में कैद वीडियो के अनुसार तीन चोर एक बाइक में आए थे और चक्का खोलकर बाइक से ही भाग गए। घटना की सूचना भंडरा थाना को दी गई।

### खेल में अनुशासन का महत्तव तभी आपको सफलता मिलेगी : शैलेंद्र सुमन

## गांव के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रतियोगिता कराना सराहनीय कदम : मुमताज अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मेहनत से ही सफलता मिलती है। उक्त बातें भारत स्काउट और गाइड के जिला सचिव शैलेंद्र सुमन ने प्रगति क्लब भदुवापारा द्वारा स्कूल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में कही। श्री सुमन ने कहा कि खेल अनुशासन के साथ खेलने पर जीवन में सफलता निश्चित है। खेल से आपसी भाई चारगी को बढ़ावा मिलता है। खिलाड़ी हमेशा हमेशा चुस्त और फिट रहते हैं। इस मौके पर इन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी विधानसभा में 18 वर्ष से ऊपर के सभी मतदाता अपने मत का जरूर उपयोग करें और मतदान प्रतिशत प्रतिशत को बढ़ाने में महती भूमिका अदा करें। मतदान



का अधिकार सबका है और यह लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि भारत स्काउट और गाइड के संयुक्त सचिव मुमताज अहमद ने कहा कि गांव के युवाओं द्वारा प्रत्येक वर्ष खेल को बढ़ावा देने जैसी प्रतियोगिता का आयोजन करना एक सराहनीय कदम है। आज की परिस्थिति में युवा मोबाइल एवं अन्य अनुपयोगी कार्यो में व्यस्त रहते हैं और समय की बर्बादी करते हैं। ऐसे टूर्नामेंट देखकर उन्हें खेल के प्रति दिलचस्पी बढ़ेगी और खेल का एक मंच मिल जाताहै। इन्होंने भी आने वाले निकट चुनाव में अपना अपना वोट जरूर दें। गांव के प्रबुद्ध जन चमरू उरांव, तिवारी उरांव, एक्स आर्मी सुकरा उरांव, बबलू उरांव, गंगा उरांव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मैच के आयोजक सुनील उरांव एवं मनोज उरांव ने कहा कि मैच पूरे फीफा के नियम के साथ संचालित किया गया।

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला बाल विवाह के खिलाफ बड़ा कदम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सुप्रीम कोर्ट ने बाल विवाह के खिलाफ एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है, जिसमें कहा गया है कि बाल विवाह अपनी मर्जी से जीवनसाथी चुनने के अधिकार का हनन करता है। इस फैसले में कोर्ट ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार और प्रशासन को बचाव-रोकथाम-अभियोजन रणनीति के साथ समुदाय आधारित दृष्टिकोण के साथ काम करने की जरूरत बताई। छोटानागपुर कल्याण निकेतन के निदेशक प्रियंका सिन्हा ने, इस फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह फैसला 2030 तक देश से बाल विवाह का खात्मा सुनिश्चित करेगा। सिमडेगा में बाल विवाह के खात्मे के लिए यह फैसला एक



महत्वपूर्ण कदम है, और साथ ही हमारे साझा प्रयासों को और मजबूती मिलेगी।÷ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान ने 120,000 से अधिक बाल विवाह रुकवाए और 50,000 बाल विवाह मुक्त गांव बनाए। अभियान के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा कि यह फैसला सांस्थानिक संकल्प को मजबूती देने की दिशा में निर्णायक बिंदु साबित होगा।

## सरायकेला से सिद्धार्थ होनहागा ने थामा झापा का दामन



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां से जेबीकेएसएस के केंद्रीय संगठन सचिव सह खूंटपानी प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ झारखंड पार्टी का दामन थाना। झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने पार्टी का अंगवस्त्र देकर सभी का पार्टी में स्वागत किया और विधानसभा चुनाव के लिए शुभकामना दी। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## डीसी-एसपी ने चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त बनाने के उद्देश्य से रविवार, को पलामू के उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रीष्मा रमेशन और वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार द्वारा सतबरवा थाना के पास रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बने चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा की जा रही गतिविधियों का जायजा लिया गया.अधिकारियों ने वहां के रजिस्टरों की जांच की और चेक पोस्ट की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उपस्थित अधिकारियों ने सुरक्षा बलों को सतर्कता बनाए रखने और सुरक्षा संबंधित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है। चेक पोस्ट पर सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है और अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इस दौरान सुरक्षा बलों को नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिया गया।जिला प्रशासन द्वारा जनता से भी अपील की गई है कि वे चुनाव के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष बनाए रखने में सहयोग करें।मेदिनीनगर : विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त बनाने के उद्देश्य से रविवार, को पलामू के उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रीष्मा रमेशन और वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार द्वारा सतबरवा थाना के पास रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बने चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा की जा रही गतिविधियों का जायजा लिया गया.अधिकारियों ने वहां के रजिस्टरों की जांच की और चेक पोस्ट की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उपस्थित अधिकारियों ने सुरक्षा बलों को सतर्कता बनाए रखने और सुरक्षा संबंधित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

# पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना के साथ सुहागिनों ने किया करवा चौथ का व्रत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** करवा चौथ विशेष तौर पर नारियों का त्योहार है। हिन्दू धर्म में नारी को शक्ति का स्वरूप माना जाता है। कहते हैं कि नारी को यह वरदान है कि वो जिस भी कार्य या मनोकामना के लिए तप या व्रत करेगी तो उसका फल उसे अवश्य मिलेगा। खासकर अपने पति के लिए यदि वे कुछ भी व्रत करती है तो वह सफल होगा।यह त्योहार पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना के लिए मनाया जाता है। माना जाता है कि इस व्रत को रखने से पति की उम्र लंबी होती है। करवा चौथ का व्रत पति-पत्नी के बीच प्रेम और विश्वास को बढ़ाता है। यह व्रत दोनों के बीच के बंधन को और मजबूत बनाता है।करवा चौथ का पर्व मुख्य रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु, सुरक्षा,और सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता है। इसका



धार्मिक,सांस्कृतिक और पौराणिक महत्व है,जो इसे एक विशेष और महत्वपूर्ण त्योहार बनाता है। करवा चौथ के व्रत से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं और कहानियां हैं,जो करवा चौथ व्रत का महत्व और इसे मनाने का कारण बताती हैं। पौराणिक कथाओं में एक ओर जहां माता पार्वती शिवजी को पाने के लिए तप और व्रत करती है और उसमें सफल हो जाती है तो दूसरी ओर सावित्री अपने मृत पति को अपने तप के बल पर यमराज से भी छुड़ाकर ले आती है। यानी स्त्री में इतनी शक्ति होती है कि वो यदि चाहे,तो कुछ भी हासिल कर सकती है। इसीलिए महिलाएं करवा चौथ के व्रत के रूप में अपने पति की लंबी उम्र के लिए एक तरह से तप करती हैं। तप का अर्थ होता है किसी चीज को त्यागना और किसी एक दिशा में आगे बढ़ना। महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत करती हैं। चौथ का चांद हमेशा देर से निकलता है। कई बार तो देर रात तक चांद नहीं दिखता। ये मौसम ऐसा होता है कि कई बार बादल घिर जाते हैं और चांद नजर ही नहीं आता। ऐसे में महिलाएं देर रात या अगले दिन तक अपना व्रत नहीं तोड़ती हैं। ये एक तरह से महिलाओं की परीक्षा होती है कि वो अपने पति के लिए कितना त्याग कर सकती हैं। करवाचौथ का सबसे जरूरी और विशेष नियम है कि विधि-विधान के साथ पूजा करने के बाद रात्रि में चंद्रदेव की पूजा और उन्हें अर्ध्य देना। साथ ही करवाचौथ की कथा सुनने के साथ ही भगवान शिव, माता पार्वती, कार्तिकेय, गणेश जी की पूजा भी जरूर करनी चाहिए। इससे विवाहितों वैवाहिक जीवन खुशहाल रहता है और वो जीवन में तरक्की करते हैं। पंचांग के अनुसार, इस साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर दिन रविवार को सुहागिनों ने करवा चौथ का व्रत किया।

## भाजपा जिला मीडिया प्रभारी के पिता का देहांत, परिवार में शोक की लहर



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जिला मीडिया प्रभारी सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता के पिताजी रामदयाल प्रसाद, उम्र 75 वर्ष उनका निधन रविवार दोपहर 3:30 बजे हुआ, वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे, भगवान इस दुःख की घड़ी में परिवार वालों को शक्ति दें, इस दुःखद खबर पर भारतीय जनता पार्टी में शोक की लहर है।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 49 लोगों ने अपने स्वास्थ्य जांच करवा कर हुए लाभान्वित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 123 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, डॉ मृत्युंजय कुमार, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, संजय चौधरी एवं शिक्षिका अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 49 लोगों ने अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर लाभान्वित हुए, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा सुखी




जीवन जीने के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी है इसके लिए आपको नियमित रूप से अपने स्वास्थ से संबंधित जांच कराते रहना चाहिए,और कहा कि असमर्थ लोगों के लिए जल्द ही जरूरी दवाओं की व्यवस्था भी की जाएगी। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पाते हैं जिससे कि छोटी-छोटी बीमारियां आगे जाकर बड़ा रूप ले लेती है इसे नजर अंदाज न करें। हड्डी एवं नस के चिकित्सक डॉ मृत्युंजय कुमार ने कहा की लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए लोगों को भी जागरूक करें। और सुबह-सुबह खुली जगह में घूमे और ताजी हवा ले इससे आपके नस एवं हड्डी में मजबूती आएगी और साथ ही साथ शरीर फुर्तीला रहेगा। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव जय प्रकाश शर्मा, सहसचिव संजय चौधरी व अनामिका भारती ने कहा की प्रत्येक सप्ताह चल रहे इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोग अपने स्वास्थ की जांच करवा कर अपने स्वास्थ के संबंध मे जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है। और आशीष अग्रवाल एवं राजू यादव के द्वारा भी स्वास्थ्य संबंधित लोगों का जांच किये। आज शिविर में- जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, डॉ मृत्युंजय कुमार, अवधेश मित्तल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, अनामिका भारती, अंजलि सर्राफ, सुबोध महतो, गोपाल सिंह, अतुल सर्राफ, सुरेंद्र गुप्ता, संध्या देवी, मुकेश कुमार, लाल मुनी देवी, राजेश तमेड़ा, रानी देवी, मालती देवी, चंपा देवी, जहुर अंसारी, वजीर अंसारी, शर्मिला देवी, ओम प्रकाश, गोपाल महतो, सरिता देवी, सरोज प्रजापति, संजय कुमार, रमेश शर्मा, गोपाल कास्यंकार, मनोज कुमार, सुंदर देवी, रश्मि देवी, उदय कसेरा, राम प्रसाद कसेरा, प्रशांत मरांडी, देवनारायण प्रसाद, तपेश्वर अग्रवाल, रूपनारायण प्रसाद, ममता बांका, सुभद्रा देवी, एल.एन तिवारी, दीपक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, राजीव यादव आदि उपस्थित थे।

# विस चुनाव के सफल संचालन को लेकर गठित कोषांगों की उपायुक्त ने की समीक्षा, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विधानभा आम निर्वाचन, 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।समीक्षा बैठक में ईवीएम डिस्पैच सेन्टर, ईवीएम की कमिशिनिंग गुणवत्तापूर्ण, वाहनों की उपलब्धता, मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट/मैप, ईवीएम की सुरक्षा एवं तैयारी,




कम्युनिकेशन प्लान, मूवमेंट प्लान, ट्रेनिंग एवं अवेयरनेस, बूथों पर पेयजल एवं शौचालय निर्माण की अद्यतन कार्य प्रगति,मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी से विभिन्न स्तर के प्रशिक्षणों की तिथि से अवगत हुए। वहीं निर्वाचन कोषांग द्वारा अबतक किये गये कार्यों की भी जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त उन्होंने संबंधितों को मतदान कर्मियों का डाटा बेस तैयार करने, लंबित इंट्री को अविलंब पूरा करने, पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र स्थापित करने, दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने, वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग, स्वीप कोषांग आदि को लेकर संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावे उपायुक्त ने,स्ष्ठ लिस्ट को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को बीएलओ के साथ बैठक करने और इससे संबंधित ट्रेनिंग कराने का निर्देश दिया गया।बैठक में कई पदाधिकारी व अधिकारी उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### छठ घाटों को साफ किया जाए एवं आसपास की गंदगी को भी हटाया जाए : राजीव रंजन मिश्रा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति की वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 65वे वर्ष छठ पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वर्ष 2022 के आय-व्यय का ब्यौरा दिया गया एव पुरानी कमिटी को भंग की गई। बैठक में स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने इस वर्ष छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन एवं नगर निगम से आग्रह किया कि पूजा के पहले बड़ा तालाब सहित राँची के सभी तालाबो की साफ सफाई कराई जाए ताकि छठ व्रतियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। पूजा से पहले सभी छठ घाटों को साफ किया जाए एवं आसपास की गंदगी को भी हटा दी जाए। मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति के द्वारा कोलकाता के मालाकार द्वारा आकर्षक पुष्प सज्जा एवं विद्युत सज्जा कराई जाएगी।

**बैठक में सर्व सहमति से :** राजीव रंजन मिश्रा एवं विनय सरावगी को मुख्य संग्रक्षक बनाया गया। संरक्षक :- शंकर दुबे, कैलाश केसरी, अशोक पुरोहित, शमशेर आलम, प्रणय कुमार, रमेश सिंह, साहेब अली, सुशील केजरीवाल। संयोजक:- रतन जालान, किशोर साहू, गोपाल पारीक, सूरजभान सिंह, अध्यक्ष- राम अनुज सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष- रमेश केडिया, महा मंत्री - बंटी सिंह, मंत्री- दीपू गाड़ी, उपाध्यक्ष- लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा, विशाल मिश्रा, मनोज शर्मा, मो रॉकी, मनीष मिश्रा, सह-मंत्री- नंद किशोर चांगल, अभिनव आनंद, गोपाल चांगल, मो परवेज, प्रकाश पाल, इंदर सिंह, राजू पोद्दार, राजीव सिंह, प्रचार-मंत्री - अरविंद सिंह, सह-प्रचार-मंत्री- पिंटू चांगल। को बनाया गया साथ 21 सदस्यीय कार्यसमिति की घोषणा की गई। बैठक में मुख्यरूप से अविनाश आनंद, पुरुषोत्तम मालाकर, दीपू राम, आर्यन कुमार, निरंजन मिश्रा, संदीप शर्मा, श्याम कपाड़िया, राजू कपाड़िया, मनीष सिन्हा, जोगेंद्र शर्मा सहित दर्जनों सदस्य शामिल थे।

### भाजपा की पहली सूची में आधी आबादी पर विशेष फोकस

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची में आधी आबादी पर विशेष फोकस किया है। 66 प्रत्याशियों की सूची में भाजपा ने 12 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा कुल 68 सीटों पर झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने वाली है। इसमें अभी 66 प्रत्याशियों की सूची जारी की गई है। सूची में कोडरमा से नीरा यादव, निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता, झरिया से रागिनी सिंह, जमुआ से मंजू देवी, गांडेय से मुनिया देवी, सिंदरी से तारा देवी, पोटका से मीरा मुंडा के नाम शामिल हैं। इसके अलावा जमशेदपुर पूर्वी से पुर्णिमा दास साहू, चाईबासा से गीता बलमुचू, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, जामताड़ा से सीता सोरेन, छतरपुर से पुष्पा देवी को प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू को भी टिकट दिया है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को भी पार्टी ने टिकट दिया है। चाईबासा से गीता बालमुचू, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, मझगांव से बड़कुंवर गागराई, चक्रधरपुर से शशी भूषण सामड को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। मनोहरपुर सीट आजसू के खाते में गयी है। आजसू भी सोमवार तक अपना प्रत्याशी घोषित कर देगी। भाजपा ने जिन चार प्रत्याशियों पर दांव खेला है उनमें गीता बालमुचू को छोड़कर अन्य तीनों प्रत्याशी पहले भी विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं।

# गोड्डा में रोचक मुकाबला के आसार





**तौकीर राज @ प्रभात मंत्र**

**साहिबगंज :** झारखंड विधानसभा चुनाव का शंखनाद होते ही सभी पार्टियां चुनावी तैयारी में जुट गई हैं। गोड्डा विधानसभा सीट पर विस चुनाव को लेकर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। इस बार गोड्डा सीट पर रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। वर्तमान में यह सीट भाजपा के कब्जे में है। हालांकि गोड्डा जिले की अन्य दो सीटों पर इंडिया गठबंधन के विधायक हैं। गोड्डा विधानसभा सीट से बीजेपी के अमित मंडल लगातार दो बार से विधायक हैं। इसके पूर्व इनके पिता दिवंगत रघुनन्दन मंडल भाजपा से विधायक थे। उनके असामयिक निधन के बाद पहले उपचुनाव जीत अमित मंडल विधायक बने थे, फिर दोबारा 2019 चुनाव में भी जीत दर्ज किया था।

**तीसरी बार भी पार्टी ने अमित पर जताया है भरोसा:** विधानसभा चुनाव 2024 में भी अमित मंडल को ही भाजपा ने अपना उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं संजय यादव गोड्डा सीट से लगातार तीन चुनाव हारे हैं। संजय यादव विस चुनाव 2009 में गोड्डा से राजद की टिकट पर विधायक रह चुके हैं। 2019 चुनाव नजदीकी मुकाबले में 4500 मत से हारे थे। अब तक दोनों के बीच सीधा मुकाबला होता रहा है। इस बार इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर राजद की नाराजगी में गोड्डा सीट पर दावेदारी अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। लेकिन महागठबंधन में राजद के साथ बात बनती है तो भी यह सीट राजद को जाएगी। अगर, राजद अकेले चुनाव में जाती है, तो भी राजद यहां चुनाव लड़ेगी। ऐसी स्थिति में भाजपा के अमित मंडल के सामने मजबूत प्रत्याशी के रूप में संजय यादव ही होंगे।

**जेएलकेएम के चुनाव लड़ने से हो सकता है त्रिकोणीय मुकाबला :** गोड्डा विधानसभा सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने के लिए जेएलकेएम सुप्रीमो जयराम महतो लगातार सक्रिय हैं। पिछले दिनों जयराम गोड्डा में हजारों की भीड़ जुटा संकल्प सभा भी कर चुके हैं। हालांकि जेएलकेएम की ओर से प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी करने के बाद से ही पार्टी के अंदर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। पार्टी की ओर जारी कि गई सूची में परिमल ठाकुर को गोड्डा उम्मीदवार घोषित करने के बाद से पार्टी के अंदर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। वहीं परिमल ठाकुर क्षेत्र में प्रचार अभियान में जुट गए हैं।

*** तीसरी बार अमित बनेंगे विधायक या बदलेगा समीकरण**

**महतो समाज उतार सकती है प्रत्याशी :** गोड्डा विधानसभा में मुकाबला त्रिकोणीय होगा या फिर सीधा मुकाबला भाजपा के अमित और राजद के संजय के बीच होगा, यह तो जनता ही तय करेगी, लेकिन चर्चा का बाजार गर्म है कि महतो समाज चुनावी मैदान में अपना प्रत्याशी उतारती है, तो बड़ी पार्टियों का भी चुनावी समीकरण बिगड़ सकता है। हालांकि अबतक गोड्डा विधानसभा सीट पर सीट किसकी झोली में जाएगी, यह तय नहीं हुआ है।

## राज्य में पुनः बनेगी महागठबंधन की सरकार : मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा विस क्षेत्र के 500 से अधिक लोग झामुमो में शामिल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा।** आगामी विधानसभा चुनाव में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के समर्थन में गढ़वा विधानसभा के विभिन्न प्रखंडों से 500 से अधिक लोग भाजपा एवं अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हो गये हैं। रविवार को मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर पहुंचकर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जिस जोश खरोश के साथ काफी संख्या में लोग प्रतिदिन झामुमो में शामिल हो रहे हैं, उससे निश्चित रूप से राज्य में झामुमो के नेतृत्व में पुनः महागठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता विकास विरोधी एवं जनता का हक लूटने वालों को धूल चटाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जनता पूरी तरह से जागरूक है। सभी को पता है कि गढ़वा में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्या को रोकने के लिए विकास विरोधियों ने हर कदम पर टांग अड़ाया है। साथ ही पूर्व में जनता ने जिन-जिन लोगों को भरपूर मौका दी वे काम करने के बजाय मसखरी करने तथा चिकनी चुपड़ी बातें करके जनता को उलझाकर खुद मालामाल होते रहे। ऐसे लोगों को जनता सबक सिखलाने को तैयार है। पार्टी में शामिल होने वालों में गढ़वा, मेराल, रंका आदि प्रखंडों के चेचरिया पंचायत के ग्राम खोलरा से श्यामलाल चौधरी, संजय राम, आजाद अंसारी, उमेश सिंह, राजा सिंह, अशोक सिंह, धनुकी चौधरी, कुतुबुद्दीन अंसारी, लल्लू चौधरी, मोती चौधरी, किशुनधारी चौधरी, पिपरा पंचायत से गुड्डु राम, इकबाल खान, रंका कला के उप मुखिया रंजीता सोनी सहित 500 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

## मरांडी के नेतृत्व में प्रवासी, प्रभारी व अध्यक्षों की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय रांची में प्रथम चरण में होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रभारीयों, विधानसभा में नियुक्त प्रवासियों एवं सभी जिला अध्यक्षों की बैठक आहूत की गई।

विदित हो कि पार्टी द्वारा सभी विधानसभा में प्रत्याशी की घोषणा के पश्चात यह पहली और अत्यंत ही महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता बाबूलाल मरांडी ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू एवं प्रदीप वर्मा के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित कर शुरू किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयों को चुनाव में लग जाने का सुझाव देते हुए अपने अपने क्षेत्र में महती भूमिका निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की हम सब अपने-अपने क्षेत्र में अपने सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग और साथ लेते हुए एक एक घरों में जाने का काम करें और केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ राज्य सरकार की विफलताओं को बताने का काम करें। बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने बैठक में आए विभिन्न कार्यकर्ताओं की सुझावों को अमल में लाने का निर्देश दिया ताकि सार्थक परिणाम आ सके। बैठक में लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, लातेहार प्रवासी सह छत्तीसगढ़ स्थित सरगुजा के पूर्व जिला अध्यक्ष राम किशुन सिंह, लातेहार विधानसभा प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा, मनिका विधानसभा प्रभारी प्रेम सिंह, विस्तारक कमलेश पासवान समेत अपेक्षित सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरुकता वाहन को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी मतदाताओं से अपील की है कि स्वयं भी मतदान करें और आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने अधिकार का सही इस्तेमाल करें एवं नैतिक मतदान के प्रति सजग बनें।वे रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उदेश्य से जागरुकता वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान मीडिया से मुखातिब थे। कुमार ने कहा कि विगत निर्वाचनों में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है, उन सभी क्षेत्रों में इन प्रचार वाहनों के माध्यम से मतदाता जागरुकता से संबंधित संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इसके लिए कुल 36 प्रचार वाहन तैयार किए गए हैं, जो राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में घूम-घूमकर नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करेंगे। प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाएं।प्रचार वाहनों को रवाना करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोक कलाकारों ने मतदाता जागरुकता से संबंधित स्थानीय लोकभाषा में मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के बाबत पूरे राज्य में स्थानीय थीमों को ध्यान में रखते हुए स्वीप के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इस मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निदेशक जनसंपर्क आनंद सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभी पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होने वाले हैं। इसकी तारीख की घोषणा कर दी गयी है। पहले चरण में 13 नवंबर को 43 सीटों पर वोटिंग होगी और दूसरे चरण में 20 नवंबर को 38 सीटों पर मतदान होगा। इसके बाद 23 नवंबर को मतगणना होगी। इसलिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक कर रही है, ताकि इस बार ज्यादा से ज्यादा लोग वोट करें।

## राष्ट्रीय समूहगान में प्रथम स्थान डीएवी एनआईटी को

**रांची:** प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता-2024 का आयोजन भारत विकास परिषद, दक्षिण झारखंड प्रान्त, पूर्वी रिजन के तत्वावधान में सरला बिरला यूनिवर्सिटी के सभागार में रविवार को हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आदित्यपुर शाखा के डीएवी पब्लिक स्कूल एनआईटी, जमशेदपुर के विद्यार्थी रहे जबकि द्वितीय स्थान पर डीपीएस, रांची के विद्यार्थी एवं तीसरे स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर, जमशेदपुर के विद्यार्थी रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भक्ति वेदांता विद्या भवन, गुरुकुल रांची के प्रोजेक्ट डायरेक्टर असीम कृष्ण दास एवं विशिष्ट अतिथि जटाशंकर चौधरी, पलामू के पूर्व प्रमंडलीय आयुक्त के जरिये दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मौके पर असीम कृष्ण दास ने भारत विकास परिषद के कार्यों की सराहना की और कहा कि हमारी संस्था भी इस तरह का कार्य कर रही है।

# महागठबंधन ने बिहार की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में उतारे उम्मीदवार



**एजेंसी**

**पटना :** बिहार में होने वाले चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में महागठबंधन ने आज राजद प्रदेश कार्यालय में महागठबंधन की साझा पत्रकार वार्ता में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने उम्मीदवारों का ऐलान किया।राजद प्रदेश कार्यालय में महागठबंधन के नेताओं की मौजूदगी में जगदानंद सिंह ने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। इमामगंज सीट से रोशन कुमार माझी उर्फ राजेश मांझी महागठबंधन के साझा उम्मीदवार होंगे। बेलागंज से विश्वनाथ कुमार सिंह, रामगढ़ से जगदानंद सिंह के छोटे बेटे अजीत कुमार सिंह और तरारी विधानसभा सीट से राजू यादव महागठबंधन के उम्मीदवार होंगे।चार में से तीन सीटों पर राजद ने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि एक सीट माले के खाते में गई है। बेलागंज, रामगढ़ और इमामगंज सीट से राजद उम्मीदवार महागठबंधन के साझा उम्मीदवार होंगे जबकि तरारी की सीट माले को मिली है। तरारी सीट से माले उम्मीदवार राजू यादव महागठबंधन के साझा उम्मीदवार बनाए गए हैं।उल्लेखनीय है कि देशभर के 13 राज्यों की कुल 48 सीटों पर उपचुनाव होने हैं, जिसमें बिहार की चार सीटें भी शामिल हैं। चारों सीटों पर हो रहे उपचुनाव को विधानसभा चुनाव के सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा है। यह उपचुनाव दोनों गठबंधनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। दोनों गठबंधन की तरफ से चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए रणनीति तय की जा रही है।लोकसभा चुनाव के बाद खाली हुई तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज सीट पर 13 नवम्बर को मतदान होगा जबकि 23 नम्बर को नतीजे आएंगे। रामगढ़ में राजद के सुधाकर सिंह, तरारी में सीपीआई माले के सुदामा प्रसाद, बेलागंज में राजद के सुरेंद्र यादव और इमामगंज में हम के जीतन राम मांझी के सांसद बनने के बाद ये चारों सीटें खाली हुई हैं।

## जमीन से जुड़ा खेल है फुटबॉल : अविनाश देव

*** वरिष्ठ झामुमो नेता अविनाश देव ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** एस एंड टी क्लब सतबरवा द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हाईस्कूल के मैदान में किया गया। जहां बतौर मुख्य उद्घाटनकर्ता संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह वरिष्ठ झामुमो नेता अविनाश देव शामिल हुए।टूर्नामेंट के उद्घाटन कर्ता के रूप में विजेता, उप विजेता दोनों ने मिल कर अतिथियों को इक्यावन किलो का विजय माला पहना कर शानदार स्वागत किया। खेलारी बनाम पलामू के प्लेयर मैदान में उतरे। दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर गेंद को कीक मार खेल की शुरुआत किया गया। एस एंड टी क्लब सतबरवा के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ और फूलमाला देकर स्वागत किया। दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंततः बराबरी पर रहे। पेनाल्टी कीक के बाद विजेता का खिताब पलामू टाइगर्स ने प्राप्त किया।दोनों टीमों दर्शकों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा कि एक दौर में लोग जमीन पर खेलते थे किंतु लंपट पूंजी का प्रवाह नौजवानों को स्क्रीन पर खेलने के लिए मजबूर कर दिया। जिससे शारीरिक मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य बिगड़ गया है। जरूरत है जमीन पर खेलने का और परचम एव्रेस्ट पर लहराने का। सरकार ने अब खेल में भी कैरियर प्रावधान लाया है,जरूरत है मजबूती से खेलने की। जाति ,धर्म, ऊंच, नीच छुआछूत से परे प्रेम भाईचारा समता समानता न्याय का जगह है खेल का मैदान। अब ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी कड़ी मेहनत के द्वारा ओलंपिक तक का सफर तय कर रहे हैं।

आगे अविनाश देव ने कहा कि हर संभव मदद के लिए हम खिलाडियों के साथ हैं। सभी की उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं हर खिलाड़ी मुकाम हासिल करें। मैच की कमेंट्री आफताब आलम सहित अन्य लोगों द्वारा किया गया। क्लब के सभी सदस्यों के सराहनीय योगदान के लिए हम भूरी भूरी प्रशंसा करते हैं।मौके पर मुकेश मिश्रा, शंकर पासवान, मोहम्मद असगर, दीपक मिश्रा,मो नदीम, सगीर, विश्वनाथ मिश्रा असलम अंसारी, जैदुल्लाह अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजपा परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों की जमात : कांग्रेस

**रांची :** कांग्रेस प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अपने आप को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा भाई, बेटा, पत्नी,और पुत्रवधू से ऊपर झारखंड में उठ न सकी। भाजपा परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों की जमात वाली पार्टी है। राज्य गठन के बाद से लंबे समय तक राज करने वाली भाजपा की हालत इतनी खराब हो गई कि राज्य के कई विधासभा में चुनाव लड़ने के लिए सक्षम कार्यकर्ता नहीं मिले। सिन्हा ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दूसरे दल के आयातित लोग को चुनावी मैदान में लाकर भाजपा ने साबित किया कि उनके दल में लोगों का टोटा है।

परिवारवाद की बात करने वाले भाजपा को जमशेदपुर पूर्वी सीट में वर्षो से संघर्ष कर रहे समर्पित नेता की जगह रघुवर दास की पुत्रवधू पूर्णिमा दास साहू को उम्मीदवार बनाना।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी की पहली लिस्ट जारी




**एजेंसी**

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है. इस सूची में कई प्रमुख नेताओं सहित 99 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है. पार्टी की पहली सूची में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नाम भी शामिल है. फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम सीट से भाजपा उम्मीदवार होंगे.पार्टी ने इस बार प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को भी उम्मीदवार बनाया है. बावनकुले को पार्टी ने कामठी से टिकट दिया है. 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने बावनकुले को टिकट नहीं दिया था, हालांकि पार्टी ने इस बार उन पर विश्वास जताया है।इसके साथ ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को पार्टी ने भोकर से चुनाव मैदान में उतारा है. पार्टी की पहली सूची में श्रीजया सहित 13 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया गया है. भाजपा की पहली सूची में छह अनुसूचित जनजाति और चार अनुसूचित जाति के उम्मीदवार शामिल हैं. इस सूची में पार्टी ने ज्यादातर मौजूदा विधायकों को फिर से मौका दिया है.साथ ही पार्टी ने शेलार परिवार को दो टिकट दिए हैं. मुंबई भाजपा के अध्यक्ष आशीष शेलार के भाई विनोद शेलार को भी मलाड वेस्ट से पार्टी ने टिकट दिया है.इसके साथ ही पार्टी ने कालिदास कोलंकर को वडाला विधानसभा से एक बार फिर मौका दिया है. कोलंकर लगातार नौंवी बार चुनाव मैदान में हैं और पिछले आठ चुनावों में उन्होंने जीत दर्ज की है.भाजपा ने पहली सूची में कई प्रमुख नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है. पार्टी ने सुधीर मुनगंटीवार को बल्लारपुर, श्रीजया अशोक चव्हाण को भोकर, संतोष रावसाहेब दानवे को भोकरदन, मिहिर कोटेचा को मुलुंड और राम कदम को घाटकोपर पश्चिम सीट से चुनाव मैदान में उतारा है.इसके साथ ही पार्टी ने आशीष शेलार को वांद्रे पश्चिम, मंगल प्रभात लोढा को मालबार हिल, चंद्रकांत पाटिल को कोथरूड, सुभाष देशमुख को सोलापुर दक्षिण और नितेश राणे को कंकावली से टिकट दिया है.